* * * *

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | गुरुवार, 21 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 243 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




पेज 8-9

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.2 | 10.2 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.4 |
| डालटनगंज | 24.0 | 07.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर भूचाल



मिमिक्री मामले पर पक्ष-विपक्ष सहित अब राष्ट्रपति ने भी अपनी प्रतिक्रिया दे दी है. इस तरह मिमिक्री मामला अभी सबसे हॉट टॉपिक बन गया है.

# सत्ता पक्ष : माफी मांगें सांसद, विपक्ष : डर रही सरकार

भाषा। नयी दिल्ली

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उसका वीडियो बनाया. इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया. सत्ता पक्ष ने इसकी तीखी निंदा की. वहीं, विपक्ष के नेतागण कह रहे कि सांसदों के निलंबन मामले व संसद सुरक्षा चूक पर सरकार कुछ बोलने से भाग रही है और बेकार के मुद्दे को सामने लाया जा रहा है और बेकार बहस हो रही है. वहीं, मामले पर भाजपा मुखर हो गयी है. हरियाणा सहित देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं. राहुल-कल्याण से माफी मांगने की मांग की जा रही है.




### लोकतंत्र का गला घोंट रही है सरकार: सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने संसद से 140 से अधिक विपक्षी सदस्यों के निलंबन को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है. बेकार के मुद्दे को उछाला जा रहा है.

## उपराष्ट्रपति के अपमान से व्यथित हूं : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि संसद परिसर में उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया,



उससे वह व्यथित हैं. निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए. राष्ट्रपति का यह बयान संसद की सीढ़ियों पर टीएमसी सांसद द्वारा धनखड़ की नकल उतारने के एक दिन बाद आया है.

### पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति को किया फोन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को उपराष्ट्रपति धनखड़ को फोन किया और संसद परिसर में कुछ सांसदों की ओर से 'अशोभनीय आचरण' करते हुए उनका मजाक उड़ाए जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया. साथ ही कहा कि वह भी कई बार ऐसे अपमान झेल चुके हैं. हमारे सांसदों को शालीन व्यवहार करना चाहिए.

### निलंबित सांसदों पर कोई चर्चा नहीं हो रही : राहुल

इस मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष के करीब 150 सांसदों को संसद से बाहर फेंक दिया गया, लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है. अपमान किसने किया, कैसे किया? वहां सांसद बैठे थे, मैंने उनका वीडियो लिया. मेरा वीडियो मेरे फोन में ही है. मीडिया दिखा रहा है, मीडिया कह रहा है, मोदी जी कह रहे हैं. अडाणी जी पर कोई चर्चा नहीं हो रही है.

### हम सभी का सम्मान करते हैं : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारे जाने के मुद्दे को कोई तवज्जो नहीं देते हुए बुधवार को कहा कि इसका मकसद उनका अपमान करना नहीं था. वहीं,



कल्याण बनर्जी ने कहा कि उनका इरादा किसी को आहत करने का नहीं था. हालांकि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कोई माफी नहीं मांगी. उन्होंने पीएम मोदी को भी निशाने पर लिया.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### लालू-तेजस्वी को ईडी का समन

**नयी दिल्ली।** ईडी ने 'रेलवे में नौकरी के बदले जमीन' धनशोधन मामले की जांच में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पिता व राजद प्रमुख लालू प्रसाद को पूछताछ के लिए तलब किया है. तेजस्वी को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं लालू को पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कराने के लिए 27 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए कहा गया है.

### शेयर बाजार लुढ़का सेंसेक्स 931 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव रहा. मानक सूचकांक शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचे थे, लेकिन बाद में मुनाफा वसूली का सिलसिला चला और अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 1.30 प्रतिशत से ज्यादा के नुकसान के साथ बंद हुए. बीएसई सेंसेक्स 930.88 अंक टूटकर बंद हुआ.

### कोल इंडिया एमसीएल के सीएमडी बने उदय

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार उदय ए काओले ने संभाल लिया है. काओले इससे पहले भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के निदेशक (तकनीकी) थे.

### श्रेयस तलपड़े स्वस्थ अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई।** अभिनेता श्रेयस तलपड़े को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है. श्रेयस की पत्नी दीप्ति तलपड़े ने बुधवार को यह जानकारी दी. श्रेयस को कुछ दिन पहले दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उनकी यहां एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है. श्रेयस (47) ने गुरुवार 14 दिसंबर को बेचैनी की शिकायत की थी और वह अपने घर में बेहोश हो गए थे.

**झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र, चौथा दिन**

**पुराने स्वरूप में ही**

# 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति दोबारा पास

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यपाल और भाजपा पर दबाव बढ़ा दिया है. सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर राज्यपाल की आपत्ति और सुझाव को दरकिनार करते हुए पुराने स्वरूप में ही इसे दूसरी बार सदन से पास करा लिया. हेमंत सरकार ने झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की पारिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के विधयेक 2022 को राज्यपाल के संदेश के साथ पुनः सदन में पेश किया और विपक्ष के विरोध और आपत्ति के बीच इसे सदन से पारित करा लिया. अब इस विधयेक को पुनः राज्यपाल के पास भेजा जाएगा. बतातें चलें कि 11 नवंबर 2022 को राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सदन से इसे पारित कर नौवीं अनुसूची में इसे शामिल कराने के लिए राजभवन भेजा था. लेकिन पहली दफा तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने 29 जनवरी को बिना संदेश के और वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संदेश के साथ 3 दिसंबर को वापस कर दिया था. इसमें राजभवन ने अटार्नी जनरल से सलाह -मशविरा कर सरकार को सुझाव और आपत्ति दर्ज करायी थी. लेकिन राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सारे सुझावों और आपत्तियों को दरकिनार करते हुए बुधवार को पुराने स्वरूप में इसे सदन में रखा और ध्वनि मत से पारित करा दिया.

**मुख्यमंत्री ने राज्यपाल और अटॉर्नी जनरल के हर तर्क को किया खारिज :** सदन में विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछली बार विपक्ष ने भारी मन से ही सही, इसका समर्थन किया और बाद में राजभवन जाकर राज्यपाल को कान भरने का काम किया और इसे लटकाए रखा.

- शेष पेज 13 पर

## राज्यपाल की आपत्ति और सुझाव दरकिनार

**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा : विपक्ष सदन में करता है समर्थन और बाहर राज्यपाल की कान भरता है**

**नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा : सरकार की नीति आउडेटेड चेक, भाजपा देगी 1932 खतियान नीति**





### सुप्रीम कोर्ट के जिन दो फैसलों को आधार बनाया,वे प्रासंगिक नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने अपने संदेश के साथ अटॉर्नी जनरल का वैधिक परामर्श भी दिया है और उसके अनुसार विधेयक पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है. अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श की कंडिका-9 से 15 में स्थानीयता की परिभाषा एवं उसके आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को पूरी तरह से जायज ठहराया है एवं राज्य के प्रयास की सराहना की है. मगर विधेयक की धारा-6 पर परामर्श के लिए अटॉर्नी जनरल ने जिस चिबलू लीला प्रसार रेओ बनाम आंध्रप्रदेश और सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को अपना आधार बनाया है, वे दोनों फैसले वर्तमान विधेयक के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नहीं हैं. उक्त दोनों आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी है कि संविधान की पांचवी अनुसूची की कंडिका-5 (1) में राज्यपाल को कानून बनाने या उसमें संशोधन करने का अधिकार प्राप्त नहीं है. संविधान के अनुच्छेद-309 के तहत नियम बनाने की यह शक्ति राज्य की विधानसभा को प्राप्त है. इस कारण हमलोगों ने विधेयक बनाने और इस पर विधानसभा की सहमति प्राप्त करने का और उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया.

### 'अटॉर्नी जनरल का परामर्श युक्तिसंगत नहीं'

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटॉर्नी जनरल द्वारा जिन अन्य आदेशों का उल्लेख किया गया है, उनमें से कई पिछड़े वर्ग को आरक्षण उपलब्ध कराने से है. वर्तमान विधेयक का उद्देश्य स्थानीयता परिभाषित करना एवं उसके आधार पर स्थानीय को रोजगार सहित अन्य लाभ प्रदान करना है. इस प्रकार इन सभी मामलों में पारित आदेश का वर्तमान विधेयक से किसी प्रकार का संबंध स्थापित नहीं होता है. अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में यह भी उल्लेख नहीं किया है कि कई राज्यों द्वारा विभिन्न वर्गों को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराने का प्रावधान भी नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिए जाने के फलस्वरूप ज्यूडिशियल रिव्यू से सुरक्षित हो चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में वर्ग 4 के लिए तो विधेयक के प्रावधान को संवैधानिक प्रावधानों के अनुकूल पाया है, परंतु वर्ग 3 के मामलों में उनकी राय ऐसी नहीं है, जबकि वस्तुस्थिति यह है कि सभी प्रांतों में और राष्ट्रीय स्तर पर भी सामान्यतः वर्ग 3 और वर्ग 4 श्रेणी के नौकरियों को एक श्रेणी में रखा जाता है.



### नीयत सही, तो कैबिनेट से निर्णय लेकर अध्यादेश जारी करे : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार की नीयत युवाओं को नौकरी और हक देना नहीं है, बल्कि उन्हें कानूनी पचड़े में फंसाना है. आप बहुमत में हैं, तो कैबिनेट की बैठक बुलाकर ऑर्डिनेंस जारी कर इसे लागू कर सकते हैं. यह विषय केंद्र का नहीं, बल्कि पूरी तरह से राज्य का है. फिर सरकार इसे केंद्र के मत्थे धकेल कर इसे कानूनी पचड़े में फंसाना चाहती है. हमारी पूर्व की रघुवर सरकार ने जो स्थानीय और नियोजन नीति लायी, उसे सदन में नहीं लाया गया, कैबिनेट से ही निर्णय लेकर लागू कर दिया. उस नीति से हजारों युवाओं को नौकरी मिली, जिसमें 90 % स्थानीय युवा शामिल थे. सरकार की यह नीति एक आउटडेटेड चेक है. भाजपा सत्ता में आयी, तो हम देंगे राज्य की जनता को 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति.

**अर्जुन पुरस्कारों की घोषणा**

## सात्विक-चिराग को खेलरत्न पुरस्कार



**भाषा।** नयी दिल्लीभारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को वर्ष 2023 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा. वहीं वनडे क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा एशियाई खेलों की चैम्पियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में नौ जनवरी को आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू प्रदान करेंगी. उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली समिति ने जिन नामों की अनुशंसा की थी, उसके आधार पर भारत की नंबर एक बैडमिंटन पुरुष युगल टीम चिराग-सात्विक को सर्वोच्च खेल सम्मान का फैसला किया गया.

**शमी और शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार**



## मॉब लिंचिंग पर फांसी, देश के खिलाफ बोला तो जेल

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक 2023, साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक 2023 को बुधवार को चर्चा के बाद मंजूरी दे दी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस तीन नये क्रिमिनल लॉ बिल पर चर्चा की. इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कानूनों के अनुसार मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए मौत की सजा का प्रावधान होगा. केंद्र सरकार का कहना है कि नये विधेयकों का उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पुनर्जीवित करना है, इसमें दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है.

गृहमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार राजद्रोह की जगह देशद्रोह लेकर आयी हैं. उन्होंने बताया कि

**तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा से पास**



आईपीसी की ओर से पूर्व में राजद्रोह कानून को सरकार के खिलाफ कार्य करने के रूप में परिभाषित किया था. लेकिन बीएनएस के प्रावधान उन लोगों पर प्रभावी होंगे, जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा को प्रभावित करेंगे. गृह मंत्री अमित शाह का कहना था कि सरकार की आलोचना तो कोई भी कर सकता है. सरकार की आलोचना करने पर किसी को जेल नहीं भेजा जायेगा. लेकिन कोई भी देश के खिलाफ बोल नहीं पाएगा.

## झारखंड आरक्षी परीक्षा के लिए निकलीं 4919 रिक्तियां

संवाददाता। रांची

● जेएसएससी ने जारी की अधिसूचना

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इसमें कुल 4919 पदों के लिए परीक्षा ली जायेगी. परीक्षा फॉर्म 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक अभ्यर्थी भर सकते हैं. वहीं 16 फरवरी 2024 को फी जमा करने की अंतिम तिथि और 18 फरवरी 2024 को सिग्नेचर अपलोड करने की अंतिम तिथि है. परीक्षा शुल्क सौ रुपये निर्धारित किए गए हैं. फॉर्म भरने के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भर सकते हैं.

**नियमित नियुक्ति :** रांची 76, खूंटी 86, सिमडेगा 103, गुमला 12, हजारीबाग 212, कोडरमा 42, चतरा 50, गिरिडीह 452 रामगढ़ 200, बोकारो 136, धनबाद 337, पलामू 44, लातेहार 112, दुमका 164, जामताड़ा 52, देवघर 343 , गोड्डा 46, साहिबंगज 131, पश्चिमी सिंहभूम 322, सरायकेला खरसावां 305, जेएपीटीसी 10, रेल धनबाद 244, जेड़ब्ल्यूएफएस 14, सीटीसी 52, रेल जमशेदपुर 254.

**रिक्त (बैकलॉग) :** खूंटी 27, गुमला 51, लोहरदगा 123, हजारीबाग 146, कोडरमा 17, चतरा 127, पलामू 148, लातेहार 50, गढ़वा 4 , पाकुड़ 49, पूर्वी सिंहभूम 288, जेपीएम 6, रेल धनबाद 43,जेड़ब्ल्यूएफएस 20, सीटीसी 20, रेल जमशेदपुर 01.

**विडंबना** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में आया मामला, तो विभाग ने लिया संज्ञान

## आजादी के 76 साल बाद कोढिया पट्टी में बिजली आने की जगी आस

अमित सिन्हा/रंजीत सिंह। धनबाद

आजादी के 76 साल बाद भी धनबाद के भौरा क्षेत्र में वार्ड नं 39 के अंतर्गत 7 नंबर, इंदिरा आवास, कोढिया पट्टी के लोगों को बिजली नसीब नहीं हुई है. देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और यहां के करीब 60 परिवार आज भी अंधेरे में रहने को विवश हैं. लेकिन लगता है अब जल्द ही यहां बिजली आएगी. झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में इस समस्या को गंभीरता से उठाया गया. इसमें जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने भौरा स्थित कोढिया पट्टी में बिजली न होने की बात बतायी थी. इस पर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने मामले की जांच करायी. महाप्रबंधक ने बताया कि उक्त बस्ती बीसीसीएल की जमीन पर बसा हुआ है, इसलिए अब तक बिजली नहीं दी गयी थी. वहीं उन्होंने बताया कि इस बस्ती के लोगों को अब ज्यादा दिन अंधेरे में नहीं रहना होगा. मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कोढिया पट्टी वालों को बिजली दी जाएगी.

**खास बातें**

- बिजली विभाग के महाप्रबंधक ने मामले की जांच करायी
- मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलेगा बिजली कनेक्शन



### क्या है मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना

मुख्यमंत्री ने राज्य में पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया है. इसके तहत 1485.39 करोड़ की योजना तैयार की गयी है. योजना के तहत चिह्नित गांव-टोले तक बिजली पहुंचाने का काम होगा. 10060 सर्किट किलोमीटर 11 केवी ओवरहेड लाइन, 1451 सौ केवीए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर, 63 केवीए क्षमता के 2588 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर और 25 केवीए क्षमता के 4899 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे.

### लोगों ने कहा- घरों में बिजली की रोशनी नहीं देखी है









यहां के लोगों का कहना है कि जन्म से अबतक कभी घरों में बिजली की रोशनी नहीं देखी है. नगर निगम क्षेत्र के इस बस्ती के बच्चे सिर्फ दिन में ही पढ़ाई करते हैं. रात में पढ़ाई करना इनके लिए संभव नहीं है. स्थानीय 68 वर्षीय राम चंद्र रविदास ने बताया कि वह जन्म से इसी बस्ती में रह रहे हैं, लेकिन आजतक यहां बिजली नहीं आयी है. स्थानीय पार्षद और विधायक चुनाव के समय वायदों की छड़ी लगा देते हैं, पर आज तक हमारे बस्ती में बिजली नहीं लगवा पाए हैं. बेबी देवी ने बताया कि वह 30 वर्षों से यहां रह रही है. घरों में कभी बिजली जलते नहीं देखा है. बच्चे दिन में पढ़ाई करते हैं. रात में मोमबत्ती की रोशनी में घर का काम करना पड़ता है. बिजली नहीं होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 708 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम पूरा

# उग्रवाद प्रभावित इलाकों में 43 सड़कों का निर्माण पूरा, 19 पुल भी बने

संवाददाता । रांची

झारखंड के उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सड़कों का निर्माण तेजी से हो रहा है. राज्य के बोकारो, चतरा, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, रांची, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में 43 सड़क और 18 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. इन इलाकों में 450 किलोमीटर सड़क और 52 पुलों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है.

#### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भी पकड़ी रफ्तार

राज्य में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भी रफ्तार पकड़ ली है. दरअसल इस योजना के तहत वैसी जगह पर सड़क बनायी जाती है, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी केंद्रीय योजना मद से सड़कें नहीं बन रही हैं. राज्य सरकार खुद अपने बलबूते मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना चला रही है. इस योजना के तहत राज्य सरकार ने 2000 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य रखा था, जिसमें 708.917 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो गया है.



#### 11 हजार किलोमीटर सड़क होगी दुरुस्त

ग्रामीण विकास विभाग ने 11 हजार किलोमीटर सड़क को दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा है. इसमें कहा गया है कि राज्य में जो भी सड़कें जर्जर हैं, उन्हें दुरुस्त किया जायेगा. पहले चरण में 10 वर्ष से ऊपर की बनी सड़कों को चिह्नित किया गया, जिसमें करीब 11 हजार 82 किलोमीटर सड़कें हैं. इसके बाद 5 साल पहले की बनी ग्रामीण सड़कों को भी दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया है. जिसके लिए विभाग द्वारा तैयारी पूरी की जा रही है.

#### पीएम ग्राम सड़क योजना के चार फेज के सड़क निर्माण का काम पूरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहले 1900 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 1729 किलोमीटर सड़क का कार्य पूरा हुआ था. इसके बाद 621 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य था, जिसमें 389 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है. अब तक इस योजना के तहत चार फेज में सड़कों का निर्माण कार्य हो चुका है.

### नहीं मिल रहा एक लाख चार हजार करोड़ रुपये का हिसाब

# सरकारी विभागों के 40064 योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र ही नहीं

रवि भारती। रांची

एक ओर राज्य सरकार बजट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों से खर्च का ब्योरा के साथ विभिन्न स्कीमों की जानकारी भी मांगी है. दूसरी ओर 2012 से लेकर अब तक सरकारी विभागों ने 40064 स्कीमों का उपयोगिता प्रमाण पत्र ही नहीं दिया है. इस वजह से सरकार को एक लाख चार हजार करोड़ रुपए का हिसाब नहीं मिल पा रहा है. दरअसल सरकार विकास योजनाओं के लिए लगातार राशि जारी कर रही, लेकिन विभागों ने योजनाओं में कितना खर्च किया, इसका अब तक ब्योरा नहीं दिया है. वित्त विभाग के रिमांडर के बावजूद विभागों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं सौंपा गया है.

**क्या है राज्य सरकार का निर्देश :** सरकार ने निर्देश दिया है कि वित्त विभाग द्वारा बार-बार रिमाइंडर देने के बावजूद लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र समर्पित नहीं किया जाना यह दर्शाता है कि आपके विभाग द्वारा इस संबंध में गंभीर प्रयास नहीं किया गया. इसे तत्काल ऑनलाइन जमा करने का निर्देश दिया गया है.



**सबसे अधिक राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इन विभागों में है लंबित**

**14361** ग्रामीण विकास विभाग

**611** कृषि विभाग

**9234** ऊर्जा विभाग




**क्या है उपयोगिता प्रमाण पत्र**

उपयोगिता प्रमाण पत्र यानी खर्च का सही हिसाब-किताब. इसे दिए बिन आगे की राशि नहीं दी जाती है. रुपये प्राप्त करने वाले पदाधिकारी-विभाग के लिए यह नियम है कि वे ट्रेजरी कोड के तहत प्रपत्र भर के उपयोगिता प्रमाण पत्र एक साल के अंदर जमा कर दें कि कितनी राशि खर्च हुई है और कितनी बची है. इसकी प्रति एजी झारखंड को भेजनी होती है. उपयोगिता प्रमाण पत्र वित्तीय प्रबंधन की पारदर्शिता को स्थापित करता है.

## ब्रीफ खबरें

### नए वैरिएंट से डरने की जरूरत नहीं : बन्ना

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कोरोना के नए वैरिएंट जेएन वन से झारखंड के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है. इस मसले पर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की. बैठक के बाद बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्यों के लिए जो एडवाइजरी जारी की गई है, उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा. झारखंड के लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है. अभी तक इसका एक भी मामला हमारे राज्य में नहीं है.

### 21 दिसंबर को धुर्वा डैम में राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल

**रांची ।** डीसी राहुल कुमार के निर्देश पर समाहरणालय में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज को लेकर अपर समाहर्ता रांची राजेश कुमार बरवार की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में राजेश कुमार बरवार ने कहा कि आपदा को लेकर हम कितने तैयार हैं, आपदा आने पर इससे कैसे निपटा जाए इसके लिए मॉक एक्सरसाइज आवश्यक है. जिससे हम आपदा आने पर जान-माल की सुरक्षा भी कर पाएं. अपर समाहर्ता ने इस बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि 21 दिसंबर को धुर्वा डैम में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है.

### अमित अग्रवाल की बेल पर सुनवाई पूरी

**रांची ।** पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. बुधवार को सीबीआई और अमित अग्रवाल के अधिवक्ता की ओर से बहस पूरी होने के बाद अब अदालत के फैसले का इंतजार है. दरअसल पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस की जांच ईडी कर रही है. ईडी ने जो केस दर्ज किया है, उसमें झारखंड हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपी हैं.

### ईडी ने कपिल राज का कार्यकाल बढ़ाया

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) रांची जोन के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज का कार्यकाल एक साल ( 12 दिसंबर 2024) तक बढ़ा दिया है. इसको लेकर बुधवार को मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू ईडी सेक्शन के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है. वर्तमान में कपिल राज झारखंड में अवैध खनन घोटाला, जमीन घोटाला, विधायक कैश कांड सहित झारखंड के कई सनसनीखेज मामलों की जांच की मॉनिटरिंग कर रहे हैं.

### सीएम से मिले सीसीएल के सीएमडी



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी ने विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री के कक्ष में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. उन्होंने सीसीएल के कोल खनन और उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान की दिशा में राज्य सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया. कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से सीसीएल ने 2023- 24 में कोल उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसे हासिल करने में सफल होगा.

### सीएम से मिले केवी के स्टूडेंट्स



**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखने पहुंचे थे. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान सीएम ने विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी. विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया. सीएम ने लोकतंत्र और विधानसभा को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा की सराहना की.

सिपाही से एएसआई प्रमोशन मामला

### अजीत कुमार राय व राजीव सिन्हा की ओर से बहस पूरी

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई. बुधवार को राजीव सिन्हा और अजीत कुमार राय की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की. जिसके बाद अदालत ने अन्य प्रतिवादियों की बहस सुनने के लिए 3 जनवरी की तिथि निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई.

### निशिकांत दुबे की याचिका निष्पादित सरकार को निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर ऐयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा शुरू करने को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है. अदालत ने 19 सितंबर को सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. बुधवार को अदालत ने राज्य सरकार को एक महीने में सभी भवन मालिकों को मुआवजा का भुगतान करने का निर्देश दिया. साथ ही मुआवजे की राशि 25 प्रतिशत बढ़ा दी.

## आपकी बात



"योग हमें बिना किसी दवाई के स्वस्थ रखता है. योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर निरोग रह सकते हैं."

**नाम : मिथिलेश कु. गुप्ता**
**पद** : लोको पायलट सह योग प्रशिक्षक
**जन्मस्थल :** कोडरमा
**कार्यक्षेत्र :** झारखंड समेत अन्य राज्य

श्री मिथिलेश राम गुप्ता भारतीय रेलवे में लोको पायलट के पद पर कोडरमा में कार्यरत हैं. सरकारी सेवा के अलावा खाली वक्त में वह लोगों को योग का प्रशिक्षण भी देते हैं. उनकी योग में रुचि धनबाद पदस्थापना के समय हुई. बात उन दिनों की है, जब वह लो प्रेशर, गम ब्लीडिंग, अस्थमा, एलर्जी, घुटने में दर्द से पीड़ित रहते थे. साथ ही नींद में जोर-जोर से खर्राटे लेने की भी आदत थी. तब उन्हें पतंजलि योग समिति से जुड़ने का मौका मिला. यहां से मिथिलेश राम गुप्ता ने योग का गहन प्रशिक्षण लिया. नियमित योग करने का ही सुखद परिणाम रहा कि वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गए. मिथिलेश वर्ष 2012 से लोगों को योग से जुड़ने की प्रेरणा और प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं. वर्तमान में उनकी उम्र 57 वर्ष है. इसके बावजूद वह योग के माध्यम से पूरी तरह निरोग हैं. कोडरमा में पदस्थापना के बाद वह स्थानीय सीएच स्कूल, हरिहर योग आश्रम, एडी बांग्ला दुर्गा मंदिर, गुझंडी लोको पायलट ट्रेंनिंग स्कूल, राम लखन सिंह कॉलेज ग्राउंड आदि संस्थानों में योग, फिजिकल फिटनेस, प्राणायाम एवं योग से उपचार तथा आयुर्वेद से संबंधित प्रशिक्षण लगातार लोगों को दे रहे हैं. इसी साल उन्हें झारखंड स्टेट योगासन चैंपियन होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर योगासन प्रतियोगिता पाली राजस्थान में प्रदर्शन करने का मौका मिला. इसमें वह भारत के टॉप 10 खिलाड़ी बने. अभी वह वर्ल्ड योगासन कोच हैं. मिथिलेश राम गुप्ता कहते हैं कि कि योग हमें पूर्ण रूपेण बिना किसी दवाई के स्वस्थ रखता है. योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर निरोग रह सकते हैं.

# जेलों के 297 कक्षपालों की वरीयता सूची जारी

संवाददाता। रांची

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के विभिन्न जेलों में पदस्थापित 297 कक्षपालों की वरीयता सूची जारी की है. जेल आईजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि काराधीक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से प्राप्त अनुशंसा को संदर्भित करते हुए राज्य के जेल में कार्यरत कक्षपाल की वरीयता सूची जारी की गयी है. वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 10 दिनों के अंदर कारा निरीक्षणालय ऑफिस को सूचित कर सकते हैं.

#### भूतपूर्व सैनिक जेलों में संभाल रहे सारा काम

झारखंड के जेलों में आये दिन आपत्तिजनक सामग्रियां मिलती हैं. इससे जेलों की सुरक्षा व्यवस्था की किरकिरी हो रही है. जेल प्रबंधन पर तरह-तरह के आरोप लगते रहे हैं. जबकि हकीकत यह है कि ऐसी सामग्रियों को रोकने के लिए जेलों में कक्षपाल होते हैं. कक्षपालों का पद सृजित तो है, लेकिन उनकी जगह भूतपूर्व सैनिक उनका काम देख रहे हैं. जेलों में मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री पहुंचने से रोकने की पूरी जिम्मेदारी भी इन्हीं पर है.

CLASSIFIED




























### हाईस्कूल टीचर की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं

# नियुक्ति विज्ञापन निकले गुजरे 6 साल सिर्फ 12371 पदों पर ही हो सकी बहाली

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के हाई स्कूलों में शिक्षकों के 17786 पदों पर वर्ष 2016 में नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया था. लेकिन इन पदों के खिलाफ अबतक कुल 12371 पदों पर ही नियुक्ति हो पाई है. छह साल गुजर जाने के बाद भी झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने हाई स्कूल टीचर की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पायी है. बाकी बचे पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल ही रही है.

**क्या है वजह :** राज्य सरकार की नियुक्ति नीति स्पष्ट नहीं होने के कारण नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी. नियुक्तियां नहीं हो पाई है व जिनकी नियुक्तियां भी हुई हैं, उसके कट ऑफ उसके बाद जारी की जा रही है. हाईकोर्ट में सत्यजीत कुमार व अन्य बनाम झारखंड राज्य और अन्य वाद में दो अगस्त 2022 को पारित आदेश के अनुपालन में स्टेट मैरिट लिस्ट के आधार पर नियुक्ति की कार्रवाई की जानी है, लेकिन हल के दिनो में हुई नियुक्तियों के बाद भी आयोग ने स्टेट मेरिट लिस्ट जारी नहीं किया है. दरअसल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसा सूची तैयार कर नियुक्ति के संबंध में विचार के लिए विभाग को भेजी जाती है. विभाग द्वारा अनुशंसा जिला को भेजी जाती है व जिलास्तरीय स्थापना समिति के निर्णय के बाद नियुक्ति की कार्रवाई की जाती है.

### स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत सिर्फ 6414 कर्मी कर रहे काम

**रांची।** झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ 6414 पदों पर ही कर्मचारी काम कर रहे हैं. यानी स्वीकृत पद के लगभग 33% पदों पर ही कर्मचारी हैं, 67 फीसदी पद खाली हैं. सदन में विधायक नीरा यादव के पूछे सवाल पर स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी है. नीरा यादव ने सरकार से यह भी कहा कि कोडरमा में चिकित्सा पदाधिकारी ने 2022 से अब तक आउटसोर्सिंग में की गयी नियुक्ति में भारी गड़बड़ी की है. इसपर सरकार ने जवाब दिया कि नियमित स्वीकृत पद पर आईपीएच मानक के आधार पर आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति हुई है.



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 21 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 243 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### डॉ. सुनील चंद्र दुबे बने बीएयू के नए कुलपति

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डॉ. सुनील चंद्र दुबे को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर नियुक्त किया है. वर्तमान में डॉ. सुनील चंद्र दूबे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में पौधा संरक्षण और जैव सुरक्षा सहायक महानिदेशक के पद पर पदस्थापित हैं. राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी कर दिया गया है.

### आज निकलेगी भूमि अधिकार न्याय यात्रा

**लातेहार।** फोरलेन विस्थापन संघर्ष समिति द्वारा 21 दिसंबर को भूमि अधिकार न्याय यात्रा निकाली जाएगी. न्याय यात्रा प्रातः 10 बजे एनएच-75 पर जोगनाटांड़ ग्राम में शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहां से यह न्याय यात्रा निकाली जाएगी. इसके बाद होटवाग, डुंड़गी व करकट होते हुए शहर के मुख्य पथ पर समाहरणालय तक पहुंची. यहां समाहरणालय के समक्ष धरना दिया जाएगा.

### खलिहान में भीषण आग से भारी नुकसान

**डंडई (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के रारो गांव में बुधवार को एक खलिहान में भीषण आग लग गयी. इसमें तीन किसानों समेत जिला परिषद सदस्य का पुआल का कई ढेर व एक सौ धान का बोझा जलकर राख हो गया. आग की लपटें और धुआं देखकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और मोटर पाइप और डीजल पंप से आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किया, लेकिन पुआल की ढेर धू-धूकर जल गये.

### जमशेदपुर डीसी को कोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** देवघर के तत्कालीन डीसी और फिलहाल जमशेदपुर के डीसी के पद पर तैनात मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार कोअदालत ने देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 जनवरी की तिथि निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में आईएएस भजंत्री की याचिका पर सुनवाई हुई.

### चौक-चौराहों पर लगाया पोस्टर, पुलिस ने उखाड़ा

**किरीबुरु/मनोहरपुर।** भाकपा माओवादियों ने सारंडा के छोटानागरा थाना अंतर्गत तितलीघाट चौक व मनोहरपुर के मीना बाजार क्षेत्र में पोस्टर लगाए हैं. पोस्टर साटे जाने की सूचना मिलते ही छोटानागरा पुलिस घटनास्थल से सारे पोस्टर उखाड़ कर ले गयी. पोस्टर साटे जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. बताया जा रहा है कि पोस्टर में झारखंड व कोल्हान मुक्त के नाम पर आदिवासियों व जनता पर पुलिस दमन अभियान के खिलाफ 16 से 21 दिसंबर तक प्रचार आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गयी है. सरकार व पुलिस के खिलाफ अन्य बातें लिखी गयी हैं.

### सीबीआई टीम ने पत्थर खदानों का लिया जायजा

**साहिबगंज।** अवैध खनन मामले की जांच के लिए साहिबगंज पहुंची सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने बुधवार को पत्थर खदानों का जायजा लिया. टीम सुबह 9:40 बजे सर्किट हाउस से निकल कर डीएमओ विभूति कुमार के साथ सीधे मंडरो प्रखंड के सिमरिया मौजा में दो पहाड़ों पर स्थित पत्थर खदानों में पहुंची और बारीकी से मुआयना किया. सीबीआई अधिकारियों ने प्राप्त दस्तावेजों व नक्शा के आधार पर डीएमओ से पूरे इलाके की जानकारी ली. इसके बाद टीम वापस साहिबगंज लौट आई. ज्ञात हो कि टीम सोमवार की देर रात साहिबगंज पहुंची थी. सर्किट हाउस में रात बिताने के बाद मंगलवार को टीम ने सुबह 11.13 बजे शोभनपुर भट्ठा स्थित दाहू यादव के घर व बथान पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की थी. टीम ने करीब 40 मिनट तक वहां रुककर जानकारी जुटाई थी.

# नयनदीप अस्पताल घोटाले में डीसी ने दिए जांच के आदेश

- सिविल सर्जन जांच कर डीसी को सौपेंगे रिपोर्ट

शुभम संदेश **इंपैक्ट**

संवाददाता। धनबाद

आयुष्मान कार्ड से मोतियाबिंद का आपरेशन कर हर मरीज से ढाई हजार रुपये की अवैध कमाई मामले पर एक्शन लिया गया है. धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन ने जांच के आदेश जारी किए हैं. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तलब की है. धनबाद सिविल सर्जन डॉ. सीवी प्रतापन नयनदीप अस्पताल की गड़बड़ियों की पड़ताल कर उपायुक्त को रिपोर्ट सौपेंगे. इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी. बताते चलें कि शुभम संदेश ने इस मामले को लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की है, अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वालों को फेको पद्धति से ऑपरेशन करने का पैसा लिया जाता है, जो 7500 रुपये है, जबकि एसआइसीएस पद्धति से ऑपरेशन कर दिया जाता है. इसके अलावा कई अन्य अनियमितताएं हैं, इनकी भी पड़ताल होनी है.


नयनदीप आई हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से होने वाले ऑपरेशन में गड़बड़झाला

मोतियाबिंद के ऑपरेशन में करोड़ों का घोटाला

- फेको पद्धति से आपरेशन की रकम लेकर एसआइसीएस पद्धति से कर रहे ऑपरेशन
- दोनों पद्धति में 2500 रुपये का अंतर, रोज औसतन 40 मरीजों का हो रहा ऑपरेशन

अप्रूवल से पहले भी हो जाते हैं ऑपरेशन

मरीज तलाशने हर दिन निकलते हैं 8-10 वाहन

जालान की जगह बीरेंद्र करते हैं ऑपरेशन

क्या है फेको पद्धति

क्या है एसआईसीएस

साल भर में हो गया करोड़ों का हेरफेर

डॉक्टर ने नहीं उठाया फोन

आयुष्मान से जुड़ने वाला पहला आई हॉस्पिटल

कार्रवाई या निगहबानों की भी होगी हिस्सेदारी

शुभम संदेश में 20 दिसंबर 2023 को प्रकाशित खबर


धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन.

## पूर्व में भी नयनदीप अस्पताल में पकड़ी गयी थी गड़बड़ी

### गड़बड़ी करने वाले अन्य अस्पतालों की भी होगी पड़ताल

धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. सीवी प्रतापन ने बताया कि पूर्व में भी नयनदीप अस्पताल ऐसे ही आरोपों के कारण आयुष्मान कार्ड से मरीजों के इलाज करने वाले अस्पतालों की सूची से हटाया गया था. फिर इस तरह की गड़बड़ी की बात सामने आयी है. जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि नयनदीप अस्पताल के खिलाफ पूर्व से ही आयुष्मान योजना की केंद्रीय टीम जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से जुड़े सभी अस्पतालों की जांच पड़ताल की जाएगी. गड़बड़ी करने वाले कोई भी अस्पताल बख्शे नहीं जाएंगे.



# दो मेगा प्रोजेक्ट से बदलेगी झारखंड की तस्वीर

## रांची रेलवे स्टेशन और साहिबगंज मनिहारी केबल स्टे ब्रिज से मिलेंगी कई सुविधाएं





- 2024 के अक्टूबर में पूरा होगा साहिबगंज से मनिहारी केबल स्टे ब्रिज का काम
- 2025 में रांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का काम भी पूरा हो जाने की उम्मीद

रवि भारती। रांची

दो मेगा परियोजनाओं से झारखंड की तस्वीर बदलेगी. इसमें साहिबगंज - मनिहारी केबल स्टे -ब्रिज और रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास शामिल है. झारखंड और बिहार सरकार साहिबगंज -मनिहारी केबल स्टे -ब्रिज परियोजना पर एकसाथ काम कर रही है. अक्टूबर 2024 तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जायेगा. छह किलोमीटर लंबे इस पुल को दुनिया के तीसरे सबसे लंबे प्रत्यर्पण पुल के रूप में नामित किया गया है. इस प्रोजेक्ट पर 1900 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. बताते चलें कि झारखंड के साहिबगंज को बिहार के मनिहारी से जोड़ने वाली गंगा नदी पर एक नए पुल को पूरा करने के लिए मिलकर दोनों सरकार काम कर रही है. इस परियोजना में मनिहारी बाईपास का निर्माण और एनएच-131 ए का चौड़ीकरण भी शामिल है, जो पूर्वोत्तर भारत के लिए एक रणनीतिक कनेक्शन भी प्रदान करेगा. बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला पुल पर यातायात का दबाव भी कम होगा. इसके निर्माण में 2,750 से अधिक श्रमिक लगे हुए हैं.

### फुट ब्रिज से जुड़ेगा टर्मिनल भवन

नए टर्मिनल भवन से यात्री आसानी से प्लेटफॉर्म नंबर पांच तक पहुंच सकेंगे. एक फुटब्रिज से अन्य टर्मिनल भवन भी जुड़ा होगा. इस परियोजना को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. एलिवेटेड कॉन्कोर्स टॉयलेट की सुविधा भी यात्रियों को उपलब्ध करायी जाएगी. साथ ही कैफे और रेस्तरां के अलावा अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी यात्रियों को मिलेंगी.

### रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तर्ज पर होगा विकसित

रांची रेलवे स्टेशन आने वाले दिनों में एयरपोर्ट की जरह नजर आएगा. यह भोपाल शहर स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन हबीबगंज की तर्ज पर विकसित होगा. प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2060 में उमड़ने वाले यात्रियों की अनुमानित संख्या संख्या में ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. वर्ष 2060 में स्टेशन में हर दिन 1 लाख 38 हजार से अधिक यात्रियों के पहुंचने का अनुमान है. जबकि वर्ष 2030 तक करीब 54 हजार और 2050 तक यात्रियों की संख्या एक लाख तक पहुंचने की उम्मीद है. वर्ष 2019-20 के आंकड़ों के अनुसार रांची स्टेशन पर हर दिन औसतन करीब 39 हजार यात्री ट्रेनों में सफर करने के लिए पहुंचते हैं. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची स्टेशन को


विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है. योजना का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना और यात्री अनुभव और यात्रा आराम को बढ़ाना है.

**2025 में रांची रेलवे स्टेशन होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस :** वर्ष 2025 तक रांची रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. पूरे प्रोजेक्ट पर 447 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे. इसके तहत दो-तीन मंजिला टर्मिनल भवन का निर्माण किया जाएगा. यात्रियों के लिए 10 लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध होगी. 17 एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे. एक पार्सल हैंडलिंग सिस्टम और एक ऊंचे कॉन्कोर्स का निर्माण भी होगा.

## मोरहाबादी में होगा समारोह, 9 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरी




विशेष संवाददाता। रांची

29 दिसंबर को झारखंड सरकार के चार साल पूरे होने जा रहे हैं. इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य सरकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यकम में राज्य सरकार राज्य के 9 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे. इसके अतिरिक्त परिसंपत्तियां का भी वितरण होगा. सड़कों व भवनों का उद्घाटन- शिलान्यास होगा. दिल्ली स्थित बने झारखंड भवन का भी उद्घाटन इसी दिन कराने की योजना है. 15 नवंबर से शुरू हुई आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन भी 29 दिसंबर को ही होना है. ऐस में इस दिन बड़े पैमाने पर योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी होगा. लोगों को अबुआ आवास योजना से आवास स्वीकृत किया जायेगा. राज्य सरकार स्तर से इसकी तैयारी प्रारंभ की गयी है. रांची उपायुक्त को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं. इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे

सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के मामले पर हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

## आचार्य नियुक्ति में शामिल हो सकेंगे दूसरे राज्य से सीटेट व टेट पास अभ्यर्थी

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया में दूसरे राज्य के टेट पास अभ्यर्थी या सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं. अदालत ने इस निर्देश के साथ बुधवार को राज्य में जेटेट परीक्षा आयोजन करने और सीटेट को अहर्ता में शामिल करने की मांग के लिए दाखिल याचिका निष्पादित कर दी.

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से इस संबंध में याचिका दाखिल की गयी है. याचिका में यह कहा है कि राज्य सरकार ने 2016 के बाद से जेटेट परीक्षा नहीं आयोजित की है. वहीं अब लगभग 26000 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जेटेट की अनिवार्यता के साथ शुरू कर दी है. ऐसे में लाखों अभ्यर्थी हैं, जो इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाएंगे. वहीं दूसरी तरफ जो अभ्यर्थी जेटेट की परीक्षा नहीं दी है, उन्होंने वैकल्पिक रूप से सीटेट का सहारा लिया है, जो केंद्र आयोजित करती है. इस नियुक्ति प्रक्रिया में सीटेट को भी मानयता नहीं दी गयी है. प्रार्थी ने मांग की है कि या तो परीक्षा का आयोजन कर लिया जाये या फिर सीटेट को मान्यता देने के साथ-साथ प्रक्रिया शुरू की जाये.

इसके पहले हाईकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी. अदालत ने सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर आदेश दिया था.



### पहली बार एक साथ बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया

झारखंड में पहली बार एक साथ 26,000 सहायक शिक्षकों (आचार्यों) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी है. इसमें पारा शिक्षकों के लिए 12,868 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 13,133 पद आरक्षित रखे गये हैं. पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए 5469 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 5531 पद आरक्षित किये गये हैं. छठी से आठवीं कक्षा के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए भाषा, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान-गणित विषय के लिए 7399 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 7602 पद आरक्षित रखे गये हैं.

### मानगो डबल मर्डर केस में फरार आरोपी असद के घर की कुर्की

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 17 में अपराधी सज्जाद उर्फ टांडा और टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव की हत्या के मामले में फरार चल रहे शेख असद के आवास पर बुधवार सुबह पुलिस ने कुर्की की. सुबह मानगो और आजादनगर थाना पुलिस के अलावा सशस्त्र बल चेपा पुल स्काई टच सी ब्लॉक फ्लैट नंबर 104 स्थित शेख असद के आवास पहुंची और कुर्की की प्रक्रिया शुरू की. पुलिस ने पड़ोसियों की मौजूदगी में असद के घर का दरवाजा तोड़ और घर में रखे सारे सामान अपने साथ ले गई. फर्श पर लगे टाइल्स को भी तोड़ा गया. घर से फ्रिज और टीवी की समेत फर्नीचर और पंखे की भी कुर्की की. मानगो पुलिस शेख असद के घर की कुर्की करने के बाद हत्या के आरोपी कादिर और जमशेद के घर की भी कुर्की करेगी वहीं आरोपी मोइन ने मंगलवार को जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जबकि राजू को हल्दिया आरपीएफ ने गिरफ्तार किया था.

## टाटानगर स्टेशन से अपहृत बच्ची गम्हरिया से बरामद


बच्ची को गोद में ली हुई उसकी मां और मौजूद रेल एसपी व पुलिस पदाधिकारी.

संवाददाता। जमशेदपुर

टाटानगर स्टेशन के बाहर से अपहृत बच्ची को टाटानगर रेल पुलिस ने गम्हरिया से सकुशल बरामद कर लिया है. इसकी जानकारी रेल पुलिस अधीक्षक ऋषभ झा ने अपने कार्यालय में मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी.

उन्होंने बताया कि मामला सामने आने के बाद जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. यह टीम लगातार छापामारी कर बच्ची की बरामदगी के साथ ही इस कांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी. इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि गम्हरिया निर्मल पथ में एक किराए के मकान में रहने वाली महिला के पास बच्ची मौजूद है. पुलिस उक्त महिला के पास पहुंची और बच्ची को बरामद कर लिया.

#### क्या था पूरा मामला

टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर सोनेवाले दंपत्ती विक्की सिंह और बेबी सिंह के आठ माह की बच्ची का अपहरण कार सवार दो लोगों ने 14 दिसंबर की रात्री में कर लिया था. थाना क्षेत्र विवाद के कारण पीड़ित दंपती मामला दर्ज कराने को लेकर इधर-उधर भटकते रहे. बागबेड़ा थाना, आरपीएफ व जीआरपी मामला दर्ज करने से इंकार करती रही.

**सूरत-ए-हाल** शहर के सरकारी विद्यालयों में कट रही शिक्षकों की चांदी, शिक्षा विभाग के अधिकारी साधे हुए हैं मौन

# कुछ स्कूल में शिक्षक ज्यादा छात्र कम, कहीं स्थिति उलट

शुभम संदेश **पड़ताल**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

शहर के सरकारी स्कूल में इन दिनों उपस्थित छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है. वहीं, कुछ स्कूलों में ठीक इसके उलट स्थिति है. विभाग के अधिकारी कार्यालय में ही बैठकर सारा आंकड़ा ले रहे हैं.

'शुभम संदेश' की पड़ताल में पाया गया कि नगर निगम क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों की संख्या 41 है. इसमें 17 प्राथमिक, 18 मध्य और शेष उच्च विद्यालय हैं. वहीं, सदर प्रखंड की बात करें, क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों की कुल स्कूल की संख्या 86 है. इसमें प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय और एनपीएस स्कूल शामिल हैं.

वहीं, इन स्कूलों में 109 सरकारी और 150 पारा शिक्षक सहित कुल 259 शिक्षक हैं. पड़ताल के दौरान शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार, किसी स्कूल में 68, किसी में 41, तो कहीं 77 बच्चे नामांकित बताए गए. जबकि, स्कूलों में शिक्षकों की संख्या तीन-तीन बताई गई. जिले के आंकड़े से पता चल रहा है कि जिन स्कूलों में छात्र की संख्या ज्यादा है, वहां शिक्षक कम हैं और जहां छात्र की संख्या कम है, उन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा है.


नवप्राथमिक विद्यालय, नई टांड़ में बोरा पर पढ़ रहे बच्चे और घास चर रही गायें.

### शिक्षकों और छात्रों के अनुपात पर एक नजर

- **केस 1 :** शहर के बटन बाजार स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक के अनुसार, विद्यालय में कुल 68 छात्र नामांकित हैं. स्कूल में दो सरकारी शिक्षक एवं एक पारा शिक्षक कार्यरत है. वहीं विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति 60% है.
- **केस 2 :** विष्णुपुरी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय केंदुआ में प्रभारी शिक्षक पौषाली बनर्जी के अनुसार कुल नामांकित छात्र 41 हैं. बुधवार को स्कूल में मात्र 25 छात्र उपस्थित थे. इस विद्यालय में तीन सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं. एक शिक्षक 25 बच्चों को बैठा कर स्कूल के बरामदे में पढ़ा रही थीं. पूछे जाने पर उसने बताया कि प्रभारी शिक्षक डीएससी कार्यालय किसी काम को लेकर गए हैं.
- **केस 3 :** नव प्राथमिक स्कूल नवाटांड़ में भी दो शिक्षक ही बच्चों को पढ़ाते देखे. इस विद्यालय में तीन पारा शिक्षक कार्यरत हैं और छात्रों की संख्या 77 है. बुधवार को विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति 65 बताई गई. इस संबंध में प्रभारी शिक्षिका ने बताया कि एक शिक्षक किसी काम से बाजार गए हैं और दो शिक्षक अभी बच्चों को पढ़ा रहे हैं.
- **केस 4 :** कुमार टोली स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी प्रभारी शिक्षक विद्यालय में नहीं थे. स्कूल में दो पारा शिक्षक एवं एक सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं. यहां नामांकित बच्चों की संख्या 78 है.

मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है. आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है. इसकी जांच कराई जाएगी. जिला प्रशासन द्वारा जब शिक्षकों का स्थायीकरण किया जाएगा, तो उस समय शिक्षकों के अनुपात में कम छात्रों वाले विद्यालय का चिह्नित कर वहां से शिक्षकों का दूसरे विद्यालय जहां शिक्षक कम हैं, वहां भेजा जाएगा.

– **संतोष गुप्ता,** डीएसई, हजारीबाग.

### अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा डंपर को किया आग के हवाले

**चतरा।** पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित बिलारी गांव के समीप मंगलवार देर रात अपराधियों ने दो कोयला लदे हाइवा डंपर को आग के हवाले कर दिया. दोनों हाइवा डंपर पूरी तरह से जलकर राख हो गयी. बताया जाता है कि बाइक से आये अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है. मां अंबे कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी का दोनों हाइवा आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लेकर सीएचपी, सीपीपी सायलो साइडिंग पिपरवार जा रहा था. इसी दौरान अपराधियों ने हाइवा डंपर में आग लगा दी. घटना की सूचना पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग बुझायी. आशंका जतायी जा रही है कि यह घटना लेवी के लिए किया गया है. एसपी राकेश रंजन ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है.

## सदर अस्पताल कोडरमा

**विभाग** **डॉक्टर का नाम**

- **स्किन :** डॉ. समीक्षा माथुर
- **आईओपीडी :** डॉ. सुनील कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. गोविंद प्रसाद
- **पेडीएट्रिक :** डॉ. मणिकांत कुमार
- **डेंटल :** डॉ. विकास चौधरी
- **गायनी :** डॉ. चेलना जैन
- **ऑर्थो :** डॉ. धनंजय कुमार
- **अल्ट्रासाउंड :** डॉ. कुमारी सीमा
- **इएनटी :** डॉ. मनोज कुमार

## कोडरमा का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 10 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 24 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** 87 % छाए रहेंगे
- **हवा की रफ्तार :** 9 किमी प्रति घंटे

## ब्रीफ खबरें

### वाउ सिनेमा ने राकेश को किया सम्मानित

**कोडरमा।** रांची के द रासो होटल में आयोजित वाउ सिनेमा की प्रथम वर्षगांठ पर कोडरमा के अभिनेता राकेश पांडेय को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान हिंदी फिल्म ब्लडी इश्क का मुहूर्त भी किया गया. बता दें कि इस फिल्म का निर्माण शबनम राज व पटकथा संवाद लेखन पुष्पेंद्र कुमार ने किया है. इस अवसर पर वाउ सिनेमा के सीओ प्रभात राज और सीईओ शबनम राज द्वारा उभरते सिंगर, एक्टर, राइटर आदि को सम्मानित किया गया. वहीं, राकेश पांडेय को बेस्ट एक्टिंग के लिए सम्मानित किया गया. मौके पर बॉलीवुड एवं भोजपुरी अभिनेता कुणाल सिंह, देवेश खान, आनंद जलान और सिराज अहमद मौजूद थे.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला फूंका

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मंगलवार को संसद के बाहर किए गए व्यवहार के खिलाफ बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर पुतला फूंक कर आक्रोश जताया. कहा कि संवैधानिक एवं गरिमामई पद का आज तक किसी भी सांसद ने संसद भवन के बाहर या अंदर ऐसा अपमान नहीं किया था. कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार ने किया. जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि संसद भवन के द्वार पर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति सह उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का अपमान किया है. एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति व्यक्ति के खिलाफ इस तरह का व्यवहार करना सरासर गलत है.

### अज्ञात वाहन के धक्के से बुजुर्ग की हुई मौत

**चंदवारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां तूफान चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान इलाके के उरवां गांव निवासी रामचंद्र रविदास (70) के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र रविदास सड़क पार कर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया. घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने एनएच 31 मार्ग जाम कर दिया. वहीं घटना की सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. करीब दो घंटे तक काफी समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने और जाम को हटाया गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है.

### डोमचांच थाना के नये प्रभारी बने पंचम तिग्गा

**डोमचांच।** पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने जयनगर में पदस्थापित एसआई पंचम तिग्गा को डोमचांच थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार सौंपा है. वह डोमचांच थाना के 19वें थाना प्रभारी बने हैं. बुधवार को पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थापित थानेदार पंचम तिग्गा ने कहा की अपनी सच्ची निष्ठा के साथ कर्तव्य का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में अपराधियों पर लगाम लगाना और विधि व्यवस्था संधारण करना उनकी प्राथमिकता होगी. इस मौके पर थाना के पदाधिकारियों व कर्मियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत किया.

---

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

# योजनाओं से जनता को करें लाभान्वित : चंदन कुमार

**संवाददाता। रामगढ़**



आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है. इस कड़ी में बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार व एसपी पीयूष पांडे ने कार्यक्रम स्थल गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत दौरा किया. उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल तिरला मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया.

इस दौरान वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि, लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए. उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित एवं उनकी शिकायतों का निष्पादन करने को कहा. वहीं, जिलेवासियों व जनप्रतिनिधियों से शिविर में भाग लेकर शिविर को सफल बनाने की अपील की. मौके पर एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, नजारत उप समाहर्ता रवींद्र कुमार गुप्ता, गोला सीओ समरेश कुमार मौजूद थे.

**तैयारी जायजा**

- सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश
- जिलेवासियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

### 10 स्थानों पर लगा शिविर, अबतक 175368 आवेदन

**हजारीबाग।** आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार के तहत बुधवार को जिलेभर में 10 स्थानों पर शिविर लगाए गए. इस कड़ी में इचाक प्रखंड की डाढ़ा, बरकट्ठा प्रखंड की बेलकप्पी, कटकमदाग प्रखंड की बेस, विष्णुगढ़ प्रखंड की गोविंदपुर, पदमा प्रखंड की सूर्यपूरा, सदर प्रखंड की मेरू, डाड़ी प्रखंड की गिद्दी 'क', चौपारण प्रखंड की डेबो, चलकुशा प्रखंड की मस्केडीह पंचायत तथा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 व 30 के लिए हरि नगर में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया. जिले में अब तक विभिन्न योजनाओं के कुल 175368 आवेदन प्राप्त किए गए हैं, जिनमें 64227 आवेदनों का तत्काल निवारण किया गया है. अब गुरुवार को इचाक प्रखंड की दरिया, बरही प्रखंड की बरसोत, बड़कागांव प्रखंड की गरसुल्ला, कटकमसांडी प्रखंड की आराभुसाई, विष्णुगढ़ प्रखंड की कुसम्भा, पदमा प्रखंड की बंदरबेला, डाड़ी प्रखंड की टोंगी और चौपारण प्रखंड की झापा पंचायत में शिविर लगाया जाएगा.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- नोबेल पुरुस्कार कौनसा देश प्रदान करता है– **यूएसए**
- वर्ष 2010 का मान बुकर पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है **–हॉवर्ड जैकवसन**
- पद्मश्री सम्मान 2011 से सम्मानित व्यक्ति हैं – **जॉकिन अर्पुथम**
- पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है – **पुलित्जर पुरस्कार**
- नोबेल पुरस्कार कब आरम्भ हुए – 1901 ई. में
- किस भारतीय फिल्म को विशेष ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया था – **पाथेर पंचाली**
- ब्रह्माण्ड सुन्दरी 2010 चुनी गईं– **जिमेना नावारेते (मैक्सिको)**
- अर्जुन अवार्ड किस क्षेत्र में प्रदान किए जाते हैं **–उत्तर खेल**
- 'भारतरत्न' पुरस्कार पाने वाले प्रथम भारतीय थे – **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**
- वर्ष 2010 का शांति का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है – **लू जियाबाओ (चीन)**

---

### देशव्यापी हड़ताल पर रहे मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, किया प्रदर्शन

# दवा पर जीएसटी का विरोध

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**




केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों, चार लेबर कोड और दवाओं पर जीएसटी के खिलाफ एफएमआरएआई के देशव्यापी आह्वान पर सीटू ने प्रदर्शन किया. सीटू से संबद्ध बिहार झारखंड स्टेट सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीएसएसआरयू) के बैनर तले 100 से ज्यादा एमआर देशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे और डॉक्टरों से विजिट को बंद रखा.

यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता एवं सचिव दिलीप कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कला मंदिर से जुलूस निकाला गया. यह जुलूस ओवरब्रिज होते हुए गौरीशंकर मुहल्ला, राजगढ़िया रोड, डॉक्टर गली, स्टेशन रोड से झंडा चौक पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया. इस दौरान केंद्र सरकार होश में आओ, दवाओं पर जीएसटी बंद करो, समान काम का समान वेतन लागू करो, न्यूनतम 26 हजार वेतन देना होगा आदि नारे लगाए गए.

जुलूस व सभा में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, मुकेश कुमार,भरत राज, रविशंकर, सिंटु, गुलाब, प्रमेन्द्र, बबलू, मंटु वर्णवाल, सन्नी मोदी, अमित, पप्पू, राहुल, उपदेश, प्रकाश, कामेश्वर पण्डित, संतोष, सोनू, प्रवीण, ज्ञानदीप, श्रीकांत, अर्जुन, कुन्दन, प्रकाश रंजन, अभिषेक, राजन, लवकुश, पंकज, अमित आनंद, दीपक, मनीष, अनील, सुभाष, अभिजीत आदि मौजूद थे.

**रखी मांगें**

- एफएमआरएआई के देशव्यापी आह्वान पर प्रदर्शन
- 100 से ज्यादा एमआर ने जुलूस निकाल की नारेबाजी

#### अधिकारों को कुचल रही मोदी सरकार : संजय पासवान

सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने नीतियों में बदलाव कर के देश की जनता और मजदूरों को असहाय बना दिया है. उनके अधिकारों को कुचला जा रहा है. बड़े पूंजीपतियों और कंपनियों के पक्ष में कानून बनाए जा रहे है. उन्होंने कहा कि मेडिकल व सेल्स रिप्रेजेंटेटिव अपने कार्यों की दैनिक रिपोर्ट पेपर के माध्यम से भेजते थे, लेकिन कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से काम करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो निजता के अधिकार पर सीधा हमला है. यह भी कहा कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि आम जनता के हित में लड़ाई लड़ रहे हैं. देश की गरीब जनता के लिए दवा का दाम तथा उस पर लगे टैक्स और जीएसटी को कम करने की मांग सरकार से लगातार कर रही है. दवाओं की बढ़ती कीमतों के कारण देश की गरीब जनता को समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण मौत हो जाती है. दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने कानून बना कर हर तीन महीने में दवाओं और उपकरणों के दाम बढ़ाने की मालिकों को खुली छूट दे रखी है.

#### प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें

हड़ताल कर रहे प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में स्वास्थ्य सेवा में बजटीय आवंटन बढ़ाने, सार्वजनिक क्षेत्र के कंपनियों का पुर्णउद्धार करने, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी बंद करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज सेवा शर्त 1976 को बहाल रखने, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में उनके काम करने की कानूनी अधिकारों की रक्षा करने, ट्रैकिंग व निगरानी का जरिए निजता के अधिकार का हनन बंद करने, कार्य क्षेत्र में प्रवेश एवं काम के कानूनी अधिकार को बहाल करने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज का सेल्स के आधार पर उत्पीड़न और छटनी बंद करने आदि शामिल हैं.

# मारपीट में घायल की रिम्स में मौत

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**

तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी स्कूल रोड स्थित मास्टर मुहल्ला में रास्ता विवाद को लेकर बीती शुक्रवार रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी. इस घटना में कुछ लोग घायल हो गये थे. घायलों का का इलाज रांची रिम्स में चल रहा था. बुधवार को इलाज के दौरान घायल संजय सिंह की मौत हो गई है. मौत की सूचना मिलते ही पूरे मोहल्ले में भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है.

गौरतलब हो कि मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष ने तिलैया थाना पहुंच कर एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराईथी. एक पक्ष से अमूल कुमार सिंह की पत्नी संगीता सिंह ने कैलाश प्रसाद यादव के पुत्र राज कपूर व प्रेम कपूर और सोनू कुमार पर रॉड से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था. वहीं दूसरे पक्ष से प्रेम कपूर ने स्व गीता प्रसाद सिंह के पुत्र संजय सिंह सहित आठ लोगों पर छेड़खानी, मारपीट करने एवं जेवर छीनने का आरोप लगाया गया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था. इधर, संजय सिंह की मौत की सूचना के बाद मुहल्ले में माहौल तनावपूर्ण हो गया है. हालांकि, पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं.

#### कोचिंग विद्यार्थियों के दो गुटों में मारपीट

**झुमरी तिलैया।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी टंकी स्थित एक्सीलेंट साइंस एकेडमी कोचिंग के बाहर दो ग्रुपों के विद्यार्थियों के बीच मारपीट हो गई. विनोद सिंह ने तिलैया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. कहा गया है कि कोचिंग सेंटर की तरफ से 18 दिसंबर को बस से पिकनिक के लिए ले जाया गया था. बस में सीट पर बैठने को लेकर दो ग्रुपों में बहस हो गई. बस से उतरने के समय दूसरे ग्रुप के लड़कों ने मारने की धमकी दी थी. बुधवार को कोचिंग में छुट्टी होने के बाद जैसे बाहर निकले तो पहले से तैयार दूसरे ग्रुप के सोनू कुमार, आकाश कुमार, अजीत कुमार और कुछ अन्य लड़कों ने मनीष कुमार, सुमन कुमार और आशीष कुमार पर हमला किया. इस घटना में मनीष के सिर पर गंभीर चोट आई है.

**माहौल तनावपूर्ण**

- रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई थी मारपीट
- मौत की सूचना पर मुहल्ले में पुलिस बल की तैनाती

### दुलमी प्रखंड में अलाव की व्यवस्था की मांग

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की उपायुक्त से मांग की है. 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि बढती ठंड में चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करना जरूरी है, क्योंकि शाम होते ही ठंड काफी बढ़ जाती है. यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है. उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गरीबों की बस्तियों में भी अलाव की व्यवस्था करने की मांग की. सुधीर मंगलेश ने गरीब व मजदूरों के बीच कंबल बांटने को भी कहा.

# उपायुक्त की पहल पर सदर अस्पताल में शुरू हुई सर्जरी

**संवाददाता कोडरमा**

सदर अस्पताल में उपायुक्त मेघा भारद्वाज के दिशानिर्देश पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के द्वारा सदर अस्पताल में फिर से सर्जरी शुरू की गई। जहां सर्जन डॉ नीरज आनंद, स्त्री रोग सर्जन डॉ मोनिका चंद्रा तथा डॉ जयशंकर अनेस्थेटिक के द्वारा 5 सर्जरी की गई। जिसमें दो बच्चेदानी, दो हर्निया और एक अप्पेंडिस की सर्जरी शामिल है। सिविल सर्जन ने बताया की अब हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सर्जन और स्त्री रोग सर्जन की ओ पी डी होगी। जिन मरीज को ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उनकी सर्जरी आयुष्मान भारत के तहत उक्त दिन सदर अस्पताल में ही किया जायेगा। वहीं उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार द्वारा बताया गया की अब सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत सभी तरह की जेनरल और स्त्री रोग से सबंधित सर्जरी हो जाएगी। साथ ही कहा की जिले के सभी राशन कार्ड (लाल पीला हरा) के प्रत्येक सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड बना लें। किसी भी तरह के आपातकाल की प्रतीक्षा न करें।

---

# डीसी ने ली पढ़ाई की जानकारी

**संवाददाता। कोडरमा**



उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जयनगर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने बच्चियों को दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ली. साथ ही कक्षा में जाकर बच्चियों से बातचीत कर उनके पठन-पाठन की जानकारी ली. डीसी ने कंप्यूटर क्लास कर रही बच्चियों से भी बातचीत की.

उन्होंने बच्चियों से कहा कि हमेशा कुछ सीखने की ललक होनी चाहिए. आप कंप्यूटर से जितना खेलोगे, उतना कंप्यूटर का ज्ञान होगा. डीसी ने विद्यालय में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा का भी जायजा लिया. वार्डेन ने विद्यालय में खेल मैदान बनाने की बात कही. इसपर उपायुक्त ने प्रस्ताव बनाने की बात कही. इसके बाद उपायुक्त ने मरकच्चो प्रखंड के दशारो स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया. उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को अस्पताल में शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया.

**विभागीय कवायद**

- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण
- कक्षाओं में जाकर बच्चियों से बात कर किया प्रेरित

### 19 लाभुकों को गैस चूल्हा व सिलिंडर बांटे

**चंदवारा।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत के लाभुकों के बीच गैस चूल्हा एवं सिलिंडर का वितरण मुखिया रामदेव यादव ने किया. इसे लेकर यशोदा इंडेन गैस एजेंसी के समीप शिविर लगाया गया था. इस दौरान कुल 19 लाभुकों को गैस चूल्हा व सिलिंडर दिया गया. मुखिया ने कहा कि केंद्र सरकार हर एक गरीब परिवार को योजना चलाकर गैस चूल्हा एवं सिलिंडर देने का काम कर रही है. उन्होंने सरकार की हर एक योजना का लाभ हर एक गरीब परिवार से लेने की अपील की. मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य शाहोदरी देवी, वार्ड सदस्य वीणा देवी, यशोदा इंडेन के संचालक राहुल कुमार, कर्मी पप्पू कुमार, रवींद्र यादव एवं लाभुक मौजूद थे.

# सतगावां से दो साइबर ठग धराए

**संवाददाता। कोडरमा**



पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराधी गिरोह का उद्भेदन किया है. उन्होंने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि सूचना मिली थी की साइबर अपराधियों का एक गिरोह सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम बिसनीडीह में सक्रिय होकर फाइनेंस कंपनी से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से पैसों की ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है.

इसके उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा छापेमारी करते हुए इस गिरोह के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सतगावां थाना क्षेत्र के बिसनीडीह निवासी संजीव कुमार व आशिक कुमार के रूप में की गई. दोनों से सघन पूछताछ में यह बात सामने आई कि इनके द्वारा मेटा एड्स एप का प्रयोग कर अपना धनी फाइनेंस का फर्जी विज्ञापन सोशल मीडिया पर डाला जाता था, जिसे देखकर लोग इनके प्रलोभन में आ जाते थे. इसके बाद इन अभियुक्तों के द्वारा लोगों से लोन की स्वीकृति हेतु प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसों की ठगी की जाती थी. लिस ने दोनों के पास से मोबाइल, विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, क्यूआर कोड स्कैनर, बाइक एवं 85,600 रुपए नकद बरामद किया है. दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**सफल उद्भेदन**

- फाइनेंस कंपनी से लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी
- 85 हजार नकद, बैंक पासबुक समेत अन्य सामान बरामद

---

### 66वें खान सुरक्षा सप्ताह के तहत सुरक्षा संबंधी स्टॉल लगाकर कर्मियों को किया जा रहा जागरूक

# सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है पकरी बरवाडीह : आफताब

**संवाददाता। हजारीबाग**



हर साल की तरह इस साल भी खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वाधान में 66वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है. 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलने वाले इस सप्ताह के पांचवें दिन बुधवार को पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के खान सुरक्षा निदेशक (डीजीएमएस) आफताब अहमद एवं उनकी टीम ने निरीक्षण किया. डीजीएमएस पहले पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सीकरी स्थित कार्यालय पहुंचे.

उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया. साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की. कार्यालय में सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद निदेशक और उनकी टीम पकरी बरवाडीह माइंस के पीट ऑफिस पहुंचे. स्वागत के बाद अधिकारियों ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारियां ली. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई गई और उसके बाद नाटक एवं अन्य नृत्य, संगीत सुरक्षा संदेश को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किए गए. इस मौके पर एनटीपीसी, एमडीओ त्रिवेणी सैनिक के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे. एनटीपीसी और त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कई बातें कही.

अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा हमारे पहली प्राथमिकता है. उत्पादन कम हो जाए लेकिन सुरक्षा से कभी भी समझौता नहीं करते हैं. सभी ने परियोजना में दुर्घटना रहित माहौल पर जोर देते हुए कहा कि हम नियर मिस पर बल दे रहे हैं, जिससे आगे सीख लेते हुए दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

मुख्य अतिथि अफताब अहमद ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सुरक्षा संबंधित कदमों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधित स्टॉल लगाना और लोगों को साधारण भाषा में इसकी जानकारी देना पकरी बरवाडीह की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. एक सप्ताह तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा सुरक्षा से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं.

**पांचवां दिन**

- डीजीएमएस सुरक्षा सप्ताह गतिविधियों का लिया जायजा
- सुरक्षा के तहत सभी कर्मियों को दिलाई सुरक्षा शपथ

# चट्टी बारियातू के अधिकारियों व कर्मियों के लिए मेगा हेल्थ कैंप

**संवाददाता। केरेडारी**

एनटीपीसी के चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा ऋत्विक साइट ऑफिस कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेगा शिविर का आयोजन किया गया. उद्घाटन चट्टी बरियातू जीएम नवीन गुप्ता एवं ऋत्विक कंपनी के जीएम सतीश चंद्र ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस शिविर में चट्टी बारियातु कोयला खनन परियोजना में एनटीपीसी, ऋत्विक व टायकून कंपनी में कार्यरत लगभग सभी 600 पदाधिकारियों व कर्मियों की जांच होगी.

स्वास्थ्य मेगा शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. एस. कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल समेत स्वास्थ्यकर्मी देवायन मुखर्जी, हर्ष आदित्य अपनी सेवा दे रहे हैं. पहले दिन सभी पदाधिकारियों ने भी अपनी जांच कराई. मौके पर एनटीपीसी सीबीसीएमपीएल के जीएम नवीन गुप्ता, एनटीपीसी के खनन प्रबंधक आतिश कुमार, ऋत्विक कंपनी के सीजीएम मनोज सिंह, डीजीएम कृष्ण कुमार, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ, रवि सिन्हा, टायकून कंपनी के जीएम अमिताभ चटर्जी, शैलेश कुमार, अनुराग गुप्ता समेत काफी संख्या में कर्मी थे.

**स्वास्थ्य शिविर**

- 600 पदाधिकारियों और कर्मियों की होगी जांच
- पहले दिन सभी पदाधिकारियों ने भी कराई अपनी जांच

## रिम्स ओपीडी

सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ सीबी शर्मा |
| सर्जरी | डॉ विनय प्रताप |
| ऑर्थोपेडिक | डॉ जीके गुप्ता |
| न्यूरोसर्जरी | डॉ आनंद प्रकाश |
| टीबी एवं चेस्ट | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| ईएनटी | डॉ संदीप कुमार (पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा (दूसरी पाली) |
| नेत्र | डॉ राहुल कुमार |
| सायकेट्री | डॉ अजय बाखला |
| सीटीवीएस | डॉ विनीत महाजन |
| कार्डियोलॉजी | डॉ हेमंत नारायण |
| नेफ्रोलॉजी | डॉ प्रज्ञा पंत |

## सदर अस्पताल हजारीबाग

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ. एके सिन्हा |
| मनोचिकित्सा विभाग | डॉ. रूपा |
| शिशु रोग | डॉ. अजय कुमार |
| इएनटी | डॉ. पीके सिंह |
| डेंटल विभाग | डॉ. केडी इनामी |

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. शशिकांत
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. दिवाकर
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. तुषार
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 8 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 21 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** 55 % छाए रहेंगे
- **हवा की रफ्तार :** 8 किमी प्रति घंटे

## ब्रीफ खबरें

### मुखिया ने 5000 का आर्थिक सहयोग दिया

**दारू।** पंचायत क्षेत्र के मनोज कुमार का निधन बीती रात्रि इलाज के दौरान हो गया. परिवार की आर्थिक हालत देख मुखिया सुनील कुमार ने दाह संस्कार के मृतक की पत्नी सुनीता देवी को निजी तौर पर 5000 रुपये की आर्थिक मदद की. मुखिया ने पीड़ित परिवार को आगे भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया.

### आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने व ट्रांसफर-पोस्टिंग में संलिप्तता की एसबी से जांच की मांग

# हजारीबाग एसपी के रीडर पर लगे कई गंभीर आरोप

**संवाददाता। हजारीबाग**

**लगा आरोप**

- अज्ञात ने शिकायतों से भरा पर्चा कोर्ट परिसर में फेंका
- सिपाही सुनील कुमार यादव पर लगाया गया है आरोप

जिले के एक सिपाही पर अज्ञात लोगों ने बुधवार को कोर्ट परिसर में पर्चा फेंक कर गंभीर आरोप लगाया है. यह मामला जिले में पदस्थापित सिपाही सुनील कुमार यादव से जुड़ा है. पर्चा के अनुसार, सुनील यादव पिछले 12 वर्षों से हजारीबाग एसपी आवास पर पदस्थापित हैं और एसपी के रीडर के रूप में काम कर रहे हैं. इन्हें पदमा कैंप में पीटीसी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था.

लेकिन, सुनील कुमार यादव ट्रेनिंग में जाने की बजाय एसपी आवास में ही रहकर अपनी उपस्थिति बनाते हैं. दारोगा से लेकर जमादार तक की ट्रांसफर-पोस्टिंग के अलावा कोयला व बालू का अवैध कारोबार चलाने वालों से वसूली करते रहते हैं. यही कारण है कि उनके पास आय से अधिक संपत्ति है. पर्चा में यह भी लिखा कि सिपाही सुनील कुमार यादव ने कम समय में हजारीबाग शहर के कोलघटी में करोड़ों रुपये का मकान खरीदा है. ऐसे में इनके खिलाफ एसीबी एवं आईटी की जांच होनी चाहिए थी कि आखिर 12 वर्षों से एक ही कार्यालय में वह कैसे पदस्थापित हैं.

### मुझे बदनाम करने की साजिश : सुनील यादव



इस संबंध में सिपाही सुनील कुमार यादव ने कहा कि यह उन्हें बदनाम करने की साजिश है. इस पर अभी कुछ नहीं कह सकते हैं. वहीं, पुलिस मेंस एसोसिएशन के महामंत्री उपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस पर संगठन जांच कर रही है. गुमराह करने वाले दोषी पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी. वहीं, मेजर देवव्रत कुमार ने बताया कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है. वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार जांच होगी. सदर थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. इस संबंध में कोई आवेदन नहीं दिया गया है.

## प्रॉपर्टी बाजार

**लोकेशन- वार्ड नं. 05, सुंदर नगर, जलवाबाद, कोडरमा**

- **जमीन की दर** : 20-25 लाख रुपए प्रति डिसमिल
- **बस स्टैंड से दूरी** : एक किलोमीटर
- **रेलवे स्टेशन से दूरी** : 2 किलोमीटर
- **आवागमन का साधन** : ऑटो, रिक्शा, बाइक, कार
- **आसपास के स्कूल** : सरकारी व निजी विद्यालय
- **पास का सब्जी बाजार** : गांधी चौक बाजार

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम- राज क्लीनिक, गोशाला रोड, झुमरी तिलैया**

- **कुल बेड** : 50
- **आईसीयू** : हां
- **एंबुलेंस** : हां
- **साफ-सफाई** : बेहतर
- **पार्किंग स्थल** : हां
- **चिकित्सक** : डॉ. नरेश पंडित
- **विशेषज्ञ** : शिशु रोग
- **सुविधाएं** : सप्ताहभर 24 घंटे इलाज समेत अन्य सुविधाएं

## घूमें-फिरें

**स्थल का नाम : पेट्रो जलप्रपात, कोडरमा**

- **शहर से कितनी दूर** : 60-65 किलोमीटर
- **शहर में कहां है** : कोडरमा से 70 किमी दूर सतगावां प्रखंड में
- **कैसे पहुंचेंगे** : कार, बाइक, ऑटो आदि से
- **पहुंचने का रूट क्या है** : जिला मुख्यालय से सतगावां प्रखंड होते हुए
- **क्या-क्या है खास** : महावर पहाड़ की चोटी से गिरता झरना, जंगल का प्राकृतिक सौंदर्य, बड़ी-बड़ी पहाड़ियां, पर्यटन स्थल, सेल्फी प्वाइंट



### सीजी नैडी मेमोरियल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

# हार से निराश न हों : एसपी

**संवाददाता। हजारीबाग**



**खेल गतिविधियां**

- 50 विद्यालयों के 500 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल
- खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा : अजमेरा

सीजी नैडी मेमोरियल हजारीबाग जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन बुधवार को हजारीबाग स्टेडियम में हुआ. हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब 50 विद्यालयों के 500 खिलाड़ी शामिल हुए. इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि एसपी मनोज रतन चोथे और विशिष्ठ अतिथि हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन की अध्यक्ष कल्पना बाडा मौजूद थी.

कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की गई. तमाम अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया.इसके बाद कुल 70 एथलेटिक्स विधाओं में अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुईं. इसमें अंडर 16 बालक वर्ग में 60 मीटर दौड़ मे प्रथम विशाल मोहन, द्वितीय अंशु कुमार यादव व तृतीय मो. कामरान आलम रहे. वहीं, 300 मीटर दौड़ में प्रभाकर कुमार ने प्रथम स्थान, संजीत कुमार यादव ने द्वितीय और अजमान हक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. लंबी कूद में प्रथम ऋषभ यादव, द्वितीय रेहान अंसारी व तृतीय प्रभाकर कुमार रहे. अंडर 14 बालक वर्ग लंबी कूद में सचिन सिंह ने प्रथम, आयुष कुमार ने द्वितीय और निखिल तिर्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

इसके अलावा 600 मीटर दौड़ में प्रथम रूपेश कुमार, द्वितीय रितिक कुमार व तृतीय निखिल तिर्की, 60 मीटर दौड़ में प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय निहाल तिर्की व तृतीय रितिक कुमार रहे. मौके पर संत कोलंबा कॉलेज के प्राचार्य विमल सोरेन, फैहमा अकादमी की प्राचार्य फरहा, डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार, साजिद हुसैन, बुलंद अख्तर और रियाज खान के अलावा प्रतिभागी विद्यार्थी मौजूद थे.

**अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह :** मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है. कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, अपने लक्ष्य की ओर हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए. वहीं हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि खेल के प्रति खिलाड़ियों का उत्साह देख मन प्रसन्न हो रहा है. आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा. प्रतियोगिता के सफल आयोजन में साबिर हुसैन, अनवर हुसैन, प्रियरंजन कुमार सिंह, मुदस्सर खान, अनुकंपा रूदा, कासिम हुसैन, रवि कुमार, मुकेश कुमार आदित्य रंजन, काजल कुमारी, आस्था ओझा राजेश कुमार व ज्योति कुमारी की अहम भूमिका रही.

## झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी दिव्यांग तीरंदाज श्रेया

- राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में लेंगी भाग
- बचपन में ही पोलिया ग्रसित हो गया था एक पैर

**संवाददाता। कोडरमा**

जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, यदि मन में कुछ करने का जज्बा हो, तो न दिव्यांगता बाधा नहीं बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है. कोडरमा की श्रेया कुमारी ने इसे सिद्ध कर दिखाया है. श्रेया को 24 से 29 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है.

जिला तीरंदाजी संघ अंतर्गत संचालित फोकस एंड फेथ तीरंदाजी ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षक विशाल सिंह से श्रेया कुमारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं. आज वह दृढ़ इच्छाशक्ति की जीती जागती मिसाल बन कर उभरी हैं. बचपन में ही एक पैर पोलियो से पीड़ित हो गया.

इसके बावजूद श्रेया ने हौसला नहीं छोड़ा. पक्के इरादों के बल पर ऊंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी. कोडरमा के करमा निवासी श्रेया कुमारी के पिता रूपेश कुमार की एक छोटी सी इलेक्ट्रिक की दुकान है और मां कंचन बाला गृहणी है. श्रेया ने महज 8 महीने पहले से तीरंदाजी की शुरुआत की और अब वह राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करेंगी.

## पिंटू मिस्टर व ज्योति मिस फ्रेशर चुनी गईं

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग समसत्र 2022-24 के छात्रों ने समसत्र 2023-25 के छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी आयोजन किया. डॉ. पीसी देवघरिया, डॉ. उमेंद्र सिंह, डॉ. इफ्शा खुर्शीद, सुरेंद्र कुशवाहा और शोधार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके बाद अंजली और समूह ने स्वागत गीत गाया. वित्त अधिकारी सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि एक छात्र को हमेशा मूर्ख और भूखा रहना चाहिए. वहीं, सोशल साइंस के डीन और विभाग प्रमुख डॉ. पीसी देवघरिया ने अनुशासन और नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी. अंत में पिंटू कुमार को मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर ज्योति कुमारी को चुना गया.

## बिरहोर बस्ती में चलाया जागरूकता अभियान

**हजारीबाग।** एनएसएस इकाई एक के द्वारा स्वच्छता और सामाजिक सेवा पर एक दिवसीय शिविर जागरूकता पर आयोजित किया गया. अर्थशास्त्र विभाग के सेमेस्टर एक और तीन के छात्रों ने इचाक प्रखंड के सिझुआ गांव में 64 लोगों की आबादी वाले बिरहोर बस्ती का दौरा किया. उन्होंने क्षेत्र की स्वच्छता और जल निकायों के आसपास के क्षेत्र के बारे में लोगों को जागरूक किया. सिखाया गया कि उपयोग से पहले खाना पकाने के क्षेत्र और पानी को कैसे साफ रखा जाए. वहीं, कपड़े और ऊनी कपड़े भी बांटे. इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के शिक्षक डॉ. उमेंद्र सिंह, डॉ. इफ्शा खुर्शीद और शोधार्थी मौजूद थे.

## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : होटल रामेश्वरम**

- **किस स्थान पर है** : झुमरी तिलैया में जवाहर टॉकीज के पास
- **नाश्ते में क्या** : सभी तरह के पराठे, इडली, डोसा, ढोकला आदि
- **दिन व रात के भोजन में क्या** : मिक्स वेज, चिकेन चिल्ली, पनीर चिल्ली, मशरूम चिल्ली, नान, पुलाव, चिकेन आइटम, मशरूम आइटम, पनीर के आइटम, बिरयानी, दाल मखनी, कुलचा
- **खास क्या है** : मशरूम चिल्ली, चिकेन दो प्याजा, चिकेन काली मिर्च
- **वेज या नॉनवेज** : दोनों
- **चाइनीज आइटम** : हां
- **पार्सल की व्यवस्था है** : हां
- **होम डिलिवरी देते हैं** : हां
- संचालक कहते हैं कि होटल में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था के साथ ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में सस्ता और अच्छा भोजन कराना प्राथमिकता है.

## सीएम हेमंत भ्रष्टाचार में डुबकी लगाने में मशगूल: अशोक यादव

**संवाददाता। हजारीबाग**

**साधा निशाना**

- हेमंत सरकार के खिलाफ आज प्रदर्शन करेगी भाजपा
- राज्यपाल से करेंगे सरकार को बर्खास्त करने की मांग

भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि राज्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है. हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. विधि व्यवस्था ध्वस्त हो गया है. हेमंत सरकार की नाकामियों और वादाखिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है.

राज्य में अपराध का ग्राफ इस तरह बढ़ा हुआ है कि जेल में भी हत्याएं हो रही है. लूट का आलम यह है कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से पांच सौ करोड़ से अधिक की नगद राशि बरामद हुई है. अशोक यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद भ्रष्टाचार में डुबकी लगाने में मशगूल हैं. यही वजह है कि ईडी ने कई बार समन जारी किया, पर मुख्यमंत्री संवैधानिक मर्यादाओं को ठेंगा दिखा रहे हैं. हेमंत सरकार के रवैये, भ्रष्टाचार और ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ भाजपा गुरुवार को उपायुक्त के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेगी. वहीं राज्यपाल से हेमंत सरकार को बर्खास्त करने की मांग की जाएगी.

## 110 छात्राओं को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

**संवाददाता। हजारीबाग**



**अच्छी पहल**

- फाहिमा अकादमी में 23 से लिया जाएगा नामांकन
- मरहूम रफीक अंसारी का सपना करेंगे साकार : फातिमा

कल्लू चौक स्थित फाहिमा अकादमी में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया. संचालक डॉ. अली एवं प्राचार्य फरहा फातिमा ने बताया कि मरहूम रफीक अंसारी की 11वीं पुण्य तिथि पर 110 बच्चियों को नर्सरी से 12वीं तक की निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है. प्राचार्य ने बताया कि लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना, उनके मरहूम दादा जी रफीक अंसारी का सपना था.

यह निर्णय उनके उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी. वहीं, आगामी 23 दिसंबर को स्कूल परिसर में रक्तदान व निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा. साथ ही असहाय व जरूरतमंदों के बीच 250 कंबल व 250 गर्म टोपियों का वितरण किया जाएगा. प्राचार्य फरहा फातिमा ने लोगों से अपील की है कि जरूरतमंद बच्चियों को मुफ्त शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें. स्कूल प्रबंधन ने 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के नामांकन की समय सीमा तय की है. वहीं, डॉ. अली ने बताया कि निःशुल्क नामांकन के साथ उन बच्चियों से मासिक ट्यूशन फीस व वार्षिक शुल्क भी नहीं ली जाएगा. उनके अभिभावकों को सिर्फ स्कूल ड्रेस और किताब खरीदना होगा.


## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**सुदिष्ट कुमार यादव**

का स्वर्गवास दिनांक 13.12.2023 (बुधवार) को हो गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित होने की कृपा करें।

दिनांक : 22.12.2023 (शुक्रवार) दशकर्म
दिनांक : 23.12.2023 (शनिवार) एकादश एवं श्राद्ध भोज
दिनांक : 24.12.2023 (रविवार) ब्रह्मभोज शाम 5.00 बजे से हमारे निवास स्थान पर

शोकाकुल
**संदीप पाटील**
एवं समस्त परिवार

निवास स्थान
3/C, Global Grand Square
Pundag Road, Argora
Ranchi-834002, Jharkhand
Mob No. 7992474030, 9308861755


### विष्णुगढ़ सीएचसी में चिकित्सकों की पर्याप्त संख्या, इलाज के मामले में अस्पताल फिसड्डी

# सुविधाओं के अभाव में स्वास्थ्य लाभ से वंचित हैं रोगी

**संवाददाता। विष्णुगढ़**



**सूरते हाल**

- सर्जन के अलावा आंख व दांत के डॉक्टर हैं पदस्थापित
- ऑपरेटर के अभाव में धूल फांक रही है एक्स-रे मशीन

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ में चिकित्सकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद इलाके के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. फिजिशियन और सर्जन के अलावा आंख व दांत के डॉक्टर यहां पदस्थापित हैं. मगर लालफीताशाही की वजह से स्थानीय लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. प्रसव के मामले को छोड़ दिया जाए तो बाकी मामलों में यह सीएचसी फिसड्डी साबित हुआ है.

मरीजों को रेफर करने में इसके नाम कीर्तिमान है. दांत के दो-दो डॉक्टरों की सीएचसी में तैनाती है, पर उपकरणों का घोर अभाव है. डेंटल चेयर नहीं होने के कारण दंत रोगियों के इलाज में मुश्किलें आ रही हैं. उसी तरह एक्स-रे मशीन है, लेकिन ऑपरेटर नहीं रहने की वजह से बेकार पड़ी-पड़ी धूल फांक रही है. इस बावत पूछे जाने पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एक्सरे मशीन का ऑपरेटर नहीं है. नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है और जल्द को बहाल कर दिया जाएगा. वहीं, डेंटल चेयर के लिए क्षेत्र के विधायक से भी पहले ही अनुरोध किया जा चुका है. इस पर अमल कब होगा कहा, नहीं जा सकता है. बता दें कि इस सीएचसी में विष्णुगढ़ प्रखंड के अलावा बोकारो जिले के सीमावर्ती गोमिया प्रखंड के मरीज भी पहुंचते हैं. इसके बावजूद सीएचसी में सुविधाओं का घोर अभाव है.

## इचाक उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में मिलीं कई कमियां

- एंटी क्राइम आर्गेनाइजेशन ने पांच दिनों तक लिया जायजा
- देर से खुलता है दवा काउंटर समय पर नहीं आते डॉक्टर

**संवाददाता। हजारीबाग**

इचाक प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन के स्टेट डायरेक्टर बिपिन कुमार और जिला डायरेक्टर ज्ञानेश्वर दयाल के नेतृत्व में टीम ने निरीक्षण किया. इस संबंध में बिपिन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर आर्गेनाइजेशन की टीम द्वारा पिछले पांच दिनों से लगातार अस्पताल की निगरानी की गई. इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में कई अनियमिताएं पाई गई. टीम जब उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, तो सुबह 11:30 बजे तक सभी स्टाफ नहीं आए थे. जिला उपाध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि मेडिकल स्टोर के प्रभारी रमेश 12 बजे तक नहीं पहुंचे थे. वहीं, ओपीडी में डॉक्टर जो दवाइयां लिख रहे थे, वह मरीजों को नहीं मिल पा रहा था.

## ब्रीफ खबरें

### दामोदर नदी किनारे मिला अधेड़ का शव

**तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट स्थित दामोदर नदी के दो नंबर छठ घाट के पास एक अधेड़ का शव बरामद किया गया. शव की पहचान साड़म ग्राम के नैनाटांड़ टोला निवासी परमेश्वर यादव उर्फ डोयां के रूप में हुई है. सूचना मिलते ही तेनुघाट ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. मृतक के भाई धनेश्वर यादव ने बताया गया कि परमेश्वर यादव मानसिक रूप से विक्षिप्त था.

### मकान में लगी आग 2 लाख का नुकसान

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के तेलोनारी पंचायत स्थित बेलडीह में बुधवार की सुबह कारू राम के खपरैल मकान में आग लग गई. आग लगने के बाद मकान धू-धू कर जलने लगा. देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गया और मकान का छत जलकर गिर गया. वहीं आगलगी की घटना में घर में रखा अनाज सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया. आग लगने की खबर फैलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली.

### हत्याकांड का आरोपी बजरंगी वापस गया जेल

**धनबाद।** यूपी के शूटर अमन सिंह हत्याकांड के नामजद आरोपियों में शामिल विकास बजरंगी को पुलिस ने बुधवार को वापस जेल भेज दिया. बजरंगी को पुलिस ने तीन दिनों की रिमांड पर लिया था, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में उसके कई टेस्ट हुए, तो पता चला कि उसके गाल ब्लाडर में स्टोन है. इस कारण उसे पेट में दर्द और उलटी हो रही थी. पुलिस सुरक्षा में उसका अस्तपाल में इलाज कराया गया.

### फल विक्रेता की पत्नी दस दिनों से लापता

**कतरास।** फल विक्रेता सलानपुर निवासी सफई लाल सोनकर ने दस दिनों से अपनी पत्नी कान्ति देवी की लापता होने की शिकायत कतरास पुलिस से की है. सफई लाल सोनकर ने बताया कि वह फल बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है. बीते दस दिसंबर को वह सुबह दस बजे फल बेचने घर से निकला ओर रात में जब वह घर पहुंचा तो देखा की घर के दरवाजे में ताला लगा है. आसपास के लोगों से पूछताछ करने से कोई जानकारी नहीं मिली. बाद में पुलिस से गुहार लगाई है.

### चोरों ने आधा दर्जन घरों से लाखों की चोरी की

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के पूरनाडीह और लक्ष्मीपुर गांव में मंगलवार की रात चोरों ने आधे दर्जन घरों को निशाना बनाया. इस दौरान चोरों ने चार घरों का ताला तोड़कर बर्तन, जेवरात, कपड़े समेत हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया.
चोरों ने लक्ष्मीपुर के पिंटू राय व लक्ष्मीपुर के ही श्याम सुंदर विश्वकर्मा के घर से हजारों की चोरी कर ली है. वहीं पूरनाडीह के जीतलाल हजाम के घर से लगभग 72000 रुपये साथ ही रामजी रावत के घर से लाखों की चोरी कर ली.

### स्कूल से मिड डे मील का चावल चुरा ले गए

**तोपचांची।** विगत मंगलवार 19 दिसंबर को देर रात तोपचांची प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भिखनीडीह में असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय के गोदाम का ताला तोड़कर स्कूल में रखें मध्यान भोजन के चावल चोरी हो गई. घटना के क्रम में विद्यालय के शिक्षक बृज किशोर चौबे ने बताया कि देर रात और असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल के गोदाम का ताला तोड़कर मध्यान भोजन के लिए रखे चावल की 10 बोरी चावल चोरी हो गई.

### बालू लदे हाईवा को एसडीओ ने किया जब्त

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर जिले में बालू, पत्थर आदि खनिजों के अवैध खनन और उसके परिवहन के विरुद्ध सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत सचान ने मंगलवार की देर रात जरियागढ़ थाना क्षेत्र में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान अवैध बालू से लदी एक हाईवा वाहन को जब्त किया गया. इस मामले में जरियागढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है.

---

### बिजली बिल जमा नहीं होने का भेजते थे फर्जी मैसेज, मोबाइल और सिम भी किए गए जब्त

# 5 साइबर आरोपी गिरफ्तार, 25 हजार नकद जब्त

**संवाददाता।जामताड़ा**



जामताड़ा में साइबर अपराध के तरीके और पैंतरे बदल-बदल कर ठगी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों की गिरफ्तारी करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सुगापहाड़ी व कालाझरिया से हुई है. मंगलवार की देर शाम जामताड़ा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी मंजरूल होदा के नेतृत्व में टीम का गठन कर कीमरटांड़ थाना क्षेत्र के कालाझरिया में छापेमारी की गई. वहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बेसमेंट से सामुपोखर गांव निवासी अजीत मंडल, दुधानी गांव के पंकज कुमार मंडल व मटटांड़ के विशाल कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया. इसके बाद सुगापहाड़ी गांव में छापेमारी कर राकेश दास व उत्तम कुमार दास को पकड़ा गया. इन सभी के खिलाफ जामताड़ा साइबर में मामला दर्ज किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से 14 मोबाइल,17 सिम, 2 एटीएम, एक पैनकार्ड व 25 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं. साइबर डीएसपी मंजरूल होदा ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार पंकज मंडल व अजीत मंडल साइबर अपराध के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं. पुलिस बाकी तीन आरोपियों के पुराना आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है. छापेमारी टीम में परीक्ष्यमान डीएसपी चंद्रशेखर, जामताड़ा साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार, सब इंस्पेक्टर नागेश्वर साव, प्रणय सत्यम व रजनीश आनंद शामिल थे.

#### केवाईसी कराने के नाम पर मांगते थे बैंक डिटेल

साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा है कि वे बिजली अधिकारी बन कर बिल जमा नहीं करने और बिजली लाइन काटने का मैसेज देकर लोगों को झांसे में लेकर उनका पर्सनल डाटा ले लेते थे. इसके बाद उनके खाते से रुपए उड़ा लेते थे. इसके साथ विभिन्न बैंकों का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड केवाईसी अपडेट करने के नाम पर मोबाइल सेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर कार्ड नंबर तथा गोपनीय नंबर प्राप्त कर ठगी करते थे.

### आओ जानें

**देश में किस राज्य में कितनी महिला पुलिस तैनात**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 21.8% | पंजाब | : 9.9% |
| बिहार | : 21.2% | पश्चिम बंगाल | : 9.9% |
| तमिलनाडु | : 19.1% | सिक्किम | : 9.0% |
| महाराष्ट्र | : 17.8% | कर्नाटक | : 8.6% |
| गुजरात | : 16.3% | तेलंगाना | : 8.5% |
| हिमाचल प्रदेश | : 14.0% | हरियाणा | : 8.2% |
| उत्तराखंड | : 12.08% | केरला | : 7.8% |
| उत्तरप्रदेश | : 10.7% | मध्यप्रदेश | : 7.4% |
| अरुणाचल प्रदेश | : 10.7% | मिजोरम | : 7.1% |
| गोवा | : 10.6% | झारखंड | : 6.2% |
| ओडिशा | : 10.5% | मेघालय | : 6.0% |
| राजस्थान | : 10.4% | त्रिपुरा | : 5.3% |

---

### मानगो बालीगुमा गायत्री होम्स का रहने वाला है कौशिक गुप्ता

# मानगो का छात्र कौशिक 8 दिनों से लापता, मचा हड़कंप

**संवाददाता। जमशेदपुर**

मानगो बालीगुमा गायत्री होम्स के रहने वाले संजीव कुमार गुप्ता का इकलौता पुत्र कौशिक गुप्ता 12 दिसंबर से लापता है. 12 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर कौशिक अपने घर से बैग लेकर निकला था लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा. कौशिक सीतारामडेरा हाई स्कूल का विद्यार्थी है. परिजन जब विद्यालय पहुंचे और पुत्र के बारे में जानकारी ली तब विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कौशिक एक दिन पूर्व ही विद्यालय से अपना टीसी ले चुका है और विद्यालय दोबारा नहीं आने की बात कही है. कौशिक के परेशान परिजनों ने इस मामले की जानकारी एमजीएम पुलिस को दी.

**अलग-अलग जगह मिल रहा लोकेशन:** एमजीएम थाना के द्वारा मोबाइल का लोकेशन निकालने पर रांची में होने की बात पता चली, कुछ देर बाद लोकेशन बंद हो गया. उसके दूसरे दिन लोकेशन हावड़ा में बताया. परिजन पुलिस के साथ हावड़ा गए, लेकिन वहां कुछ पता नहीं चला. दो दिन बाद कौशिक का लोकेशन बनारस के अस्सी घाट बता रहा था. पुत्र के लापता होने के बाद से माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हुआ है. इस मामले को लेकर मंगलवार को भाजपा नेता विकास सिंह कौशिक के परिजनों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और ग्रामीण एसपी से मिलकर मामले से उन्हें अवगत कराया. परिजनों ने कौशिक को ढूंढने में मदद करने का आग्रह किया. ग्रामीण एसपी ने परिजनों को भरोसा दिया कि पुलिस कौशिक को जल्द खोज निकलेगी.






लापता छात्र कौशिक की फाइल फोटो और एसपी से बात करते परिजन.

#### 3 घंटे में पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को मुक्त कराया



**गिरिडीह।** पुलिस ने तीन घंटे के भीतर अपहरणकर्ताओं के चंगुल से अपहृत युवक को भी सकुशल बरामद कर लिया है. साथ ही किडनैपिंग के लिए इस्तेमाल की गई बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया है. वहीं, किडनैपिंग की घटना को अंजाम देने वाले किडनैपरों की गिरफ्तारी को लेकर भी छापेमारी की जा रही है. एसपी दीपक शर्मा को जानकारी मिली कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जोरासिमर गांव के निवासी जितेन्द्र उर्फ गुडरू मंडल के पुत्र मिथिलेश मंडल का अज्ञात अपराधियों ने अपहरण कर लिया है. अपराधियों ने मिथिलेश मंडल के परिजनों को फोन करके कहा था, यदि युवक सलामती चाहते हैं तो दस लाख रुपये लेकर तुरंत डुमरी पहुंचे, अन्यथा इनकी हत्या कर फेंक दी जायेगी. **एसपी ने किया एसआईटी गठित :** अपहृत व्यक्ति की सकुशल बरामदगी और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने एसआईटी का गठन किया. जिसके बाद एसआईटी की टीम ने अपराधियों का घेराबंदी किया. अपराधियों ने अपने को पुलिस से घिरा हुआ पाकर गिरफ्तारी के डर से अपहृत मिथिलेश मंडल को बगोदर क्षेत्र में छोड़कर भाग निकले.

### मवेशी लदे वाहन के साथ दो गिरफ्तार

**जमुआ (गिरिडीह)।** खोरीमहुआ जमुआ मुख्य मार्ग पेठंडी में मवेशी लदे पिकअप वैन के साथ दो पशु तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है. गुप्त सूचना के आधार पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर जमुआ थाना प्रभारी बिपिन कुमार व एसआई रवि प्रकाश पंडित पुलिस बल के साथ खोरीमहुआ जमुआ मुख्य मार्ग पेठंडी में वाहन को पीछा कर पकड़ा. इस दौरान पिकअप वैन का चालक सुनील यादव भागने में सफल रहा. वहीं, दो पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार पशु तस्कर में जमुआ के काजीमगहा निवासी परवेज उम्र 42 वर्ष एवं राजधनवार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी नागों राय उम्र 60 वर्ष शामिल है. एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि वाहन में लदे सभी 6 पशु स्वस्थ हैं, डॉक्टर ने जांच के बाद सभी को स्वस्थ बताया है.

## बेरमो में रेलवे ट्रैक पर मिला सीसीएलकर्मी का शव



**कथारा (बेरमो)।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह मांझी टोला के समीप रेलवे साइडिंग जाने वाले रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक शव मिला. शव की पहचान सीसीएल कर्मी किशोर कुमार सिंह के रूप में हुई है. कुछ लोग जब उधर से गुजर रहे थे, तब शव को देखा. घटना बुधवार के लगभग 1 बजे की बताई जा रही है. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग वहां जमा हो गए. मृतक के परिजन को घटना की जानकारी दी गई. वहीं जानकारी मिलते ही बोकारो थर्मल थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता की तबीयत खराब थी. उनका इलाज चल रहा था. सुबह में बिस्किट और दवा खाने के बाद घर से निकले थे. वे सीसीएल के गोविंदपुर में कार्यरत हैं. मृतक सीसीएल कर्मी की दो बेटी और एक बेटा है. घटना के बाद से पत्नी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.

## जमशेदपुर में दहेज के लिए महिला की हत्या

**संवाददाता। जमशेदपुर**



साकची थाना अंतर्गत काशीडीह लाइन नंबर 16 निवासी मिताली गोस्वामी (32) की मंगलवार देर रात मौत हो गई. इस मामले में मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. मिताली के पिता उमेश चंद्र गोस्वामी के बयान पर पति नितेश गोस्वामी, पिता अशोक गोस्वामी, मां मीरा गोस्वामी, जेठ सोनू गोस्वामी, जेठानी प्रीति गोस्वामी और ननद राधा गोस्वामी के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया है.

#### मंगलवार को ही जताई थी हत्या की आशंका

मामले को लेकर उमेश चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वे लोग धनबाद के टुंडी में रहते हैं. उनकी बेटी की शादी दिसंबर 2016 को नितेश गोस्वामी के साथ हुई थी. शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक चला फिर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा. लोक लाज के डर से थाने में शिकायत ना कर अपने स्तर में मामले को सुलझाने का प्रयास किया. इस बीच बेटी गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने बेटे की चाहत में मिताली को घर से निकल दिया. हालांकि, मिताली ने बेटे को ही जन्म दिया जिसके बाद मिताली को ससुराल वालों ने घर पर रखा. 6 दिसंबर को ससुराल वाले फ्लैट की मांग करने लगे और मिताली को फिर से एक बार घर से निकाल दिया. उस वक्त भी उन्होंने मिताली के ससुराल जाकर सभी को समझाया था. मंगलवार शाम मिताली ने फोन कर कहा कि उसे घर ले जाए नहीं तो ससुराल वाले उसे जान से मार देंगे. इसी बीच रात को खबर मिली की मिताली ने आत्महत्या कर ली है. बुधवार को जब शहर पहुंचे तो पाया कि मिताली के शरीर में चोट के निशान है. इधर, शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में भी लिया है.

## पुलिस ने दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार, चार बाइक बरामद



**संवाददाता।गिरिडीह**

गिरिडीह नगर थाना पुलिस को काफी दिनों बाद बाइक चोर गिरोह तक पहुंचने में सफलता मिली है. पुलिस ने चार बाइक बरामद करने के साथ गिरोह के मुख्य अपराधी राजकुमार गोस्वामी और गिरोह के खरीदार फिलिप मुर्मु को दबोचने के साथ चार बाइक चोर को भी बरामद किया है. गिरोह के जिस अपराधी राजकुमार गोस्वामी को नगर थाना पुलिस ने दबोचा. वह पहले बगोदर के प्रतिबंधित संगठन एनएसपीएम और उसके सरगना उमेश गिरि के गिरोह से भी जुड़ा हुआ था. कुछ महीनों तक उमेश गिरि के साथ रहकर मिलकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद फिर से बाईक चोरी की घटना को अंजाम देना शुरु कर दिया.

नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकुमार गोस्वामी देवघर के चितरा थाना क्षेत्र के अलकवारा गांव का रहने वाला है. जबकि खरीदारी से रिसिवर फिलिप मुर्मु भी चितरा थाना क्षेत्र के बागजोरिया गांव का रहने वाला है. मंगलवार की शाम राजकुमार को गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया.

### गोड्डा जिला मुख्यालय के पास मिला अधजला शव

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय के पास कड़िया नदी के सटे कन्हवारा पुल के पास गांव के अरुण साह के पुत्र रोहित साह का अधजला शव मिला. आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को नदी के पास जलाने का प्रयास किया गया है. घटना से आक्रोशित लोगों ने शहर के हटिया चौक के पास मुख्य सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रकट किया. मौके की नजाकत को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा शिव शंकर तिवारी, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, पुलिस निरीक्षक पथरगामा मुकेश पांडे एवं पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो की अगुवाई में काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर बुला लिया गया. घटना की पड़ताल के लिए स्वान दस्ता भी दुमका से बुलाया गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोहित शाह बीते संध्या से घर नहीं लौटा था. सुबह उसे खोजने के क्रम में उसका अधजला शव लोगों ने देखा. मामले को लेकर पूरे शहर में तनाव व्याप्त है. पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है.

## पांडव गिरोह का सरगना संजय सिंह रांची से गिरफ्तार

### संजय के खिलाफ पटना-जहानाबाद जिले में हत्या, अपहरण, रंगदारी से संबंधित 16 मामले दर्ज

- संजय के पास से पुलिस ने एक राइफल, कारतूस समेत अन्य सामान भी बरामद किए

**संवाददाता।रांची**

पांडव गिरोह का सरगना व कुख्यात अपराधी संजय सिंह को पुलिस ने रांची के सदर थाना क्षेत्र से बुधवार की सुबह रांची से गिरफ्तार कर लिया है. उसके खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों में 16 से अधिक आपाराधिक मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ बिहार पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था.

बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बुधवार को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है. एसटीएफ की टीम ने रांची से गिरफ्तार किया है. पांडव गिरोह का सरगना कहे जाने वाले संजय सिंह के पास से पुलिस ने एक राइफल, कारतूस समेत अन्य सामान भी बरामद किया है. वह पटना जिला का कुख्यात अपराधी है.

**50 हजार का रखा गया है इनाम**



#### सदर थाना में पुलिस कर ही पूछताछ

गिरफ्तारी के बाद पुलिस कुख्यात अपराधी संजय सिंह से रांची सदर थाना में रखकर पूछताछ कर रही है. पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. पुलिस को उसने बिहार के जहानाबाद व पटना जिले में कई आपराधिक वारदातों के संबंध में जानकारी दी है. उसने पुलिस को गिरोह में सक्रिय अपराधियों के बारे में भी जानकारी दी है. पटना-जहानाबाद के किन-किन कांडों में गिरोह का हाथ रहा है, इसके बारे में पुलिस को बताया है. हाल ही में दानापुर कोर्ट में जिस कुख्यात अभिषेक उर्फ छोटे सरकार को गोली मारी गयी थी, वह इसी पांडव गिरोह का सदस्य था.

#### अपराध की दुनिया में कई वर्षों से सक्रिय रहा है संजय सिंह

संजय सिंह मूल रूप से पटना जिला के धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव का रहने वाला है. वह अपराध की दुनिया में पिछले कई वर्षों से सक्रिय था. उसके खिलाफ पिछले साल अप्रैल महीने में जहानाबाद में एक ही दिन दो लोगों की हत्या करने का आरोप लगा था. 27 अप्रैल 2022 को एक ही दिन अभिराम शर्मा और दिनेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस डबल मर्डर केसा का आरोप भी संजय सिंह पर ही लगा था. संजय के खिलाफ पटना और जहानाबाद जिला में हत्या, अपहरण, रंगदारी से संबंधित कुल 16 मामले दर्ज हैं.

---

**कोर्ट की खबरें**

### व्यवसायी ज्योति रंजन को उसके घर के सामने गोली मार दी थी

# जूस कारोबारी हत्याकांड में 4 आरोपी को बरी किया गया

**संवाददाता।धनबाद**



राजगंज के चर्चित जूस व्यवसायी ज्योति रंजन की उसके घर के सामने गोली मारकर हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्य ाय ाध ीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट एवं अधिवक्ता सहदेव महतो की दलील सुनने के बाद मामले के आरोपी सौरभ कुमार श्रीकांत मिश्रा राहुल कुमार एवं सोनू कुमार को बाईज्जत बरी करने का आदेश दिया है. चारों आरोपी बीते एक साल से जेल में बंद थे.

**गोली मारकर हुई थी हत्या :** बताया जाता है कि जूस व्यवसायी ज्योति रंजन 29 सितंबर 22 को अपनी पत्नी एवं पांच वर्ष के बच्चे के साथ शाम में डिज्नीलैंड घूमने गया था. डिज्नीलैंड से वापस जब वह राजगंज खरनी मोड़ स्थित अपने घर पहुंचा तो अपनी पत्नी को कॉलोनी का दरवाजा खोलने के लिए कहा. जैसे ही उसकी पत्नी दरवाजा खोलने के लिए गाड़ी से उतरी की बगल से आकर दो हमलावरों ने ज्योति रंजन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी. आनन-फानन में ज्योति रंजन को उसके पिता और भाई ने एसएनएमसीएच में भर्ती कराया था. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### विकास सिंह को मिली अंतरिम जमानत

**धनबाद।** प्रिंस खान और उसके शूटरों को हथियार सप्लाई करने के आरोप में जेल में बंद अंबिकापुरम निवासी विकास सिंह को बुधवार को अदालत से एक बार फिर राहत मिली. वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद जिला एवं न्यायाधीश नीरज विश्वकर्मा की अदालत ने विकास सिंह को 13 दिनों की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी है. इसके पूर्व 11 दिसंबर को अदालत ने विकास को दस दिनों की अंतरिम जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया था. आठ दिसंबर 23 को विकास सिंह ने अदालत में आवेदन देकर कहा था कि उसकी दादी द्रौपदी देवी का देहांत 8 दिसंबर को हो गया है, अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत ने उसे दस दिनों के अंतरिम जमानत पर मुक्त करने का आदेश देते हुए 22 दिसंबर तक अदालत में सरेंडर करने का आदेश दिया था. पुनः 15 दिसंबर को विकास सिंह ने आवेदन दायर कर कहा कि उसके बड़े भाई राज प्रकाश की मौत हो गई है. इसलिए उसके अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई जाए अदालत ने विकास सिंह को एक जनवरी तक अंतरिम जमानत पर रहने का आदेश दिया है.

### नीरज हत्याकांड, चंदन, कुर्बान, सागर ने मांगी जमानत

**धनबाद।** नीरज हत्याकांड में बीते 6 वर्षों से जेल में बंद यूपी के शूटर चंदन सिंह, कुर्बान अली उर्फ सोनू, शिबू उर्फ सागर सिंह ने अदालत में जमानत की अर्जी दायर कर जमानत पर मुक्त करने की गुहार लगाई है. जमानत अर्जी में कहा गया है कि इनके विरुद्ध अभिलेख पर कोई साक्ष्य नहीं है कि इन्होंने किसी पर गोली चलाई अथवा यह लोग षड्यंत्र में शामिल थे. नीरज हत्याकांड के एक अन्य अभियुक्त अमन सिंह की जेल में गोली मार कर हत्या कर दी गई है. धनबाद जेल में इनकी भी जान को खतरा है इसलिए इन्हें जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया जाए.अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि तीनों के जमानत अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई हो सकती है.

## हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा और 20 हजार जुर्माना

**संवाददाता।मेदिनीनगर**

जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमरेश कुमार की अदालत ने रोहतास जिले के अमझौर थाना क्षेत्र अंतर्गत चितौली बालपर निवासी भीम खरवार को हत्या के एक मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है. अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी. इस मामले में शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड़मा झरना टोली निवासी लखन खरवार ने भीम खरवार व अन्य दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक शहर थाना में दर्ज करायी थी.

शहर थाना कांड संख्या 344 /2013 दिनांक 27 जुलाई, 2013 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. सूचक की मौत के बाद धारा 302 जोड़ा गया था. उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई, 2013 को रात्रि 11 बजे भीम खेरवार ने अन्य के साथ मिलकर रेड़मा रांची रोड भगवती अस्पताल के पास स्थित लखन खरवार के घर में घुसकर छुरे से उसके पेट, गला, ललाट, दाहिने हाथ की कलाई एवं ठुड्डी पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था. इलाज के दौरान लखन खरवार की मौत रांची स्थित रिम्स में हो गई थी. अदालत ने साक्ष्य के आधार पर भीम खरवार को दोषी पाया. इस केस के दो नामजद अभियुक्त फरार चल रहे हैं, जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत है.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** बारहवें भाव में राहु चंद्रमा का योग है. दिन चिड़-चिड़ापन वाला होगा. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी. माता के आशीर्वाद से भाग्य में विशेष बदलाव आएगा. शिवलिंग पर गन्ने का रस से अभिषेक करें.

**वृषभ** गलत आय से बचें. काम के बोझ के चलते तनाव लगातार बढ़ता जाएगा. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** भाग्य का साथ कर्म के बल पर मिलता दिख रहा है. विवाद से बचें. साथ धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी.

**कर्क** भाग्य का साथ मिलेगा. कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** उदर विकार से बचना चाहिए. कोई मानसिक तनाव भी हो सकता है. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** जीवनसाथी से विवाद हो सकता है.घर में सजावट हो सकती है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला** समय लाभ का मौका देगा. किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे.

**वृश्चिक** सत्कर्म करे समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग हैं. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. दुर्गा माता का पूजन करें.

**मकर** भाई बहन से बिना वजह का विवाद हो सकता है. किसी गरीब की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. किसी अपने से पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें.

**कुंभ** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमान हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह बढ़ेगी. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** राहु स्वास्थ्य खराब कर सकता है. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी, जिससे मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दे. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

### प्रज्ञान इंटरनेशनल विवि विधयक और शाईन नेशनल विवि विधेयक पास

# आंदोलनकारियों को नौकरी में मिलेगा 5 प्रतिशत आरक्षण



विशेष संवाददाता। रांची

विधानसभा से बुधवार को झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संसोधन) विधेयक 2023 पास हो गया. इसके बाद अब झारखंड आंदोलनकारियों को नौकरियों में 5 प्रतिशत तक क्षैतिज आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है. राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद यह लागू हो जाएगा. मालूम हो कि राज्य सरकार ने रिक्तियों में आंदोलनकारियों के आश्रित को पांच प्रतिशत का क्षेतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है. राज्य सरकार की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नियुक्तियों में हर आंदोलनकारी के एक आश्रित को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा. जो वन टाइम के लिए होगा. इसके अतिरिक्त आंदोलनकारी के आश्रित के अलावा महिलाओं को भी रिक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा. दिव्यांगों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा, इसके अतिरिक्त सदन से बुधवार को प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधयेक 2023 और शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधयेक 2023 भी पास हो गया.

## किसने क्या कहा

### जेपी आंदोलनकारियों को भी मिले आरक्षण : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड आंदोलन के नाम पर आंदोलन करने वाले लोगों ने झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया. वनांचल आंदोलन के कारण ही झारखंड राज्य बना. जिसमें भाजपा की अहम भूमिका रही. इसलिए इस विधेयक में झारखंड के साथ वनांचल शब्द को भी जोड़ा जाए और जेपी आंदोलनकारियों को भी आरक्षण एवं सम्मान मिलना चाहिए.



### वृहद झारखंड आंदोलनकारियों को भी लाभ मिलना चाहिए : सिंह

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलन वृहद झारखंड के लिए चल रहा था. जिसमें उड़ीसा, बंगाल के भी कुछ हिस्सा शामिल था. इन राज्यों के लोगों ने भी अपनी लड़ाई लड़ी, अपना योगदान दिया. सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या उन राज्यों के आंदोलनकारियों को इसका लाभ मिलेगा या नहीं. क्योंकि जो झारखंड अलग हुआ उसमें बंगाल और उड़ीसा के जिले शामिल नहीं हैं.

### उत्तराखंड की तरह मिले आंदोलनकारियों को आरक्षण : लंबोदर

आजसू पार्टी विधायक डा लंबोदर महतो ने कहा कि पांच प्रतिशत आरक्षण वह भी वन टाइम के लिए झारखंड आंदोलनकारियों के साथ अन्याय है. उत्तराखंड की तरह यहां भी 10 प्रतिशत तक आरक्षण मिले. उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद अब तक झारखंड आंदोलनकारियों को उन्हें सम्मान और अधिकार नहीं मिला.

## बाबूलाल ने स्पीकर पर लगाया नजरअंदाज करने का आरोप

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रविंद्रनाथ महतो पर पक्षपात और राजनीति से प्रेरित होने का आरोप लगा है. इस बार यह आरोप बाबूलाल मरांडी ने लगाया है, जो पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं. इससे पहले चार साल तक नेता प्रतिपक्ष का स्थान पाने का प्रयास करते रहे, लेकिन दल-बदल कानून के कारण उन्हें यह पद नहीं मिला. बाबूलाल मरांडी ने सदन के बाहर आकर बताया कि वे झारखंड में पदों एवं सेवाओं में रिक्तियों के लिए आरक्षण(संशोधन) विधेयक पर अपनी बात रखना चाहते थे और उन्होंने इसके लिए अपना हाथ भी काफी देर तक उठाए रखा, ताकि स्पीकर के संज्ञान में ये बात आये, लेकिन स्पीकर ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया. उन्होंने कहा कि स्पीकर राजनीति से प्रेरित और पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं और इससे वे बहुत आहत, अपमानित और अंदर से दुखी हैं.



## राजधानी के स्कूलों में क्रिसमस और सर्दी की छुट्टियां हुई घोषित

**रांची।** क्रिसमस और सर्दी को लेकर सीबीएसई, आईसीएसई स्कूलों में अवकाश की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कई स्कूलों में 23 दिसम्बर के बाद से तो कुछ स्कूलों में 30 दिसम्बर के बाद छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। सेल टाउनशिप स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 30 दिसम्बर से 7 जनवरी तक छुट्टी रहेगी. एसआर डीएवी पुंदाग, डीएवी कपिलदेव और नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में 25 दिसम्बर से अवकाश शुरू होगी, जबकि पुनः विद्यालय 2 तारीख को खुलेगी. जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक छुट्टी रहेगी. वहीं सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 1 जनवरी से 4 जनवरी तक अवकाश रहेगा. बिशप वेस्टकॉट ब्वायज स्कूल में 16 दिसम्बर से ही छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं, जो 7 जनवरी तक चलेंगी, जबकि नेवरी स्थित जी एण्ड एच हाई स्कूल में 31 दिसम्बर से 8 जनवरी तक अवकाश रहेगा.

## विधायकों के निलंबन और रोजगार के मुद्दे पर सदन में भाजपा विधायकों का हंगामा

### शून्यकाल के दौरान वेल में बैठकर हंसी-ठिठोली कर रहे थे भाजपा के विधायक

संवाददाता। रांची

शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भाजपा ने पहली पाली में सदन के अंदर रोजगार और अपने तीन विधायकों के निलंबन मामले को लेकर हंगामा किया. 11.07 में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक रणधीर सिंह और ढुल्लू महतो वेल में पहुंच गये. वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और विधायक अमित मंडल ने स्पीकर से तीनों विधायकों (बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, जेपी पटेल) का निलंबन वापस लेने की अपील की. अमित मंडल ने कहा कि मंगलवार को तीनों विधायक रोजगार के मुद्दे पर अपनी बात सदन में रखने की कोशिश कर रहे थे. निलंबन का फैसला ज्यादा कठोर हो गया है. स्पीकर उदार दिल दिखाते हुए निलंबन को वापस लें.

इसके बाद सभी भाजपा विधायक रोजगार के मुद्दे को लेकर वेल में आ गये. हंगामा शुरू होने के बाद स्पीकर ने 11.23 में सदन की कार्यवाही 12.30 तक के लिए स्थगित कर दी. 12.33 में दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा के विधायक फिर से वेल में आकर हंगामा करने लगे. फिर वे वहीं धरने पर बैठ गये. इस दौरान स्पीकर शून्यकाल की सूचनाएं लेते रहे. उधर भाजपा के विधायक धरने पर बैठकर हंसी-ठिठोली कर रहे थे. इसे देखकर स्पीकर ने रणधीर सिंह को डांटते हुए कहा कि वे अच्छा नहीं कर रहे हैं. विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि ऐसे लोगों को सदन बर्दाश्त नहीं कर सकता. इनपर कार्रवाई की जानी चाहिए. इस दौरान सदन में सरकार की ओर से कई सवालों के जवाब दिये गये.



### दलितों, आदिवासियों से छद्म सहानुभूति न दिखाएं डॉ इरफान

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सदन में कहा कि भाजपा के लोग यह प्रचार कर रहे हैं कि उनके तीन विधायकों का निलंबन युवाओं के पक्ष में आवाज उठाने पर हुआ है, जबकि यह सही नहीं है. वे सदन में हंगामा कर रहे थे इसलिए निलंबित किया गया. उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी दलित समुदाय से आते हैं, लेकिन भानु और बिरंची जैसे विधायक दलित और आदिवासी प्रेम का दिखावा करते हैं. इसपर अमर बाउरी ने कहा कि इरफान अंसारी ने उनके प्रति जो सहानुभूति दिखाई है

### एक महीने में घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति होगी

विधायक दशरथ गगराई ने कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया. प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार ने 281 नियमित और 34 बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों के पद पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी है. एक महीने के भीतर नियुक्ति होगी.

### कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाणपत्र मिलने के बाद चालू होगा

विधायक समीर मोहंती ने सदन में चाकुलिया नगर पंचायत के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के चालू नहीं होने का मामला उठाया. कहा कि 2022 में प्लांट बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है. इस पर प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि प्लांट का निर्माण होने के बाद चालू करने के लिए तीन प्रकार के प्रमाण पत्र को प्राप्त करना जरूरी होता है. जिनमें से दो मिले हैं.

### स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत, 67 फीसदी खाली

झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में 19621 पद स्वीकृत हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ 6414 पदों पर ही कर्मचारी काम कर रहे हैं. यानी स्वीकृत पद के लगभग 33% पदों पर ही कर्मचारी हैं, 67 फीसदी पद खाली हैं. सदन में विधायक नीरा यादव के पूछे सवाल पर सरकार ने जवाब दिया. नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में चिकित्सा पदाधिकारी ने 2022 से अब तक आउटसोर्सिंग में की गई नियुक्ति में भारी गड़बड़ी की है. इसपर सरकार ने जवाब दिया कि नियमित स्वीकृत पद पर आईपीएच मानक के आधार पर आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति हुई है.

## राजमहल के दौरे पर साहिबगंज पहुंचीं वृंदा

**साहिबगंज ।** सीपीआईएम पोलित ब्यूरो सदस्य सह पूर्व सांसद वृंदा करात व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश विप्लव अपने राजमहल लोकसभा दौरे पर बुधवार को साहिबगंज पहुंचे. स्थानीय सर्किट हाउस में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि संसद के नए भवन में सिक्योरिटी ब्रीच मामले में सवाल उठाने पर 141 सांसदों को निलंबित किया जाना हिंदुस्तान के संसदीय इतिहास में काला दिन है. सांसद संविधान के तहत व संसदीय कार्यप्रणाली व इतिहास की गरिमा को देखते हुए संसद की सुरक्षा में चूक पर प्रधानमंत्री व अमित शाह का बयान चाह रहे थे.



## साहिबगंज में आपकी सरकार आपके द्वार

**साहिबगंज ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में बुधवार को बरहेट के फुलबंगा बोरियों के मोती पहाड़ी बड़ा, बरहरवा के मयूरकोला, पतना के तालझारी, उधवा के सुतिहारपाड़ा साहिबगंज के किशन प्रसाद, राजमहल के बाबूपुर एवं तालझारी प्रखंड के बड़ा दुर्गापुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. बोरियो प्रखंड के मोती पहाड़ी बड़ा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान राजेश कुमार शर्मा सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखंड सरकार सम्मिलित हुए जहां उनका पारंपरिक आदिवासी नृत्य से स्वागत किया गया. जहां सचिव शर्मा के साथ उपायुक्त राम निवास यादव, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

**सदन के बाहर** निलंबित तीनों विधायकों ने विस के मुख्यद्वार पर डेरा जमाया, विधायक भानु प्रताप ने चेताया

# भाजपा सरकार बनी तो इरफान के घर पर चलवाएंगे बुलडोजर

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन स्पीकर ने बीजेपी के तीन विधायक बिरंची नारायण, जय प्रकाश भाई पटेल और भानु प्रताप शाही को पूरे सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया. सत्र के चौथे दिन सदन से निलंबित तीनों विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर डेरा जमा लिया. बिरंची, भानू और जय पटेल तीनों गद्दा, चद्दर और तकिया लगाकर धरने पर बैठे. भानु प्रताप शाही ने कहा कि सदन में हमलोग युवाओं के हक की आवाज उठाते हैं तो हमें निलंबित कर दिया जाता है. यह लोकतंत्र और संविधान का उल्लंघन करने जैसा है. कहा कि जब भाजपा की सरकार बनेगी और बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. उसके 24 घंटे के अंदर इरफान अंसारी के घर पर बुलडोजर चलवाएंगे.



सदन से निलंबित तीनों विधायकों ने विधानसभा के मुख्यद्वार पर डेरा जमाया. धरना पर बैठे रहे.

### हमारा निलंबन वापस लें, सदन की कार्यशैली सुधारें

भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि झारखंड के 75% युवाओं को नौकरी देने का झूठा आश्वासन किया गया. केवल 6000 युवाओं को ही नौकरी मिली. बाकि युवा त्रस्त है. कहा कि स्पीकर के एक तरफा कार्रवाई के खिलाफ आज हम विधानसभा के मुख्य द्वारा पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं. हम लोगों को टारगेट करके का काम किया जा रहा है. हमारा निलंबन वापस ले और सदन की कार्यशैली को सुधारे.

### आकाओं को खुश करने के लिए ली 3 विधायकों की बलि

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने बताया यह सरकार युवा विरोधी है. बेरोजगार विरोधी है. हेमंत सोरेन की सरकार नोट गिनने में और घोटाला करने में व्यस्त है. इस सरकार ने चार साल में कई हजार करोड़ का घोटाला किया है. हर वर्ग के लोगों को ठगने का काम किया है. कहा कि हमने सदन के अंदर सवाल पूछा तो हमें निलंबित कर दिया गया. आगे कहा कि क्या हमने जूता चप्पल चलाया.

## हमारे सहयोगी लगातार.इन पर मिली टिप्पणियां

- हर राज्य की अपनी स्थायी और नियोजन नीति होती है, झारखंड राज्य में भी अन्य प्रदेशों से काफी लोग रोजगार या व्यापार करने के लिए आए थे,उनके पास 1932 या उससे पहले का खतियान है,तो उन्हे स्थाई निवासी माना जाना जाएगा. चलो 1932 न सही,1964 का खतियान ही निकालो,उसे भी स्थाई निवासी माना जाना चाहिए. **-किरण कुमार बिरुआ चाईबासा**
- सरकार केवल यह बिल लाती है जनता को ठगती है. अपने फायदे के लिए सिर्फ यह बिल लाती है. स्टूडेंट को तो कोई फायदा नहीं मिलता इसका. अगर यह बिल लायी है तो इसे लागू करे. तब जाकर स्टूडेंट को फायदा होगा. जोहार झारखं **-कुंदन सिन्हा, हुसैनाबाद**
- अगर ऐसा नीति बनाई गई है तो बिल्कुल सही है, क्योंकि इससे झारखंड के युवा जॉब के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं और बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है. **– अरविंद कुमार, कोडरमा**
- खतियानधारी को नौकरी में 90 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए. **-जीवन कुमार मंडल, जामताड़ा**
- यह बिल मंजूर करने लायक नहीं है, क्योंकि 1932 मं देश आजाद भी नहीं हुआ. यह बहुत ही गलत निर्णय है. तब तो ऐसी बात हे कि महाराष्ट्र काल में भारत में कौन था, उसको फायदा मिलेगा **-सोनू रांची**
- 15 नवंबर 2000, उससे पहले क्या था? **-विश्वनाथ गोराई, जमशेदपुर**
- 1932 के आधार पर ही तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों पर नौकरी में प्राथमिकता हो. **-भूपेश कुमार, रांची**
- सही है स्थानीयों को नौकरी मिलनी चाहिए. **-अनिल कुमार पाण्डेय, गिरिडीह**
- 1932-1965 झारखंड के मूल निवासी के लिए अति आवश्यक् है, जिससे उसकी हकमारी नहीं होगी. साथ ही साथ झारखंडी की पहचान भी 1932 से होगी. **-राहुल कुमार रामगढ़**
- यह बहुत ही जरूरी था. हम 1932 के खतियान संबंधी बिल का समर्थन करते हैं. **-राहुल कुमार, बड़कागांव, हजारीबाग**
- हां, बिल्कुल झारखंडी को तीसरे और चौथे ग्रेड की नौकरी मिलनी चाहिए. **– विश्वकर्मा सेठ**
- शुभम संदेश अखबार बेहतर कर रहा है. अखबार में छपी खबरें बाकी अखबारों से अलग रहती हैं. जो मुझे काफी पसंद है. शुभम संदेश का एडिटोरियल भी लाजवाब रहता है. **-ज्ञानरंजन सिंह, रांची**
- मैं इस निर्णय को लेकर सहमत हूं. 1932 खतियान जिंदाबाद. **-सुराई मरांडी, डुमरिया**
- यह विधेयक इस राज्य के मूलनिवासियों के लिए बहुत जरूरी है, ताकि इनके सामाजिक, आर्थिक, विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है, राज्य के निवासियों के लिए यह बहुत पहले हो जाना चाहिये था, लेकिन कोई बात नहीं. देर से ही सही, कुछ सही काम झारखंड के मूल निवासी के लिए हो रहा है. मुख्यमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं. **-मोहम्मद मोस्ताक, कसमार, बोकारो**
- यह मात्र एक लॉलीपॉप है झारखंड के जनताओं के लिए. एक तरफ जहां प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति में ग्रेड 4 का वेतनमान लाती है जबकि tet 2013 पर आधारित ली गई है और बीच में ही आचार्य का विज्ञापन लाती है ठीक उसी तरह है जिस तरह फुटबॉल के एक मैच के दरमियान बीच में ही नया नियम बदल दिया जाता है क्या सही में ऐसा होता है शायद नहीं. जब सभी विधायक और मंत्री अपने वेतनमान बढ़ाने की बात आते हो तो इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों एक साथ मिल जाया करते हैं सभी नियमों को तक में रखकर सभी काम आसानी से कर लिया जाता है लेकिन जब जनता की बारी की बात हो तो कहीं ना कहीं वोट बैंक के लिए एक लॉलीपॉप तैयार किया जाता है. **– दानियल बारका मुर्मू, बोकारो**
- जिस व्यक्ति के पूर्वजों का 1932 खतियान में नाम सम्मिलित है एवं जिनके खतियान में नाम नहीं है उसे ग्राम सभा द्वारा पहचान किया जाए। **– रमेश कुमार महतो, रांची, झारखंड**
- सरकार 1932 लागू करे या 2032 लागू करे, पहले बहाली निकाली है, उसका फेयरली एग्जाम ले और बेरोजगारों को उसकी एबिलिटी के अनुसार नियुक्ति दे. **– मोहम्मद लतीफ अंसारी, धनबाद**
- खतियानी रैयत के वंशज ही असली झारखंडी हैं. यहां की नौकरियों में उनका पहला हक है. **– हुसैनाबाद, पलामू**
- हमें दूसरे राज्यों के छात्रों को नौकरी के लिए यहां नहीं आने देना चाहिए. **-मीनाक्षी बोकारो**
- हर राज्य का अपना स्थायी और नियोजन नीति होता है, झारखण्ड राज्य में भी अन्य प्रदेशों से काफी लोग रोजगार या व्यापार करने के लिए आए थे,उनके पास 1932 या उससे पहले का खतियान है,तो उन्हे स्थाई निवासी माना जाना जाएगा, चलो 1932 न सही,1964 का खतियान ही निकालो,उसे भी स्थाई निवासी माना जाना चाहिए. **-किरण कुमार बिरुवा, चाईबासा**
- सरकार का निर्णय सही है. इसका कार्यान्वयन अविलंब किया जाना चाहिए. **-तरुण कुमार दत्ता, बहरागोड़ा**
- बहुत अच्छा निर्णय है. इससे झारखंड के युवाओं को लाभ मिलेगा. अगर यह पहले लागू हो जाता है तो और फायदा होता. **-प्रीति, धनबाद**
- झारखंड के खतियानी रैयत के वंशजों को तो सरकारी नौकरियों में लाभ मिलना ही चाहिए. इसके लिए 1932 खतियानी विधेयक कारगर होगा. **-सुनील कुमार सिन्हा, ग्राम कचरा, हुसैनाबाद, पलामू**
- बिल का पास होना अच्छी बात है, लेकिन यह युवाओं को संतुष्ट करने के लिए काफी नहीं है. **-रतन ठाकुर, रांची**
- 1932 खतियानी विधेयक पास करने के लिए झारखंड सरकार को बहुत सारा धन्यवाद. **-बाल किशुन महत, रामगढ़**
- झारखंड सरकार ने भले ही देर से उठाया हो, फिर भी खतियानी विधेयक पास कराना सराहनीय कदम है. **-बिदेश बिंद, धनबाद**
- ये बिल पास होने से हम लोगो को अपनी पहचान मिली है. **-डीके वैद्य, दुमका**
- 1932 का खतियान का निर्णय बिल्कुल सही है. इसे लागू किया जाना जरूरी है. **-अंजली कुमारी, चित्तरपुर**
- इस राज्य के मूलनिवासियों के लिए बहुत जरूरी है ताकि इनके सामाजिक, आर्थिक, विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है, राज्य के निवासियों के लिए ये बहुत पहले हो जाना चाहिये था लेकिन कोई बात नही देर से ही सही कुछ सही काम झारखंड के मूल निवासी के लिए धन्यवाद के पात्र है. **-दानियल बारका मुर्मू, बोकारो**
- स्थानीय नीति पूरी तरह अव्यवहारिक है.इससे झारखंड के युवाओं को कोई लाभ नहीं होनेवाला. **-विद्यासागर, जमशेदपुर**
- 1932 आधारित स्थानीय नीति विधेयक पास हो जाने से झारखण्ड के सभी जो एक राज्य से दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहे है कम होगा लोंगो को थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी भी आरक्षित होने से झारखण्ड की एक अलग पहचान होगी और सभी झारखण्डवासियों को सामाजिक उपक्रम जैसे खेत, झील, नदी, मत्स्य पालन आदि पर हकदार होंगे इत्यादि सैकड़ो लाभ हो सकते है . **-सत्येंद्र शर्मा, पिपरवार**
- सरकार की नीति ठीक है. हम झारखंड नागरिक इसका समर्थन करते हैं. **-सच्चिदानंद महतो, डालटनगंज**
- झारखंड सरकार की यह बहुत नीति बहुत ही अच्छी है. **-धनराज कुंभकार, सरायकेला**

## प्रत्येक भारतीय भाषा का उत्थान जरूरी : डॉ सरिता

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के हिंदी विभाग में बुधवार को सी सुब्रह्मण्यम स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर हिंदी ऑनर्स के विद्यार्थियों ने सी सुब्रह्मण्यम स्वामी की कविताओं का पाठ किया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन की अध्यक्ष मॉरीशस से आयीं डॉ सरिता बुधू थीं. डॉ बुधू मॉरिशस के पूर्व उप प्रधानमंत्री की पत्नी हैं. उन्होंने भारतीय भाषाओं में विविधता के सौंदर्य को उकेरते हुए भारत की प्रत्येक भाषा का उत्थान करने पर बल दिया.

# इसलिए ख्याल रहे

## ‘डूबेगी कश्ती तो डूबेंगे सारे न हम ही रहेंगे न दुश्मन हमारे’

- संसद और विधानसभा में विरोध की नई परिपाटी से लोग मर्माहत
- सिर्फ निंदनीय ही नहीं, भविष्य के लिए भी और खतरनाक बताया
- एकसाथ बड़ी संख्या में सांसदों का निलंबन कहीं से उचित नहीं




## सांसद, विधायक अपने पद की गरिमा का ख्याल रखें

# देशहित सर्वोपरि

संसद और विधानसभा में विरोध की नई परिपाटी से सब मर्माहत हैं. लोकतंत्र के मंदिरों में मर्यादा का जिस तरह से हनन हो रहा है, यह न सिर्फ नींदनीय है, बल्कि भविष्य के लिए खतरनाक भी. पिछले कुछ दिनों से लोकसभा और झारखंड विधानसभा में जिस तरह से हो हल्ला मचा और निलंबन की कार्रवाई करनी पड़ी. यह आनेवाले समय के लिए ठीक संकेत नहीं है. लोग पूछ रहे हैं आखिर यह क्या हो रहा है. राजनीति किस दिशा में जा रही है. यह घटना बताती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हम कितने संवेदनशील हैं और एकजुट हैं. सांसद हो या विधायक, दोनों को अपने पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए. इसमें दो राय नहीं कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है. लेकिन सांसद हो या विधायक दोनों को अपने पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए. आमजनों को यह डर सताने लगा है कि लोकतंत्र के मंदिर सुरक्षित नहीं रहेंगे तो हम कैसे सुरक्षित हो सकते हैं.जहां हमारे सुरक्षा के कानून बनते हैं. हमारे हित की बात होती है. देश में इस समय जो हालात हैं उसमें हंगामा न करते हुए एक साथ खड़े होकर ऐसे मुद्दों का सामना करने की जरुरत है. देशहित सर्वोपरी होनी चाहिए. देश ही नहीं रहेगा तो हम कहां सुरक्षित रह पाएंगे. कहते हैं ‘डूबेगी किश्ती तो डूबेंगे सारे, न हम ही रहेंगे न दुश्मन हमारे’. शुभम संदश की टीम ने इस संबंध में विभिन्न जिलों में लोगों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट...

## लातेहार

### सांसद- विधायकों को अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए : नवीन कुमार गुप्ता



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि सांसद हों या विधायक, दोनों को अपनी पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए. क्षेत्र की जनता ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के लिए सदन में भेजा है, लेकिन आए दिन सदन के कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ जा रही है. यह कहीं से उचित नहीं है. सांसद एवं विधायकों को अपनी बातें रखने का हक है, लेकिन उसे लोकतांत्रिक तरीके से रखना उचित होता है.

### सदन का समय महत्वपूर्ण होता है बर्बाद नहीं होना चाहिए : पंकज कुमार



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के अधिवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि लोकसभा हो या विधानसभा, दोनों का समय बहुत ही महत्वपूर्ण होता है. इस समय का सदुपयोग किया जाना चाहिए. शोर शराबा या फिर हंगामा होने से सदन का महत्वपूर्ण समय व्यतीत होता है.इससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है वरन जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा भी खर्च होता है. लोकसभा की एक घंटे कार्यवाही में तकरीबन डेढ़ करोड़ पर खर्च होते हैं. इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी क्षति होती है.

### लोकतंत्र में अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है,पर हंगामा करना ठीक नहीं : प्रशांत साहू



झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत साहु ने कहा कि लोकतंत्र में सबो को अपनी बातें कहने का अधिकार है. लेकिन अपनी बातों को लोकतांत्रिक तरीके रखा जाता है. सदन में शोर या हंगामा करके या सदन के कार्यवाही बाधित कर अपनी बातों को रखना कहीं से भी उचित नहीं है. ऐसे में आसन आवश्यक कदम उठा सकता है. संसद या विधायक को अपने क्षेत्र की जनता की प्रति उत्तरदायी होना चाहिए. उन्हें क्षेत्र की समस्याओं को सदन उठाना चाहिए. क्षेत्र की जनता ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के लिए सदन में भेजा है. उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं की जा सकती है.

### लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा है, हर हाल में इसका ख्याल रखा जाना चाहिए : हीरा यादव



शिक्षक हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा लोकतंत्र के मंदिर हैं. इस मंदिर की गरिमा का ख्याल रखा जाना चाहिए. चाहे वह पक्ष हो या फिर विपक्ष सभी सांसद व विधायकों को इस बात का ख्याल रखना चाहिए. संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में पक्ष व विपक्ष दोनों को राजनीति से उपर उठ कर विचार विमर्श करना चाहिए. यह सही है कि सुरक्षा में चूक हुई और केंद्र सरकार ने इस पर जांच बैठा दिया है. विपक्ष को जांच आने तक इंतजार करना चाहिए और संसद को चलने देना चाहिए.

### विपक्ष का हंगामा अनुचित: प्रदीप सिंह



शिक्षक प्रदीप सिंह ने कहा कि संसद की सुरक्षा के चूक मामले में विपक्ष का हंगामा कहीं से उचित नहीं है. विपक्षी दलों को साथ मिल कर इस पर चर्चा करनी चाहिए. इस घटना की पुर्नावृति नहीं हो इस पर चर्चा की जानी चाहिए. लेकिन संसद मे शोर शराबा व हंगामा कर कार्यवाही को बाधित करना तर्कसंगत नहीं है. हालांकि भारतीय इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को किसी सत्र से निलंबित करने की घटना पहली बार हुई है. इस पर सब को विचार करने की आवश्यकता है, आखिर यह अवसर क्यों आया.




## घाटशिला

### सदन के अध्यक्ष के साथ अपमानजनक व्यवहार पूरी तरह संसद का अपमान : प्रो. मित्रेश्वर



विपक्ष के हंगामा के कारण लोकसभा तथा राज्यसभा के सांसदों के निलंबन को शिक्षक प्रोफेसर तथा आम लोगों ने स्वागत योग्य बताया. इस संबंध में घाटशिला महाविद्यालय के इतिहास विषय के विभाग अध्यक्ष सेवानिवृत प्रोफेसर मित्रेश्वर ने कहा कि संसद में अनुशासन की स्थापना के लिए कई सर्वदलीय सहमति और निर्णय लिया गया है. मसलन तख्तियां लेकर कोई सांसद सदन में नहीं आ सकते हैं. इसी प्रकार शब्दों के व्यवहार आसन के प्रति सम्मान आदि के संबंध में भी नियम बनाये गए हैं. कोई सांसद समझबूझकर उसका उल्लंघन करता है तब उसके विरुद्ध कठोरात्मक और तत्काल कार्रवाई होनी ही चाहिए. सदन के अध्यक्ष के साथ अपमानजनक व्यवहार पूरी तरह संसद का अपमान है. जो भी कार्रवाई की गई है ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए. पूर्व में ऐसी घटना घटित होती रही है और उन्हें बर्दाश्त किया गया. किंतु एक आदर्श संसद को स्थापित करना चाहिए यह जिम्मेदारी निश्चित रूप से सदन के अध्यक्ष की होती है.

### संसद पूरे देश का प्रतिनिधित्व करती है,सदन की कार्यवाही बाधित करना ठीक नहीं : प्रो. इंदल



घाटशिला महाविद्यालय के राजनीतिक शास्त्र के प्रोफेसर इंदल पासवान ने सांसदों के निलंबन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि संसद हमारे पूरी देश की प्रतिनिधित्व करती है. सदन की कार्यवाही प्रभावित करने का किसी को अधिकार नहीं है. हंगामा कर रहे के सांसदों ने देश की प्रगति को हानि पहुंचाने का काम किया है. जो भी कार्रवाई वैसे सांसदों पर हुई है जो देश की प्रगति को हानि पहुंचाने का काम किया है. यह पूरी तरह नियम संगत हुई है. कार्रवाई नियम से चलती है, विरोध करने वालों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए. सदन की कार्यवाही की एक-एक मिनट की कीमत होती है. वर्तमान में जिस तरह से सदन में विरोध कर सदन की कार्यवाही को रोकने का प्रयास किया जाता है यह पूरी तरह गलत है.इससे देश का काफी नुकसान है. यह बात सभी सांसदों को सोचने की जरुरत है. संसद की अपनी मर्यादा है जिसकी रक्षा हर हाल में होनी चाहिए.

### मर्यादा का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं : लक्ष्मीकांत



घाटशिला शहर के व्यवसाय लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने सांसदों के निलंबन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक आदर्श संसद को स्थापित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है. गृह मंत्री के बयान के लिए विपक्ष का एड़ियल रवैया पूरी तरह से आपत्तिजनक है. क्योंकि सदन में अनुशासन आदि की जिम्मेदारी गृह मंत्री की नहीं होती है. वह पूरी तरह से सदन के अध्यक्ष का दायित्व होता है. मैं समझता हूं कि ऐसे सांसदों पर कठोर आत्मक दंडात्मक कार्रवाई भविष्य में सदन की बेहतर छवि बन सकता है. उपद्र और उत्पाद करने वालों सांसद को शोभा नहीं देता है. यह हर हाल में शर्मनाक है. रहबर की मर्यादा का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए.

## बोकारो

### मामला गंभीर, बगैर मांग के गृह मंत्री को देना चाहिए बयान : रणजीत गिरि



बोकारो सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रंजीत गिरि ने कहा कि ये बहुत बड़ा सवाल है कि संसद के सुरक्षा में चूक हुई है. यह बात सही है कि कोई घटना नही घटी है, परंतु सुरक्षा में तो चूक किसी न किसी स्तर से हुआ है. इस बात को लेकर विपक्ष के सांसदों द्वारा गृह मंत्री से संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं तो यह तो सही मांग है. बिना मांग के ही गृह मंत्री को बयान देना चाहिए था. वर्तमान समय में एक परीपाटी चल रही है कि जो बात अपोजिशन बोलेगा, वह काम सत्ता पक्ष के लोग नहीं करना चाहते हैं. शायद इसलिए गतिरोध होता है. संसदीय परंपरा का निर्वहन करना चाहिए. सभी सांसद जनहित के लिए संसद गए है.

### मामले में संसद में होनी चाहिये बहस, निलंबन किसी हाल में सही नहीं है : वंशिका सहाय



बोकारो सिविल कोर्ट की अधिवक्ता वंशिका सहाय ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इस देश में बोलने की आजादी नहीं है. जहां तक इस मामले का सवाल है तो इस मामले पर तो संसद में बहस होना ही चाहिए. लोकतंत्र की खूबसूरती ही तो है कि कोई भी व्यक्ति किसी से भी सवाल कर सकता है. सांसदों को निलंबन किसी भी हाल में सही नहीं है. विपक्ष के सांसदों ने अगर गृह मंत्री से बयान देने की मांग की है तो यह लोकतांत्रिक अधिकार है. जिसके तहत सांसदों ने गृह मंत्री से संसद में सुरक्षा पर चूक के मामले में बयान देने की मांग की है.




## हमारे सहयोगी लगातार.इन पर मिली टिप्पणी



सांसदों का निलंबन अमर्यादित आचरण के कारण ही किया जाता है. मेरा मानना है कि माननीयों को उत्तम आचरण के साथ सदन में ऐसा व्यवहार अपनाया जाना चाहिए जिससे सदन बाधित न हो. साथ ही देशहित में कार्य हो तभी माननीयों की गरिमा कायम रहेगी. निलंबन का निर्णय स्वागत योग्य है. आने वाले दिनों में और भी कठोर नियम बनाया जाना चाहिए.
– दीपक कुमार

जो कार्रवाई की गई है सही है. हंगामा करेंगे तो कार्रवाई तो होगी ही. देश का समय बर्बाद नहीं करना चाहिए.
– प्रमोद यादव

बिल्कुल सही किया है.
–हरि शंकर गुप्ता



लोकतंत्र में विरोध करना लाजिमी है,परन्तु पक्ष में बैठे लोग विपक्ष की बातों पर ध्यान नहीं देते, जिसके चलते हंगामा होता है,जब भी हंगामा हो तो उस दिन का सबका वेतन बंद कर देना चाहिए,तब ही सब सबक सीखेंगे. फिर से अध्यक्ष की नियुक्ति हो. सत्ता पक्ष के अध्यक्ष एकतरफा कार्य करते हैं.
– अमर तिवारी

मुझे लगता है कि निलंबन की जो प्रक्रिया की गई वह ठीक है. कारण वे जहां पर बैठे हैं उसकी गरिमा है. अगर उसका उल्लंघन होता है तो उसकी सजा तो मिलनी ही चाहिए. सभी आम जनता के जनादेश पर वहां पहुंचे हैं. संसद और विधानसभा में हंगामा कर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए. लोग कल्याण के लिए समय देना चाहिए. पर वे ऐसा नहीं कर रहे हैं. इसलिए निलंबन की कार्रवाई का हम समर्थन करते हैं. काम नहीं करने वालों को तो बाहर जाना ही चाहिए
– निखलेश प्रजापित

जब सदन की कार्यवाही चलती हैं तो सदन में देश के लोगों की समस्याओं को उनके द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि रखते हैं. साथ ही रूलिंग पार्टी द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर सहमति व खंडन भी करते हैं. यदि कोई अनुशासन हीनता करता है तो दंड दिया ही जाना चाहिए. किंतु निलंबन करना उचित नहीं है. ऐसा होने से लोकतांत्रिक व्यवस्था और नौकरशाही में क्या फर्क रह जाएगा. ऐसे में तो सत्तारूढ़ पार्टी अपने हिसाब से प्रस्ताव लाकर पारित करवा देगी. लोकतंत्र में चुनाव जरुरी है. पर चुनाव के नाम पर इतना खर्च करना , साथ ही 5 सालों तक चुने हुए प्रतिनिधियों पर वेतन भत्ते के नाम पर फिजूल खर्ची है.
– काजल कुमारी

यह बहुत गलत बात है. ऐसा नहीं करना चाहिए था.
– बिपुल राजपुत

यह बिल्कुल सही फैसला है. देश विरोधी ताकते देश की एकता और अखंडता को तोड़ना चाहती हैं. लोकतंत्र को तोड़ने का यह एक बड़ा प्रयास है. इसकी गहनता से जांच करने की जरुरत है. साथ ही इन लोगों के पीछे छिपी ताकतों को सामने लाना होगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सजा देने की जरुरत है.
– अरिजीत जाना



जो हुआ सही. ये सब भ्रष्टाचारी, देशद्रोही हैं. ये विपक्ष वाले सब अपनी जेब भरते हैं. उनको देश से कुछ लेना देना नहीं. उन सबको जेल में डाल देना चाहिए.
– पटेल धवल



इसी तरह निलंबित होते रहेंगे
–नंदन यादव



मेरे ख्याल से निलंबित करना कहां तक सही है सदन को पता है. लेकिन बात यह है कि कोई अगर जनहित की बात करता है तो चाहे उसे निलंबित करो या अपने बहूबल के बल पर उसको कुछ कर दो यह लोकतंत्र के लिए खतरा है.
–सोहागी

हगांमा नहीं होता तो काफी अच्छा लगता, पर अभी भी समय है, नहीं तो लाठी चलेगा लालू जी का.
– गुड्डू बिहारी

संसद में नकारात्मक राजनीति, भाजपा गलत रास्ते पर है.
– सूरज कुमार

## बेरमो

### उम्मीद है कि भविष्य में ऐसा काम न हो इसका सभी ख्याल रखेंगे : मदन राम



मदन राम गोमिया में सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं. उन्होंने कहा कि संसद से बहुतायत मात्रा में विपक्षी सांसदों का निष्कासन किया जाना उचित नहीं है. लोकतंत्र के सबसे बड़े सदन में यदि विपक्ष के सांसद की उपस्थित नहीं रहेगी तो कैसे संसद का संचालन होगा. विगत वर्षों में संसद में इतने बड़े पैमाने पर संसद सदस्यों का निष्कासित किये जाने का मामला सामने नहीं आया है. इस घटना से संसद की मर्यादा कम होगी. उम्मीद करता हूं कि भविष्य में ऐसा काम फिर न हो ताकि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था बची रहे. इसमें देश और जनता दोनों का भला है.

### संसद में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण, गरिका का ख्याल तो होना ही चाहिए : गुलाब चंद्र



गुलाब चंद्र बेरमो प्रखंड के लहरियाटांड़ गांव के रहने वाले हैं. सामाजिक कार्यकर्ता हैं. उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े पंचायत में जिस प्रकार सांसदों के व्यवहार और उनका निष्कासन पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण है. इस तरह की घटना से सांसदों की व्यक्तिगत छवि भी धूमिल होती है और आम जनता के बीच में जो सांसद और सांसदों की गरिमा है उसे पर प्रश्न चिह्न लगता है. लोकसभा और राज्यसभा सहित विधानसभा में सदस्यों का निष्कासन से कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं. एक तरफ संसद में सुरक्षा में जो चूक हुई है वह गंभीर मसला है. उसे मसले का समाधान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद मिलकर करना चाहिए.

## गिरिडीह

### एक साथ इतने सांसदों का सत्र से निलंबित करना उचित नहीं : दीपक



शिक्षक दीपक कुमार सिंह ने कहा कि एक साथ शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा से 141 सांसदों को निलंबित किया जाना,कही से भी उचित नहीं है . संसद भवन की सुरक्षा में दूसरी बार चूक हुई है . लेकिन भारत के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने सांसदों को निलंबित किया गया है . संसद भवन की सुरक्षा में चूक हुई है . इस मुद्दे पर सभी दल के सांसदों को मिलकर काम करना चाहिए . ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पूर्णावृति नहीं हो सके . सत्ता और विपक्ष कोई ऐसा निर्णय नहीं ले, जिससे लोकतंत्र और संसद की गरिमा पर ठेस पहुंचे . उन्होंने इस मुद्दे पर देश के हित की खातिर सभी को मिलकर काम करना चाहिए .

### सदन से सदस्यों का निलंबन समस्या का समाधान नहीं: डॉ. काजीम



चिकित्सक डॉ. काज़िम खान ने कहा कि लोकसभा,राज्यसभा और विधानसभा से सदस्यों का निलंबन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है . सत्ता और विपक्ष के सदस्यों को मिलकर जनहित के मुद्दे को उठाना चाहिए . जब आम जनता को लाभ मिलेगा,तभी सत्ता और विपक्ष के नेता लाभान्वित होंगे . उन्होंने कहा कि सभी सदन के माननीय स्पीकर का काम है कि वे विपक्ष की भी बात को सुने और उनकी भी समस्या का समाधान करें . लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा से सदस्यों को निलंबित कर किसी भी मुद्दे को दबाया नहीं जा सकता है .

### लोकसभा और राज्यसभा सत्ता पक्ष और विपक्ष के सहयोग से चलती है: डॉ. राजेश दुबे



चिकित्सक डॉ राजेश कुमार दुबे ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा सत्ता विपक्ष के सहयोग से चलती है. संसद की सुरक्षा में चूक कहां से हुई है ,इसका समाधान सत्ता और विपक्षी दलों को मिलकर करना चाहिए. उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा से एक साथ 141 सांसदों के बाद झारखंड विधानसभा के तीन विधायक को निलंबित कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा का लोकतंत्र में बड़ा ही महत्व है. इन स्थानों पर पहुंचने वाले सदस्य की भी गरिमा है. इसका अनुपालन होनी चाहिए.

### एक साथ इतने सांसदों का निलंबन सही नहीं : नागेश्वर मंडल



बेंगाबाद के व्यवसाई नागेश्वर मंडल ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा के एक साथ इतने सांसदों का निलंबन कही से भी उचित प्रतीत नहीं हो रहा है. संसद भवन की सुरक्षा में चूक का मामला बहुत ही गंभीर है. इस पर विपक्षी दलों द्वारा सवाल खड़ा करना और संसद में हंगामा करना लाजिमी है. इस पर सवाल खड़ा करने वाले सांसदों को सदन से निलंबित करना उचित नहीं है. संसद भवन की सुरक्षा चूक मामले में पूरे सदन को एकजुट होने की जरूरत है

### पक्ष और विपक्ष को अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए : विकास कुमार गुप्ता



व्यवसाई विकाश कुमार गुप्ता ने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में सभी सदस्यों को अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए. लोकसभा की सुरक्षा में चूक एक गंभीर विषय है. इस विषय पर सभी दल को एक साथ मिलकर प्रयास करना चाहिए,ताकि इस प्रकार की घटना की पूर्णावृति नही हो सके . विपक्ष द्वारा भी बार-बार हंगामा खड़ा कर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को बाधित करना उचित नहीं है. इससे देश का समय बर्बाद होता है. सांसद जरुरी मसलों को सुलझाने के लिए किसी विषय पर चर्चा करते हैं. उसमें बाधा ठीक नहीं है.

### केंद्र सरकार संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर : प्रो. विनोद कुमार



प्रोफेसर विनोद कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर है. संसद भवन की सुरक्षा में चूक हुई है . इस पर देश की कई एजेंसियां काम कर रही है. उन्होंने कहा कि संसद सत्र के दौरान लोकतंत्र सत्ता और विपक्षी पार्टियों के सांसद को अपनी बातो को रखने की पूर्ण आजादी देती है. लेकिन सभी सांसदों को राष्ट्रीय मुद्दे पर गंभीरता दिखानी चाहिए. लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में सत्र के दौरान हंगामा अनुचित है. इस सिलसिले को जारी रखना सदन ही नहीं लोकतंत्र के लिए भी अनुचित है.

## धनबाद

### संसद और विधानसभा में निलंबन देश के लिए शर्मनाक स्थिति है : डॉक्टर मनोज सिंह



संसद और विधानसभा में हंगामा किए जाने को लेकर किए गए निलंबन पर डॉक्टर मनोज सिंह कहते हैं कि वर्तमान में राजनीतिक स्थिति देश के लिए शर्मनाक है. माननीय को चाहिए कि वह देश हित को ध्यान में रखकर अपना कर्तव्यों का पालन करें यदि ऐसी स्थिति रही तो देश का भला कैसे होगा. ऐसी राजनीतिक लड़ाई देश के हित में नहीं है

### सभी को देश हित की चिंता करनी होगी,बच्चों की तरह लड़ना ठीक नहीं है : डॉक्टर सुशील कुमार



हंगामें के कारण सांसद और विधायकों के निलंबन पर डॉक्टर सुशील कुमार कहते हैं कि आखिर देश में क्या चल रहा है, देश को चलाने वाले माननीय लोग बच्चों की तरह लड़ रहे हैं, राजनीतिक लड़ाई का परिणाम देश को हानि पहुंचाए तो इससे पहले सभी को सुधार करना होगा. सभी को देश हित की चिंता करनी होगी.

### राजनीतिक प्रतिद्वंदता कहीं न कहीं देश को नुकसान कर रही है : मोहम्मद जावेद



इस मामले पर वरीय अधिवक्ता मोहम्मद जावेद कहते हैं कि जब देश के माननीय सांसदों का यह हाल रहेगा तो आमजन से क्या अपेक्षा की जाय, राजनीतिक प्रतिद्वंदता कहीं न कहीं देश को नुकसान कर रहा है. इस में सुधार करना होगा, नहीं तो देश किस दिशा में जा रहा है, ये सब जनता देख रही है.

### सभी अपनी-अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं, काफी बुरा हाल है : मोहम्मद इरफान



अधिवक्ता एमडी इरफान ने कहा कि आज सांसदों का निलंबन देश में चर्चा का केंद्र है, सब लोग अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं, देश और देशवासियों के लिए किसी को चिंता नहीं है. इस समय से ज्यादा बुरा हाल पहले कभी नहीं देखा था, आगे देखिए राजनीति क्या क्या दिखाएगी.पर जो भी हो रहा है वह अच्छा नहीं है.

# नेरेटिव की तलाश में विपक्ष

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक के बावजूद कुछ ऐसे सवाल दरपेश हैं, जिनका जवाब विपक्षी दलों को ही तलाश करना है. राजनीति में अवधारणाओं का उतना ही महत्व है, जितना लोगों को आकर्षित करने वाले नरेटिव का. पांच में से तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद विपक्ष को ऐसे नरेटिव की जरूरत है, जो वोटरों के सामने भविष्य का नया सपना पेश कर सके. ऐसा राजनीतिक सपना, जो आम लोगों को राजनीतिक और आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के साथ ही उनके रोजमर्रे के सवालों का हल निकाल सके. इसके साथ ही इस समय वोटरों के खास तबके में जिस तरह के सांप्रदायिक विभाजन की रेखा खींच दी गयी है, उसके बरखिलाफ लोगों को जोड़ने वाला नारा भी चाहिए. इस तथ्य को विपक्ष को समझने की जरूरत है कि वह बनी बनायी लीक पर चल कर वह नरेंद्र मोदी की भाजपा को निर्णायक चुनौती नहीं दे सकता. सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण और भागीदारी के समीकरण जोड़ने के बजाय उन्हें पिछले दस सालों में आए नजरिया बदलाव को भी समझने की जरूरत है. अच्छे काम जीत के लायक वोट नहीं दिला सकते. कम से कम राजस्थान और छत्तीसगढ़ के परिणामों से इतना तो समझा ही जा सकता है. विपक्षी गठबंधन जितनी जल्दी इस हकीकत को समझ सकेगा, उसके लिए बेहतर होगा. पिछले दस सालों में वोटरों का मनोविज्ञान इस तरह का बना दिया गया है, जिसे केवल मुहब्बत की दुकान के नारे के सहारे ही जीता नहीं जा सकता. क्रिकेट में कहा जाता है कि बेसिक्स हमेशा नतीजा देने में कामयाब रहता है. राजनीति का बेसिक्स तो जनता के बीच ही जाना है. राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा इसका प्रमाण भी है. अब आम चुनाव में कुछ ही दिन शेष हैं, तब संयुक्त विपक्षी गठबंधन को अपने बेसिक्स के साथ कुछ बेहतरीन नए प्रयोग की भी जरूरत होगी. अब यह लगभग दस साल का अनुभव है कि वर्तमान भाजपा सरकार संसदीय जवाबदेही को नहीं मानती. न ही संसद की प्रक्रियाओं का आदर करती है. जिस थोक भाव में सांसदों का निलंबन अब हुआ है, उससे यह बात पुष्ट हुई है. इसके साथ ही विपक्ष पर सत्ता गठबंधन के हमलों, भाषा और तेवर से भी इसे समझा जा सकता है. गुजरते वक्त के साथ सत्ता पक्ष का यह रुख और कठोर होता जा रहा है. संसद में हुई निलंबन की घटना ने यह भी बता दिया है कि सरकार विपक्ष और विरोध को स्वीकार नहीं करती. तो अब प्रश्न विपक्ष के सामने है कि वह क्या करेगा? लोकतंत्र की हत्या हुई, जैसे बयान अब कोई प्रभाव पैदा नहीं करते और न ही समीकरणणात्मक चुनावी गणित ही.ऐसे में विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले. सर्वसत्तावादी सरकारों पर लगाम सिर्फ जनता के बीच रहते हुए और उसे संगठित करते हुए ही लगाई जा सकती है.

> विपक्षी गठबंधन जितनी जल्दी इस हकीकत को समझ सकेगा, उसके लिए बेहतर होगा. पिछले दस सालों में वोटरों का मनोविज्ञान इस तरह का बना दिया गया है, जिसे केवल मुहब्बत की दुकान के नारे के सहारे ही जीता नहीं जा सकता.

## सुभाषित

**अस्थिरं जीवितं लोके अस्थिरे धनयौवने।**
**अस्थिराः पुत्रदाराश्च धर्मकीर्तिद्वयं स्थिरम् ।।**

इस जगत में जीवन सदा नहीं रहने वाला है, धन और यौवन भी सदा नहीं रहने वाले हैं, पुत्र और स्त्री भी सदा नहीं रहने वाले हैं. केवल धर्म और कीर्ति ही सदा-सदा के लिए रहते हैं. इसलिए धर्म और कीर्ति के अर्जन पर बुद्धिमान व्यक्ति को विशेष ध्यान देना चाहिए.

# मर्सिया लिखने वाले निराश हो सकते हैं!

**सीएसडीएस के आंकड़े बताते हैं कि समाज के सबसे गरीब तबकों में कांग्रेस भाजपा पर भारी पड़ी– राजस्थान में पिछली बार के 40% से बढ़कर 45% गरीब कांग्रेस के साथ रहे जबकि 41% से घटकर 36% ही भाजपा के साथ, MP में भी पिछली बार के 44% से बढ़कर 47% गरीब कांग्रेस के साथ रहे, जबकि भाजपा के साथ 41% ही, हालांकि यह पिछली बार से 7% अधिक था. दलितों के बीच भी यही पैटर्न दिखता है.**

**• देश-काल**



लाल बहादुर सिंह

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया का शोक संदेश लिखने का सिलसिला जारी है. सबसे ताजा एंट्री इसमें चेतन भगत की हुई है. उनके अनुसार इंडिया की पार्टी शुरू होने के पहले ही खत्म हो चुकी है. मजाक उड़ाते हुए उन्होंने एक कहानी सुनाई है कि कैसे एक लड़के को अपने दोस्तों के लिए पार्टी थ्रो करने की अनुमति अपने पेरेंट्स से मिली थी. लेकिन उसकी जोरशोर से तैयारी के बीच जब परीक्षा का रिजल्ट आ गया और उसके पिता को पता चला कि वह फिसड्डी है तो उन्होंने पार्टी कैंसिल करवा दी. छ लोगों का निष्कर्ष यह है कि कांग्रेस के अंदर भाजपा जैसा जीतने की जुनून और भूख नहीं है, इसलिए वह भाजपा से जीत नहीं पाएगी. ये लोग यह बताने की जहमत नहीं उठाते कि आखिर उन राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार से, जहां पहले भी लोकसभा की महज 3 सीटें कांग्रेस/इंडिया के पास हैं, आम चुनाव में विपक्ष की संभावनाएं खत्म कैसे हो जाती हैं.

यह सच है कि 3 राज्यों में हार विपक्ष के लिए बड़ा झटका है और उसका तथ्यपरक मूल्यांकन तथा आम चुनाव पर उसके सम्भावित असर का तार्किक आकलन होना चाहिए. लेकिन इस सब को ताक पर रखकर फतवेबाजी और चुटकुलेबाजी जाहिर है भाजपा के पक्ष में छेड़े गए प्रोपेगेंडा वार का हिस्सा है. बहरहाल, इन जीतों को मोदी के 'रहस्यमय' करिश्मे और गारन्टी से जोड़ कर 2024 के लिए चलाये जा रहे प्रचार-युद्ध के कुहासे के बीच सीएसडीएस के चुनावोपरांत सर्वे से जमीनी तस्वीर थोड़ी साफ होती है. सीएसडीएस के आंकड़े बताते हैं कि समाज के सबसे गरीब तबकों में कांग्रेस भाजपा पर भारी पड़ी- राजस्थान में पिछली बार के 40% से बढ़कर 45% गरीब कांग्रेस के साथ रहे जबकि 41% से घटकर 36% ही भाजपा के साथ, MP में भी पिछली बार के 44% से बढ़कर 47% गरीब कांग्रेस के साथ रहे, जबकि भाजपा के साथ 41% ही, हालांकि यह पिछली बार से 7% अधिक था. दलितों के बीच भी यही पैटर्न दिखता है. सभी राज्यों में कांग्रेस भाजपा पर भारी रही- राजस्थान में कांग्रेस के साथ 48%, भाजपा 33%, मध्य प्रदेश में कांग्रेस 45%, भाजपा 39%, छत्तीसगढ़ कांग्रेस 48%, भाजपा 39%. अल्पसंख्यकों के बीच भी, उनके ऊपर हमलों के प्रति कांग्रेस के अवसरवादी और निराशाजनक रवैये के बावजूद, कांग्रेस का मत बढ़कर सेचुरेशन पोइंट तक पहुंच गया. यह स्वाभाविक है, क्योंकि मोदी-भाजपा राज में




अर्थव्यवस्था के ध्वंस, महंगाई, बेरोजगारी की सर्वाधिक तबाही, साथ ही सामंती-साम्प्रदायिक हमलों की सबसे भीषण मार गरीब-दलित-अल्पसंख्यक तबकों को ही झेलनी पड़ी है.इस पैटर्न से साफ है कि अगर छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार गरीब-आदिवासी समुदाय के साथ अपने रिश्ते को बनाये रख पाती और उनके बीच भाजपा की भारी बढ़त को रोक पाती तो वह सत्ताच्युत न होती. छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक गरीबों में भाजपा का वोट पिछली बार की तुलना में 34% से बढ़कर 50% पहुंच गया और कांग्रेस का 43% से घटकर 40% रह गया. इसीकी अभिव्यक्ति आदिवासी समुदाय के वोटिंग पैटर्न में दिखती है, जहां भाजपा 25% से 46% पहुंच गई और कांग्रेस 47% से 42% पर आ गयी. ठीक यही बात राजस्थान पर भी लागू होती है, जहां कांग्रेस आदिवासी पार्टियों के साथ तालमेल बनाकर अपने आदिवासी मतों में 16% की भारी गिरावट को रोक पाती, तो शायद सरकार बदलने का रिवाज इस बार वहां बदल जाता.सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा ओबीसी के वोटिंग पैटर्न को लेकर आया है. यहां सभी राज्यों में भाजपा को कांग्रेस की तुलना में 10 से 20% तक अधिक मत मिले हैं. ओबीसी में भाजपा पिछली बार की तुलना में हर जगह अपना मत बढ़ाने में सफल हुई- राजस्थान में 40 से बढ़कर 45%, MP में 48 से 55%, छत्तीसगढ़ में 42 से 49%.

जबकि कांग्रेस का वोट हर जगह घट गया- राजस्थान 36 से 33%, एमपी 41 से 35%, छत्तीसगढ़ में 42 से 39%. यह तब हुआ जब राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री थे और राहुल गांधी जाति-जनगणना और ओबीसी आरक्षण के सवाल को अपना एक प्रमुख चुनावी आधार बनाये हुए थे.ऐसा लगता है कि पूरा समाज जब भारी बेरोजगारी, सरकारी नौकरियों व गुणवत्तापूर्ण सस्ती सरकारी शिक्षा के अवसरों के खात्मे, अंधाधुंध निजीकरण, चौतरफा आर्थिक तबाही से बेहाल है, उस दौर में इनके समाधान के लिए विपक्ष द्वारा कोई विश्वसनीय रोडमैप पेश किए बिना जाति जनगणना का एकसूत्रीय नारा हाशिये के तबकों को भी आकर्षक नहीं लगा.उधर सरकार तथा संगठन के विभिन्न स्तरों पर सटीक सोशल इंजीनियरिंग और समायोजन करके तथा हिंदुत्व की अपील द्वारा ओबीसी तबकों में भी भाजपा कांग्रेस पर भारी बढ़त बनाने में सफल हुई.

यह साफ है कि जाति जनगणना तथा सुसंगत सामाजिक न्याय का सवाल बेशक आवश्यक है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है. ओबीसी समुदाय मूलतः किसान-मेहनतकश समुदाय है. नव उदारवादी अर्थनीति ने जिस तरह की तबाही मचाई है, उनकी विराट बहुसंख्या उसकी चपेट में है.आखिर बिहार में जाति जनगणना के आधार पर जो 36% परिवार 6000 मासिक (गरीबी रेखा के नीचे) और 63% परिवार 10 हजार की बेहद कम मासिक आय से भी कम पर जीने को मजबूर हैं, उसमें दलितों के अलावा पिछड़ों की ही तो सबसे बड़ी आबादी होगी. यही हाल सभी राज्यों में है.जाहिर है महज जाति-जनगणना और आरक्षण का नारा उन्हें अब मंडल के पुराने दौर की तरह पिछड़ों को आकर्षित नहीं कर सकता, विशेषकर ऐसे दौर में जब सरकारी नौकरियां और सरकारी शिक्षा ही खत्म हो रही है.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## जीवन का लक्ष्य

जो मनुष्य, 'जीव' (आत्मा) के अस्तित्व को मानता है, उसी के लिए जीवन के लक्ष्य को खोजने की बात पैदा होती है. जो मनुष्य जीव के अस्तित्व को नहीं मानता या मात्र इस भव (मनुष्य जीवन) जितना ही इस जीवन को मानता है तो उसके लिए कमाना, खाना और मज़े करना. ये बाह्य बातें ही जीवन लक्ष्य होती हैं. अगर चिंतक नास्तिक हुआ तो कला, साहित्य, संगीत, सिनेमा आदि को भी अपने जीवन का लक्ष्य मान सकता है. किन्तु यह उच्च श्रेणी के नैतिकता सम्पन्न नास्तिक के विषय में ही समझना चाहिए. इसी प्रकार जिन जीवों को कुछ भी तत्व जिज्ञासा नहीं है, वे जीव भी बाहर के लक्ष्य में ही खो जाते है. ऐसे जीव बहिरात्मा हैं. वे स्थूल लक्ष्यों को ही अपने जीवन का लक्ष्य समझते हैं. परन्तु जिसे जीव के त्रैकालिक अस्तित्व में विश्वास है, वह तो चिंतन के माध्यम से ही अपने जीवन लक्ष्य का निर्धारण करता है. वह सोचता है कि सामान्य मनुष्य जैसे- खाने,पीने और मज़े करने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं, क्या मुझे भी वैसे ही जीवन व्यतीत कर देना है? – ऐसा जीवन तो मात्र मृत्यु के लक्ष्य से ही जीया जाता है. 'जन्म लेना और भोग-भाग कर मर जाना' तो मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता. अथवा मात्र मरने के बाद नाम अमर रखने की इच्छा तो जीवन- लक्ष्य नहीं हो सकता, क्योंकि उस नाम-अमरता का मरने के बाद आत्मा को कोई फर्क पड़ना नहीं है. कोई लाभ मिलना नहीं है. सोचना पडेगा कि जन्म और मृत्यु के मध्य की अवधि, किसी विशिष्ठ पुरुषार्थ के प्रयोजनार्थ है. इसलिए मेरे जीवन का कोई ऐसा उत्तम लक्ष्य अवश्य होना चाहिए, जिससे मेरा जीवन सार्थक हो. इस चिंतन के साथ जब वह ज्ञानियों के वचनों के बल से, अपने जीवन लक्ष्य को खोजता है, तो वह निर्णय करता है कि 'मेरी आत्मा की शक्तियों का चरम और परम विकास ही मेरे जीवन का लक्ष्य है. हमारे इस विकास में मुख्य बाधक हैं- हमारे विकार. अतः हमें दो उपचार साधनों को अपनाना होगा. पहला साधन है- विकारों का विराम. और दूसरा साधन है- आत्मगुणों के समरूप भावों का आराधन. विकारों पर विराम हेतु 'व्रत-नियम-संयम' है और आत्मा के सद्गुणों में उत्थान हेतु 'ज्ञान-दर्शन-चरित्र' का आराधन है.

# सूक्ष्म कणों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक

**• प्रदूषण**

मुकुल व्यास

दुनिया में प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है. पश्चिमी प्रशांत महासागर स्थित 11 किलोमीटर गहरी मारियाना ट्रेंच से लेकर माउंट एवरेस्ट की चोटी तक, पृथ्वी पर लगभग सभी जगह माइक्रोप्लास्टिक पाए गए हैं. अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े हमारे बादलों में भी मौजूद हैं और वे हमारे द्वारा खाए और पिए जाने वाली लगभग हर चीज को दूषित कर सकते हैं. जापान में शोधकर्ताओं ने माउंट फूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की और उनकी चोटियों पर छाई धुंध के पानी में माक्रोप्लास्टिक पाया.इस अध्ययन के प्रमुख लेखक हिरोशी ओकोची ने कहा, अगर प्लास्टिक वायु प्रदूषण के मुद्दे से सक्रिय रूप से नहीं निपटा गया, तो जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक जोखिम एक वास्तविकता बन सकते हैं. इससे भविष्य में अपरिवर्तनीय और गंभीर पर्यावरणीय क्षति हो सकती है. अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बादलों से पानी इकट्ठा करने के लिए माउंट फूजी और माउंट ओयामा पर चढ़ाई की. फिर उन्होंने नमूनों के भौतिक और रासायनिक गुणों को निर्धारित करने के लिए उन पर उन्नत इमेजिंग तकनीक लागू की. शोधकर्ताओं ने हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक में अलग-अलग प्रकार के नौ पॉलिमर और एक प्रकार के रबड़ की पहचान की, जिनका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है. बादल के प्रत्येक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े पाए गए.इसके अलावा 'हाइड्रोफिलिक' या जल-प्रेमी पॉलिमर भी प्रचुर मात्रा में थे. शोधकर्ताओं के अनुसार, इससे पता चलता है कि ये कण तेजी से बादल बनने की प्रक्रिया में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं. इस प्रकार जलवायु प्रणालियों में उनका योगदान महत्वपूर्ण होता हैं. ओकोची ने कहा, जब माइक्रोप्लास्टिक ऊपरी वायुमंडल में पहुंचते हैं और सूरज की रोशनी से पराबैंगनी विकिरण के संपर्क में आते हैं,तब उनमें क्षय होने लगता है. इससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि होती है.नए प्रमाणों ने माइक्रोप्लास्टिक को व्यापक पर्यावरणीय नुकसान के अलावा, हृदय और फेफड़ों के स्वास्थ्य तथा कैंसर से जोड़ा है. माइक्रोप्लास्टिक हाल के वर्षों में सुर्खियों में आए हैं, क्योंकि उनके अनुचित निपटान के परिणामस्वरूप कई टन कचरा समुद्र में पहुंच गया है. हर साल प्लास्टिक कचरे की बहुत बड़ी मात्रा का पुनर्चक्रण नहीं होता. इसका मतलब यह है कि वह समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में मिल रहा है. कणों के अलग-अलग आकार के कारण वर्तमान जल प्रणालियां माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को प्रभावी ढंग से फिल्टर करने में असमर्थ हैं. प्लास्टिक हजारों वर्षों तक नष्ट नहीं होता और अनुमान है कि महासागरों में पहले से ही प्लास्टिक की लाखों वस्तुएं मौजूद हैं. भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए कठोर कदम नहीं उठाए गए तो दुनिया के महासागरों में प्लास्टिक कचरे की मात्रा 2050 तक मछलियों से अधिक हो जाएगी. एक अन्य अध्ययन से पता चला कि मनुष्य के शरीर में भी प्रतिदिन विषाक्त माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं. इन कणों की मात्रा इतनी अधिक है कि सप्ताह भर में एक पूरे क्रेडिट कार्ड जितना माइक्रोप्लास्टिक सांस के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर रहा है. 'फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स' पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों में चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक उत्पादों के क्षरण से उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म कण हमारी श्वसन प्रणाली सहित संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं.

वैज्ञानिकों ने श्वसन प्रणाली के ऊपरी वायुमार्ग में माइक्रोप्लास्टिक कणों के परिवहन और जमाव का विश्लेषण करने के लिए एक कंप्यूटर मॉडल विकसित किया था. इस दल में सिडनी के प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी शामिल थे.दुनिया में माइक्रोप्लास्टिक का उत्पादन बढ़ रहा है. हवा में माइक्रोप्लास्टिक का घनत्व काफी बढ़ रहा है. शोधकर्ताओं ने धीमे और तेज सांस लेने की स्थिति में 1.6 से 5.56 माइक्रोन के विभिन्न माइक्रोप्लास्टिक कणों के प्रवाह का पता लगाया. नए अध्ययन में पाया गया कि विषाक्त प्रदूषकों वाले ये प्लास्टिक कण नाक की गुहा या गले के पीछे इकट्ठा होते हैं. वैज्ञानिकों ने अध्ययन में पाया कि बढ़े हुए प्रवाह से कम जमाव हुआ और लगभग 5.56 माइक्रोन के बड़े माइक्रोप्लास्टिक कण छोटे कणो की तुलना में वायुमार्गों में अधिक बार जमा हुए.

> शोधकर्ताओं ने हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक में अलग-अलग प्रकार के नौ पॉलिमर और एक प्रकार के रबड़ की पहचान की, जिनका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है. बादल के प्रत्येक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े पाए गए.इसके अलावा 'हाइड्रोफिलिक' या जल-प्रेमी पॉलिमर भी प्रचुर मात्रा में थे.

# भारतीय विदेश नीति दिशा और दशा

**• सामयिकी**

नलिन सूरी

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत को क्या प्रेरित करता है? भारतीय विदेश नीति के मूल सिद्धांत क्या हैं? हम एक ऐसी दुनिया में अपनी विदेश नीति के संचालन में इन मापदंडों के साथ मोटे तौर पर क्या सुसंगत रहे हैं, जो अनिवार्य रूप से अब तक तीन व्यापक चरणों से गुजर चुकी है, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, और अब चौथे चरण के बीच है, जो अफसोसजनक रूप से जटिल, अपेक्षाकृत असैद्धांतिक और तेजी से खतरनाक हो रही है? उदाहरण के लिए, यूक्रेन में युद्ध, हमास के खिलाफ इजराइल द्वारा जारी युद्ध, अफ्रीका में कई संघर्ष, इंडो-पैसिफिक में तनाव, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ, अवैध प्रवास आदि.

भारत की विदेश नीति के अंतर्निहित सिद्धांत निश्चित रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से खोजे जा सकते हैं. उन्होंने 1921 में लिखा था कि "मैं नहीं चाहता कि मेरे घर को चारों तरफ से दीवारों से घेर दिया जाए और मेरी खिड़की को बंद कर दिया जाए".1927 में उन्होंने लिखा था कि "जो मित्रता सभी मामलों पर सहमति पर जोर देती है, वह नाम के लायक नहीं है. दोस्ती को वास्तविक होने के लिए हमेशा ईमानदार मतभेदों का भार झेलना चाहिए, चाहे वे कितने भी तीखे क्यों न हों." और 1940 में उन्होंने लिखा था कि "सभी समझौते देने और लेने पर आधारित हैं, लेकिन बुनियादी बातों पर कोई देना और लेना नहीं हो सकता है. केवल मूलभूत सिद्धांतों पर कोई भी समझौता समर्पण है. क्योंकि यह सब देना है और लेना नहीं है." भारत की विदेश नीति को संचालित करने वाले उद्देश्य काफी सीधे और सुसंगत हैं. उनमें अनिवार्य रूप से भारत की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, विकास हितों, बहुलवादी लोकतंत्र, हमारे पड़ोस में शांति और स्थिरता की रक्षा और वैश्विक एजेंडे पर महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने में पूर्ण योगदान शामिल है, चाहे वे उपनिवेशवाद को खत्म करने की लड़ाई के हों या रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के हों.अतीत में विकासशील देशों के विकास के लिए या अधिक समसामयिक मुद्दों जैसे कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, विशेष रूप से विकासशील देशों के विकास के लिए वैज्ञानिक ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का अनुप्रयोग हों.बहुलवादी लोकतंत्र के रूप में इसकी सफलताओं ने रेखांकित किया है कि एक विशाल आबादी वाला बहुभाषी, बहुजातीय और बहुधार्मिक देश उच्च विकास दर को बनाए रख सकता है. और, फिर भी, शासन की लोकतांत्रिक प्रणाली को बनाए रख सकता है. भारत इस महत्वपूर्ण संबंध में अन्य विकासशील देशों के लिए एक उदाहरण के रूप में खड़ा है.

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में इसका योगदान किसी से पीछे नहीं है. भारत के उत्थान और विकास का दुनिया ने स्वागत किया है. हमारी विकासात्मक उपलब्धियां तेजी से साथी विकासशील देशों के साथ साझा की जा रही हैं. हम दूसरों के लिए कोई ख़तरा नहीं पैदा करते, लेकिन एक मन होकर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे और अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे.1947 में एक आधुनिक राष्ट्र राज्य के रूप में अपनी स्थापना के बाद से भारत ने बहुपक्षवाद और बहुध्रुवीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और विश्वास का प्रदर्शन किया है. जैसे-जैसे राष्ट्र अधिक परस्पर-निर्भर हो गए हैं, महान शक्तियों की धारणा विकसित होती जा रही है. अंतरराष्ट्रीय संबंधों में वर्तमान मोड़ इस घटना का स्पष्ट प्रतिबिंब है. उदाहरण के लिए, क्या हम ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, जिसकी तीन धुरी होंगी? एक का नेतृत्व अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा किया जाएगा, एक दूसरा चीन और रूस द्वारा और तीसरा ग्लोबल साउथ द्वारा?इसके बजाय, समय की मांग है कि ऐसे संस्थान हों, जो प्रतिनिधिक, न्यायसंगत और कुशल हों, जहां सार्वभौमिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बातचीत के साधनों पर आधारित जांच और संतुलन हैं, जो न्यायसंगत और गैर-भेदभावपूर्ण दोनों हैं. ऐसे संस्थानों को अनुकूलनशील होना चाहिए और समसामयिक विश्व की विकसित होती वास्तविकता का प्रतिनिधित्व करना चाहिए.मेरा मानना है कि भारतीय दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त है. यह एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो वर्षों से सुसंगत तथापि अनुकूल रहा है. यह अनिवार्य रूप से प्रत्येक मुद्दे को उसके गुण-दोष के आधार पर संबोधित करने और भारत के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए, आज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक स्वतंत्र स्थिति लेने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है.

> अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में इसका योगदान किसी से पीछे नहीं है. भारत के उत्थान और विकास का दुनिया ने स्वागत किया है. हमारी विकासात्मक उपलब्धियां तेजी से साथी विकासशील देशों के साथ साझा की जा रही हैं. हम दूसरों के लिए कोई ख़तरा नहीं पैदा करते लेकिन एक मन होकर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे.

## मीडिया में अन्यत्र

# इंटरनेट प्रदाताओं के लिए नया कानून

**दूरसंचार** विधेयक, 2023 को पेश किए जाने का कदम वायरलेस नेटवर्क और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए कानून को मजबूत करने के केंद्र सरकार के दीर्घकालिक लक्ष्य को हासिल करने के करीब है. इसमें 46 पेज का वह कानून शामिल है, जो दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए लाइसेंस और परमिट के लिए आवेदन करने जैसी नौकरशाही प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए मौजूदा नियामक संरचनाओं को काफी हद तक बरकरार रखता है. लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की तैयारी है और दूरसंचार ऑपरेटरों के पास जहां अपने लाइसेंस शर्तों के गैर-अनुपालन से निपटने का एक नया तरीका होगा, वहीं सार्वजनिक व निजी संपत्तियों पर अपने उपकरण एवं ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क स्थापित करते समय इजाजत और विवाद के समाधान के लिए जिला एवं राज्य-स्तरीय अधिकारियों तक पहुंच भी होगी. यह विधेयक लंबे समय से कम से कम कुछ दूरदराज के इलाकों के लिए नेट कनेक्टिविटी हासिल करने का एक जरिया माने जाने वाले उपग्रह इंटरनेट उद्योग को भी राहत की सांस लेने की इजाजत देता है क्योंकि यह स्पष्ट है कि उसे स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाने की जरूरत नहीं होगी और इस तरह, भारत भी अन्य देशों के साथ इस मोर्चे पर बराबर की स्थिति में आ जाएगा. दूरसंचार उद्योग के विभिन्न संघों ने उनके नियामक संबंधी परिदृश्य को सुव्यवस्थित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए इस विधेयक का स्वागत किया है और यह विधेयक संभवतः दूरसंचार विस्तार के अगले चरण के लिए बेहद जरूरी नियामक संबंधी स्थिरता और समर्थकारी वातावरण प्रदान कर सकता है. भारत की आधी से ज्यादा आबादी 'आपस में जुड़ी' दुनिया के हाशिए पर है और यह विधेयक ऐसी स्थिति में मददगार साबित हो सकता है. लेकिन दिक्कतें कायम हैं. दूरसंचार की विस्तृत परिभाषा अपने दायरे में सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को समेटे हुए है और उनपर राज्य का अधिकार गोपनीयता एवं निगरानी संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है. राज्य-प्रायोजित जासूसी के पिछले आरोपों को देखते हुए ये चिंताएं महज अकादमिक नहीं हैं. यह विधेयक स्पैमिंग संबंधी चिंताओं से निपटने का प्रयास करता है, लेकिन इसके प्रस्तावित उपायों के लिए गोपनीयता से अतिरिक्त समझौते करने की जरूरत पड़ेगी. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### फजीहत/फजीलत

**यह** तो अपनी-अपनी किस्मत की बात है. एक ही काम करने पर किसी की फजीहत हो जाती है तो किसी को फजीलत की पगड़ी मिल जाती है. अब चाहे जो भी हो, काम तो करना ही होगा. यहां हमारा जिन दो शब्दों से पाला पड़ रहा है, वे हैं फजीलत और फजीहत. इन दोनों शब्दों पर विचार करेंगे, इनसे परिचित होंगे, लेकिन इससे पहले में आप सभी सुधी पाठकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा, क्योंकि आप सबों के अपार स्नेह और प्रोत्साहन की बदौलत मेरी लेखनी से प्रतिदिन निकलनेवाली शब्द चर्चा ने सफलता पूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया. आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि आपका स्नेह इस स्तंभ को मिलता रहेगा. अब फजीलत और फजीहत से परिचित होते हैं. ये दोनों शब्द अरबी मूल के संज्ञा स्त्रीलिंग हैं. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार फजीलत का मतलब है बड़ाई, बड़प्पन, बुजुर्गी, प्रधानता, उत्कृष्टता, प्रतिष्ठा, श्रेष्ठता, गौरव, नेकी, भलाई, कमाल, खैर, ज्ञान, मदरसा की उच्च शिक्षा की उपाधि. हिंदी शब्द सागर ने इस शब्द का मतलब बताते हुए इससे बने एक मुहावरे से भी परिचित कराया है. वह मुहावरा है फजीलत की पगड़ी. इसका मतलब है विद्वत्ता सूचक पदक या चिह्न. इस मुहावरे का प्रयोग इस प्रकार किया जाता है-जिन्हें इस हुनर में फजीलत की पगड़ी हासिल है, वे क्या नहीं कर सकते. शब्द सागर के अनुसार मुसलमानों में यह चाल है कि जब कोई पूर्ण विद्वान होता है और विद्वानों की सभा में अपनी विद्वत्ता को प्रमाणित करता है, तब सभी विद्वान या प्रधान उसके सिर पर पगड़ी बांधते हैं, जिसे फजीलत की पगड़ी कहा जाता है. इस पगड़ी को बांधकर वह जिस सभा में जाता है, लोग उसका आदर और प्रतिष्ठा करते हैं. फजीहत शब्द से तो हर कोई परिचित है. हर कोई जानता है कि फजीहत का मतलब दुर्दशा, दुर्गति, अपमान, बदनामी है. गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-तुलसी परिहरि हरिहरहिं पांवर पूजहिं भूत. अंत फजीहत होहिंगे गनिका के से पूत.

# दरवाजे बनवाइए, अमर हो जाइए!

**• तीर-तुक्का**

रवि प्रकाश

बुद्धिमान शासक दरवाजे अर्थात गेट बनवाते हैं. जो शासक मूर्ख होते हैं, यह अपना सारा समय और धन सड़क बनवाने में बर्बाद कर देते हैं. जो जितना बुद्धिमान होता है, वह उतना ही भव्य गेट बनवाता है. उसे मालूम है कि अगर गेट नहीं बनेगा तो लोग किधर से जाएंगे? सोचते विचारते ही रह जाएंगे. दरवाजा बनने से सबसे बड़ा फायदा यह रहता है कि आदमी उसके भीतर से निश्चिंत होकर गुजर जाता है. राजाओं की पहचान बताने में भी दरवाजों का महत्वपूर्ण योगदान होता है. सबसे बड़ी बात यह है कि सड़क तो टूट जाती है, दस-बीस साल चलती है. दरवाजे सैकड़ों साल तक कायम रहते हैं. सड़क में क्या रखा है! नहीं भी बनी तो कच्ची सड़क पर आदमी किसी तरह चलेगा. सड़क भी चलने के काम ही आती है. फिर पैसा तो सीमित रहता है. उसे चाहे दरवाजा बनाने पर खर्च कर लो या सड़क बनाने के लिए संभाल कर रखो. आज भी बुद्धिमान शासकों द्वारा बनाए गए दरवाजे याद किए जाते हैं. बहुत से दरवाजे तो ऐसे होते हैं जो सड़क पर भी नहीं होते. बस एक तरफ दरवाजा बना दिया. लोग उसे देखने के लिए जाते हैं और कहते हैं कि शासक हो तो ऐसा कि सैकड़ों साल बाद भी दरवाजा टस से मस नहीं हुआ. दरवाजा अगर कम बजट में बनाना है तो भी कोई बुराई नहीं है. कम समय के लिए ही सही, शासन को अपना नाम अमर करने का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहिए. सस्ते में जो दरवाजे बनते हैं, वे भी दस-बीस साल के लिए तो शासकों के नाम अमर कर ही देते हैं.



आदमी का जितना जुगाड़ लगे, अमर होने से चूकना नहीं चाहिए. जनप्रतिनिधि आम तौर पर दरवाजे इसीलिए बनवाते हैं कि उसपर निर्माणकर्ता के रूप में उनका नाम लिखा जाएगा या नहीं लिखा जाएगा तो रिकॉर्ड में तो लिखा ही जाता है. नए शासकों को पुराने शासकों के दरवाजे फूटी आंख नहीं सुहाते. कई बार तो नए शासक क्रोध में आकर पुराने शासको के द्वारा निर्मित दरवाजों को बुलडोजर से ढहवा देते हैं. जनता समझती है कि यह सड़क के चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है, क्योंकि हर दरवाजा कुछ फिट जगह घेरे रहता है. लेकिन उनका अनुमान निराधार सिद्ध होता है. थोड़े ही समय में नया शासक पुराने दरवाजे को तोड़कर इस स्थान पर नया दरवाजा निर्मित कर देता है. सरकारी खजाने को बर्बाद करने का यह भी एक अच्छा तरीका है. प्रजातंत्र में हर पांच साल बाद सरकार बदलती है और पुराना तोड़ने तथा नया बनवाने का यह क्रम चलता रहता है. राजा महाराजाओं ने अपने शासनकाल में अपनी रियासतों में दो ही काम किए हैं.

# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : सुहाना खान

## टोंड और कर्वी बॉडी के लिए सुहाना करती हैं यह



सुहाना खान इन दिनों अपनी डेब्यू आर्चीज के लिए खबरों में हैं. सुहाना जहां अपनी अदाओं व अंदाज के लिए चर्चा में रहती हैं, वहीं अपनी फिटनेस के लिए भी खूब सराही जाती हैं. सुहाना खान अक्सर अपनी टोन्ड बॉडी की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. इन तस्वीरों को देखकर सहज समझा जा सकता है कि सुहाना अपनी फिटनेस को लेकर कितनी कन्सर्न हैं. इसके लिए खानपान को लेकर सुहाना खास सर्तकता बरतती हैं. साथ ही जिम में जम कर पसीने बहाती हैं. योग भी उनकी दिनचर्या में शामिल है. सुहाना खान को कई बार जिम के बाहर पैपराज़ी स्पॉट करते रहते हैं. सुहाना को योगा क्लासेस के बाहर भी देखा जाता है. रूपल सिद्धपुरा फरिया जो एक सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर हैं और सुहाना की भी फिटनेस ट्रेनर हैं, अक्सर सुहारा की फिटनेस ट्रेनिंग के वीडियो शेयर करती हैं. आइए सुहाना खान की डाइट व उनके फिटनेस रूटीन को जानें –

सुपर स्टार पिता की सीख कहिए या खुद की सजगता, सुहाना खान घर में बना खाना पसंद करती हैं. सुहाना को सादा खाना, जिसमें दाल, हरी सब्जियां, व नॉनवेज में चिकन, फिश शामिल है, खाना खास पसंद है. सुबह की शुरुआत जिंजर वाटर से करती हैं. इसके बाद अंडे, टोस्ट, ब्राउन ब्रेड आदि के साथ एक गिलास दूध लेती हैं. कभी कभी ओट्स, दलिया, सब्जी आदि से बनी होम मेड और हेल्दी फूड बतौर ब्रेकफास्ट लेती हैं. मिड मॉर्निंग मील के तौर पर अक्सर एक कटोरी फल होता. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रोटी सुहाना को अधिक पसंद नहीं. इसलिए लंच में अक्सर दाल, चिकन, सब्जियों के साथ ब्राउन राइस या पराठे लेती हैं.

ईवनिंग स्नैक्स में सब्जियों-चिकन आदि से भरपूर हेल्दी बर्गर, चाइनीज आदि डिश लेती हैं, लेकिन हेल्थ के बिंदूओं की अनदेखी नहीं करतीं. शाम को एक गिलास जूस या नारियल पानी भी जरूर होता है. सुहाना का रात का खाना हल्का होता है और आमतौर पर रात आठ बजे तक डिनर कर लेती हैं. डिनर में चिकन सूप, ग्रिल्ड चिकन, ग्रिल्ड फिश आदि के साथ ढेर सारे सलाद होते हैं.



**डॉ सरोज राय**
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

**तापमान में गिरावट, ठंडी हवा, धूप की कमी...ठंड के मौसम की सीधी मार हमारी त्वचा झेलती है. उस पर से ठंड से बचाव के लिए हम त्वचा पर ऊनी व सिंथेटिक कपड़े लादे रहते हैं. इससे एलर्जी जैसी समस्याएं होती हैं. इस मौसम में पानी भी हम कम ही पीते हैं. इस वजह से त्वचा में नमी की भी कमी होने लगती है. खुश्की कभी कभी इतनी ज्यादा हो जाती है कि त्वचा फटने लगती है. उसमें पड़ी दरारों से खून आने लगते हैं. होंठ फटते हैं. आइए ठंड की आम समस्या और उनसे बचने के उपाय पर करें बात...**

## नाजुक मौसम में संभालिए अपनी त्वचा



### सोरायसिस



ठंड के मौसम में सोरायसिस की समस्या बढ़ जाती है. यह एक ऑटो इम्यून त्वचा रोग है जिसमें त्वचा में पपड़ीदार पैच, दरारें, जलन और सूजन की शिकायत होती है. सोरायसिस से हमारी खोपड़ी, कोहनी और घुटना सबसे अधिक प्रभावित होता है. इसका कोई इलाज नहीं है. लेकिन, दवाओं से इसका प्रभाव कम किया जा सकता है. शिया बटर, पैराफिन, ग्लिसरीन युक्त मॉइश्चराइजर के इस्तेमाल से राहत मिल सकती है. गंभीर स्थिति में डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें जो त्वचा पर राहत के लिए क्रीम/लोशन के साथ मुंह से ली जाने वाली दवाएं लेने का भी सुझाव दे सकते हैं.

### रोसैसिया



यह समस्या भी ठंड के मौसम में ही परेशान करती है. इसमें त्वचा पर लालिमा और छोटे-छोटे दानों और मवाद की शिकायत होती है दरअसल ठंड के मौसम में ब्लड सर्कुलेशन थोड़ा धीमा हो जाता है. इस कारण ब्लड सप्लाई के लिए स्किन के अंदर मौजूद ब्लड वेसल्स चौड़ी हो जाती हैं ताकि आवश्यक मात्रा में ब्लड चेहरे में सर्कुलेट हो सके. अधिक ठंड पड़ने पर हमारा शरीर स्किन को गर्म करने का कोशिश करता है जिससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है और गाल लाल हो जाते हैं. इसके अलावा ठंडी हवा, मॉइस्चराइजेशन और न्यूट्रिशन की कमी से भी स्किन लाल होने लगती है.

**बचाव के लिए खूब सारा पानी पिएं. बॉडी हाइड्रेट रहेगी तो इस तरह की समस्याएं कम होंगी. ठंड के मौसम में कोशिश करें कि कोलेजन युक्त मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें. कोलेजन से त्वचा की इलॉस्टिसिटी बनी रहती है और त्वचा का सूखापन भी दूर होता है. साथ ही इससे ड्राइनेस भी दूर होती है. रोसैसिया होने पर डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह से ही कोई क्रीम या लोशन का इस्तेमाल करें. वे आपको हाइलूरोनिक एसिड युक्त सीरम या हाइड्रेटिंग मास्क लगाने का सुझाव सकते हैं. लेकिन इसके लिए स्किन की जांच जरूरी है, इसलिए बिना चिकित्सक की सलाह के कोई क्रीम-लोशन नहीं लगाने का सुझाव दिया जाता है.**

### फटी हुई एड़ियां

सर्दियों में फटी एड़ियों की समस्या बहुत आम है. इससे बचाव के लिए नियमित सफाई और उसके बाद रिच मॉइश्चराइजिंग क्रीम का इस्तेमाल एड़ियों पर करें. सूती के जुराबें पहनें. एड़ियों को हर समय मॉइश्चराइज रखने के लिए नारियल के तेल आदि का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यदि कई वर्षों से फटी एड़ियों की समस्या से परेशान हैं या उनमें से खून आ रहा हो, या अधिक दर्द हो रहा हो तो डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें. लोशन के साथ मुंह से लेने वाली दवाओं का निरंतर प्रयोग एड़ियों को मुलायम कर देगा और समस्या से राहत मिलेगी.

### होठों का फटना



होठों की त्वचा की परत बहुत पतली होती है. साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों की तरह इन्हें अधिकतर ढंक के नहीं रखा जा सकता. वहीं सर्दियों में वातावरण में नहीं की कमी और ठंडी हवा की मार होती है. ऐसे में इस मौसम में होठों का फटना बेहद आम समस्या है. इससे बचाव का सबसे आसान उपाय है ढेर सारा पानी पीना. होठों पर अच्छी कंपनी का लिप बाम, एंटीसेप्टिक क्रीम, नारियल तेल या कोल्ड क्रीम का दिन में कई बार इस्तेमाल करें. होंठों को सूखने न दें. धूप में बाहर निकलने से पहले एसपीएफ का प्रयोग भी जरूर करें.

### रैशेज की समस्या

ठंडी हवा के संपर्क में आने व नमी की कमी के कारण त्वचा सूखी हो जाती है, उस पर लाल चकत्ते से हो जाते हैं और वह पपड़ीदार हो जाती है. कई बार त्वचा के कुछ हिस्सों पर छोटे-छोटे लाल रंग के बम्प्स भी निकल जाते हैं. इससे बचने के लिए ठंड में बार बार गर्म पानी से शॉवर नहीं लें. इससे त्वचा का नहाने के बाद जब त्वचा हल्की गीली रहे, तभी रिच मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें. आरामदायक कपड़ों का इस्तेमाल करें. गंभीर स्थिति में त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें.

### सूखी नाक

सर्दियों में यह भी एक आम समस्या है जिसके कारण नाक को बार बार खुजाने की तलब होती है. दरअसल इन दिनों नाक अंदर से बहुत ज्यादा सूखी सूखी लगने लगती है. इससे बचाव का बेहतर उपाय है खूब सारा पानी पीना. पानी बेस्ड मॉइश्चराइजर का प्रयोग किया जा सकता है. चिकित्सक इसके लिए नेज़ल ड्रॉप्स की सलाह भी दे सकते हैं.



**ऋषि रंजन**
योग एक्सपर्ट

## आसन करेगा जीवन आसान

**बदलती लाइफस्टाइल व तेज जिंदगी में आज अमूमन हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से परेशान है. ऐसे में रोग दूर करने के लिए सिर्फ दवाइयों पर निर्भर रहने से अच्छा है कि योग का सहारा लें.**

### भुजंगासन



कमर दर्द से आमतौर पर महिलाएं अधिक परेशान रहती हैं. इससे राहत के लिए भुजंगासन करें. इसके लिए पेट के बल लेट जाएं. दोनों पैरों के बीच की दूरी को कम करें. पैर सीधे व तने हुए रखें. सांस लेते हुए शरीर के अगले भाग को नाभि से ऊपर उठाएं. कमर पर ज्यादा खिंचाव न आए. धीरे-धीरे सांस लें और कुछ देर के लिए इसी स्थिति में रहें. गहरी सांस छोड़ते हुए पहली वाली अवस्था में आ जाए.

### मर्जरीआसन



यह पूरे रिप्रॉडक्टिव सिस्टम के लिए मसाज की तरह काम करता है. खास तौर पर पीरियड पेन को दूर करने में सहायक है. दोनों घुटनों व हाथों को जमीन पर रखकर घोड़े की भांती खड़ी हो जाएं. हाथों को घुटनों के सीध में रखें. रीढ़ को ऊपर की तरफ खींचते हुए अंदर खींचे. सांस को पेट में हवा भरने तक खींचे. इस दौरान सिर को ऊपर उठाए रखें. सांस को तीन सेकंड तक भीतर रोकें. फिर पीठ को बीच से ऊपर उठाकर सिर नीचे झुकाएं. सांस धीरे-धीर बाहर छोड़ें, पेट की पूरी तरह खाली कर दें और नितंबों को भी भीतर की तरफ खींचें.

### सर्वांगासन



थॉयराइड होने पर जीवनभर दवाएं लेनी पड़ती हैं. अगर इन दवाइयों से दूर रहना चाहते हैं तो सर्वांगासन करें. सर्वांगासन करने पर शरीर में खून का फ्लो पैरों से गर्दन को तरफ जाता है. इससे यहां मौजूद थॉयराइड ग्रन्थि पर दबाव पड़ता है.

### अर्धमत्स्येन्द्रासन



यह आसन इसुलिन नियंत्रण करता है. इसकारण मधुमेह के रोगियों के लिए लाभप्रद है. दाहिने पैर को मोड़ें और पैर को बाईं नितंब के निकट जमीन पर आराम से रखें. बाएं पैर के उपर से दाहिने हाथ को लायें और बाएं पैर के अंगूठे को पकड़ें. श्वास छोड़ते हुए धड़ को जितना संभव हो उतना मोड़ें, और गर्दन को मोड़ें जिससे कि बाएं कंधे पर दृष्टि केंद्रित कर सकें. बाएं हाथ को ज़मीन पर टिका लें, और सामान्य रूप से श्वास लें.

सर्दी-जुकाम से राहत के लिए

## एक कप काढ़ा हो जाए

इन दिनों सर्दी, जुकाम और खांसी आम परेशानी हैं. सर्दी-खांसी या हल्के बुखार जैसी समस्याओं के लिए आमतौर पर डॉक्टर से संपर्क करने व दवाएं चलाने का प्रचलन कम ही है. हमारी दादी-नानी के बताए नुस्खे अक्सर इनमें बेहद कारगर होते हैं. ऐसा ही एक नुस्खा है सर्दियों में काढ़ा पीने का. सर्दी-खांसी-जुकाम के लिए हमारे घर-परिवार में कई तरह के काढ़े बनाने की परंपरा चली आई है. आइए, आज ऐसे ही कुछ कारगर काढ़ों और उन्हें बनाने के तरीकों की करें बात.

### गिलोय का काढ़ा



2 कप पानी में एक चौथाई चम्मच हल्दी और चार-पांच काली मिर्च डालें और तीन-चार मिनट उबालें. अब इसमें पांच-छः गिलोय की पत्तियां, अदरक और दालचीनी डालकर कम आंच पर करीब पांच मिनट पकाएं. अब पुदीना की पांच-छह पत्तियां डाल कर इस बर्तन को ढक दें. इसके बाद इसे छानें और शहद मिला कर पिएं. इस काढ़े को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों में भी पिया जाता है.

### अजवाइन का काढ़ा



दो कप पानी में एक चम्मच अजवाइन, एक चम्मच हल्दी और एक चुटकी नमक डालकर पांच मिनट धीमी आंच पर उबालें. जब पानी सूख कर आधा हो जाए तो इसमें एक चम्मच शहद और एक नींबू का रस डालें और पिएं. बायोमेड रिसर्च जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक अजवाइन में कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम, फैट, प्रोटीन, फाइबर, फॉस्फोरस, आयरन, मैंग्नीज, आयोडीन और कॉपर जैसे तत्व और खनिज पाए जाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और इम्यूनिटी बढ़ती है.

### अदरक का काढ़ा



अदरक का काढ़ा बनाने के लिए दो कप पानी उबालें और उसमें एक चम्मच छिली-कुटी अदरक, चार काली मिर्च, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, चौथाई चम्मच अजवाइन और आठ-दस तुलसी की पत्तियां मिलाकर तब तक उबालें जब तक ये आधा न हो जाए. जब ये उबल जाए तो गैस बंद कर दें और इसमें नींबू का रस और शहद मिलाकर पिएं. अदरक की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों के दिनों में अदरक का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद है. अदरक में एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं.

### काली मिर्च और लौंग का काढ़ा

दो कप पानी में 5-6 लौंग और 5-6 काली मिर्च डालें और पानी के आधा सूखने तक उबालें. फिर छान कर थोड़ा शहद और थोड़ा काला नमक डाल कर पिएं. लौंग और काली मिर्च का काढ़ा खांसी में बहुत फायदेमंद है. इसकी तासीर गर्म होती है और ठंड की बीमारियों को दूर करती है.

## परेशानी बढ़ा रही सर्द हवाएं, होमियोपैथ में यह समाधान



**डॉ रजनी शर्मा**
होम्योपैथ बायोकेमिक कंसल्टेंट
डीएमबीएस, बीएमबीएस

केस वन

पांच साल की अवनी को बस में स्कूल आने-जाने के क्रम में सर्दी खांसी ने जकड़ लिया. नाक से हरदम बहने वाला जुकाम, हल्का बुखार, सिर दर्द, बेचैनी, आंखों में लाली सूजन इत्यादि लक्षण उसमें दिख रहे थे. लगातार छींकों से उसका हाल बेहाल हो गया था. तीन-चार दिनों के बाद ही उसके गले के आसपास सूजन नजर आने लगा तथा गले के श्लैष्मिक झिल्ली में सूजन के कारण उसे पानी निगलने में भी परेशानी होने लगी. बच्चों में ठंड के दिनों में टॉन्सिल बढ़ने की समस्या सबसे अधिक पाई जाती है. अतः माता-पिता को बच्चों का ठंड के दिनों में विशेष ध्यान रखना चाहिए. प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले भोज्य पदार्थ भोजन में विटामिन सी तथा मिनरल्स अवश्य देना चाहिए. कुछ प्रीवेंटिव मेडिसिन को पहले ही देना चाहिए जिससे बच्चों का मेटाबॉलिक स्तर बना रहे.

केस टू

सरिता जी उम्रदराज महिला है. ठंड के दिनों में सुबह नहाने कपड़े धोने रसोई के कार्य करने में सावधानी नहीं रखने से शीतलहर की चपेट में आ गई. उम्र के साथ इस ठंडी के मौसम में उन्हें बलगम वाली खांसी होने लगी. कई बार बलगम निकलता और कई बार नहीं निकलता. यदि बलगम नहीं निकलता तो उन्हें सूखी खांसी होती और सांस लेने में काफी परेशानी होने लगती. उन्हें तब शर्मिंदगी महसूस होने लगी जब खांसी-खांसते उन्हें अनजाने में पेशाब निकल जाता. डॉक्टर की सलाह पर उन्होंने होम्योपैथिक बायोकेमिक की दवाई ली. साथ ही उन्होंने ठंड के दिनों में गर्म पानी पिया, गले में गर्म कपड़ा लपेट कर रखा, गर्म दूध, सूप ,शोरबा इत्यादि पिया. आयुर्वेद की कुछ चीजें जैसे शहद के साथ अदरक का रस, लहसुन, आंवले के मुरब्बे इत्यादि का सेवन भी किया.

केस थ्री

45 वर्ष के उपाध्याय बाबू पिछले 3 महीने से खांसते-खांसते परेशान हो चुके हैं उन्होंने हर तरह का कफ सीरप, दवा, सुई ली पर उनकी खांसी में बिल्कुल भी आराम नहीं मिल रहा था. खांसते-खांसते उनके नाक मुंह आंख से पानी निकलने लगता और पूरा चेहरा लाल पड़ जा रहा था. कफ के जमाव से सांसें चढ़ जाती इस तरह खांसी से उनका शरीर पूरी तरह से टूट चुका था. शारीरिक कमजोरी बढ़ गई. वह रात भर सो नहीं पाते, न हीं अपना कार्य कर पाते. डॉक्टर के पास जाने के बाद इस्नोफिलिया की जांच की सलाह दी गई. जांच रिपोर्ट में यह सामने आया कि उनका इस्नोफीलिया बढ़ा हुआ था और रक्त में व्हाइट ब्लड सेल कम होने के कारण उन्हें कई सारी परेशानियां झेलनी पड़ रही थी. डॉक्टर ने उन्हें गर्म कपड़े पहन कर रहने, गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करने के साथ-साथ होम्योपैथिक बायोकेमिक की कुछ दवाइयां दी जिससे उनकी खांसी शीघ्र ही समाप्त हो गई.



### ये दवाएं हैं कारगर

होम्योपैथिक दवाओं में एकोनाइट, ब्रायोनिया एल्ब, ड्रासेरा, बेलाडोना, आर्सेनिक एल्बम, यूफ्रेशिया, सैबाडिला, जेलीसिमियम, यूपाटोरियम पर्फ, पल्साटिला, एलियम सीपा, काली बाई, मर्क सौल, हाइड्रैस्टिस, नेट्रम म्यूर, साइलिशिया, एंटिमोनियम टार्ट, फॉसफोरस, सैंगुनेरिया, हिस्टामिनम, ट्यूबरकुलिनम, हिपर सल्फ, कैल्केरिया कार्ब, स्पांजिया, लैकेसिस इग्नेशिया, कैप्सिकमष कास्टिकम इत्यादि मुख्य रूप से इस्तेमाल की जाती है. मेटाबॉलिज्म के स्तर को अश्वगंधा, टेनिसपोरा, आसिमम सैंकटम आदि दवाओं के द्वारा बढ़ाया जा सकता है, जिससे सर्दी जुकाम होने की आशंका कम हो जाती है.

### बायोकेमिक दवाओं में ये काम की



बायोकेमिक दवाओं में फेरम फॉस, काली म्यूर, नेट्रम म्यूर, नेट्रम सल्फ, साइलीसिया, काली सल्फ, मैग्निशियम फॉस, कैल्केरिया फॉस, कैल्केरिया फ्लोर आदि दवाएं महत्वपूर्ण है. बायोकेमिक कांबिनेशन सर्दी के लिए पांच नंबर तथा सर्दी जुखाम खांसी के लिए छः नंबर, बुखार के लिए ग्यारह नंबर टांसिलाइटिस के लिए दस नंबर के रिपीटेड डोज अत्यंत लाभकारी है.

**नोट : दवाएं सदैव कुशल चिकित्सक के परामर्श से लें.**

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### डेढ़ किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में रक्सौल के नेपाल सीमा क्षेत्र पंटोका में एसएसबी-47 वी बटालियन के जवानों ने एक नेपाली नागरिक को 1.5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. नेपाली नागरिक नेपाल के परसा जिला के छपकैया से पंटोका के रास्ते बाइक से रक्सौल आ रहा था. जिसकी बाइक की जांच की गयी. जांच के क्रम में बाइक के सीट के नीचे छुपा कर रखा गांजा बरामद किया गया. गांजा के साथ बाइक चालक को तत्काल हिरासत में लिया गया. नेपाली नागरिक की पहचान परसा जिला के विश्रामपुर गांव निवासी संजय कुमार के रूप हुई.

### युवक का गला रेत दिया, शव बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में बुधवार की सुबह एक युवक की गला रेता शव बरामद किया गया है. बरामद शव की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव के अमर प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार के रूप में हुई है. परिजन के अनुसार मृतक मंगलवार शाम घर से तुरंत आने की बात कहकर निकला था.जब वह देर शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा तो रात भर उसकी खोज की गयी. लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला. वहीं बुधवार की सुबह शौच के लिए निकले लोगों ने उसका शव उसके घर से 200 मीटर की दूरी पर स्थित झाड़ी में देखा.

### अंधाधुंध फायरिंग, बाल बाल बचे शॉप वर्कर्स

**सिवान।** सिवान में ग्लास दुकान पर गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शहर के अड्डा नंबर दो के पास सिवान ग्लास हाउस नाम की एक दुकान है. जिसमें स्टाफ और अन्य लोग मौजूद थे, तभी दो की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने आकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. इस घटना में वहां काम कर रहे लोग बाल-बाल बच गए हैं. गोलीबारी के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी मच गई और अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए.

## दलाई लामा ने अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम का किया उद्घाटन

# बौद्ध धर्म से जुड़े विद्वान हुए शामिल

**संवददाता। बोधगया**

बौद्ध धर्म के विद्वानों की उपस्थिति में तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने बुधवार को परंपराओं को जोड़ने,



आधुनिकता को अपनाने, आज की दुनिया में बुद्ध की शिक्षा पर एक संवाद विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम-2023 का उद्घाटन किया. बिहार के बोधगया में आयोजित फोरम में 33 देशों के बौद्ध धर्म गुरु जो विभिन्न वादों के विद्वान हैं शामिल हुए. इस कार्यक्रम में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, तिब्बत, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, रूस, मंगोलिया, जापान और कोरिया सहित 33 देशों के 2,500 से ज्यादा बौद्ध विद्वान शामिल हुए. मंच पर आमंत्रित लोगों में शामिल अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि उन्हें दुनिया भर के बौद्ध विद्वानों की ऐतिहासिक बैठक में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ मंच के आयोजकों द्वारा आमंत्रित किए जाने पर सौभाग्य महसूस हुआ है. मंच के लिए सैकड़ों बौद्ध नेता और भिक्षु बोधगया में जुटे हैं.

कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्खु विद्वानों के बीच चर्चा में बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी. चर्चाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी. इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18 वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे.

# नीतीश फिर खाली हाथ, माया मिली न राम : सुशील मोदी

**संवददाता। पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने का सपना लेकर 2022 में दूसरी बार भाजपा से नाता तोड़ा था और अब पटना में अपने पक्ष में पोस्टर लगवा कर बड़ी उम्मीद से गठबंधन की दिल्ली बैठक में गए थे, लेकिन किसी ने संयोजक पद के लिए भी उनके नाम का प्रस्ताव नहीं किया. प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी तो बहुत दूर की बात है. मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार को न माया मिली, न राम. वे खाली हाथ जब पटना लौटेंगे, तब जदयू के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाये रखना मुश्किल होगा. पार्टी में भगदड़ मच सकती है. उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने साल भर का समय बर्बाद किया. वे कुछ भी तय नहीं कर पाये. ममता बनर्जी और केजरीवाल ने संयोजक -पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सुझाया इसे स्वीकार नहीं किया गया. मोदी ने कहा कि ममता और केजरीवाल के रुख से साफ है कि गठबंधन के दो बड़े दल नीतीश कुमार को नेतृत्व सौंपने के विरुद्ध हैं. उन्होंने कहा कि गठबंधन की चौथी बैठक भी कोई बड़ा फैसला नहीं कर पायी.

## आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है – सिलिकान
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – मैग्नीफेरा इंडिका
- किस क्रिकेट खिलाड़ी का उपनाम सुपर कैट है – क्लाइव लॉयड
- गुरु ग्रंथ साहिब में कुल कितने संत कवियों के पद हैं – 17
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है – कोच्चि
- खाद्य एवं कृषि संगठन का मुख्यलाय कहां है – रोम
- किस नेता को जननायक के नाम से जाना जाता है – कर्पूरी ठाकुर
- रॉकेट की गति पर कौन सा संरक्षण सिद्धांत लागू होता है – संवेग का संरक्षण
- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर कहां स्वीकार किए गए थे – सैन फ्रांसिस्को
- ट्रेफलगार के युद्ध में नेपोलियन किस देश से हारा था – इंग्लैंड

## बेगूसराय में शराब तस्करों ने मचाया तांडव

# दारोगा को गाड़ी से रौंद कर मार डाला, जवान हुए घायल

**संवददाता। बेगूसराय**

बेगूसराय में बेखौफ शराब तस्कर ने मंगलवार देर रात पुलिस पदाधिकारी को गाड़ी से रौंद कर उसकी जान ले ली. गाड़ी की चपेट में आकर एक हवलदार भी घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये सभी पुलिसकर्मी शराब तस्कर की गाड़ी को रोकने का प्रयास कर रहे थे. एसपी योगेन्द्र कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बुधवार सुबह बताया कि मंगलवार देर रात नावकोठी थानाध्यक्ष (पुअनि) खामस चौधरी को जानकारी मिली कि ऑल्टो कार से कोई व्यक्ति शराब ले जा रहा है. जिसके बाद रात्रि गश्ती गाड़ी भेजी गई. रात के 12:30 बजे ऑल्टो कार रोकने के लिए छतौना बूढ़ी गंडक नदी पुल के पास पुलिस गाड़ी लगाकर पुअनि खामस चौधरी खुद तीन होम गार्ड जवान के साथ खड़े थे. ऑल्टो कार वाले ने पुलिस की गाड़ी देख अपनी स्पीड बढ़ा दी और खामस चौधरी को रौंदते हुए निकल गई. सिर में गंभीर चोट के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. इस दौरान एक होमगार्ड जवान दरियापुर निवासी बालेश्वर यादव को भी चोट लगी, जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना के तुरंत बाद बखरी एसडीपीओ चंदन कुमार, सीआई बखरी, एसएचओ नावकोठी के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. एसडीपीओ बखरी के नेतृत्व में विशेष टीम बना दी गई है. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. वहीं, पुलिस कर्मियों में भी भारी आक्रोश है.

मधुबनी जिले के राहिका थाना क्षेत्र स्थित मारर गांव के भोला चौधरी के पुत्र खामास चौधरी 2009 बैच के दारोगा थे. 2013 में उनकी ज्वाइनिंग हुई और करीब चार साल से बेगूसराय में तैनात थे. घटना की सूचना मिलने के बाद पत्नी कल्पना सहित अन्य लोगों की भीड़ जुट गई है. पोस्टमार्टम कर पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम संस्कार के लिए शव पैतृक गांव भेजने की तैयारी चल रही है.

### शरीर में टेप से बांधकर शराब की तस्करी, 4 गिरफ्तार



**गोपालगंज।** गोपालगंज में शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार हुए हैं. जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के भठवा मोड़ और विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के प्लाई फैक्ट्री के पास से उत्पाद विभाग की बलथरी टीम ने कार्रवाई करते हुए सात बाइक और चार तस्करों को गिरफ्तार किया है. वहीं मौके का फायदा उठाकर अन्य तस्कर फरार होने में सफल रहे. गिरफ्तार तस्करों में विश्वंभरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मुकुंद गांव निवासी रामाशंकर सिंह के बेटा मुकेश सिंह, मटिहनीया सलेहपुर गांव निवासी बनिला यादव के बेटा सचिन यादव, लक्ष्मण प्रसाद के बेटा अरुण यादव, सोभन चक गांव निवासी वकील यादव के बेटे दुर्गेश यादव शामिल हैं. दरअसल, जिले के शराब तस्करों में शराबबंदी कानून का भय नजर नहीं आ रहा, यही वजह है कि आए दिन शराब तस्करी के मामले सामने आते रहते हैं. हालांकि पुलिस और उत्पाद विभाग इन तस्करों के मंसूबे को नाकाम करने में जुटे रहते हैं लेकिन ये तस्कर नए-नए तरीके इजाद कर शराब की तस्करी करने में लगे रहते हैं.

# साइबर ठगी मामले में 10 गिरफ्तार

**संवाददाता। नवादा**

नवादा जिले के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश एवं पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में वारिसलीगंज में छापेमारी कर 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है. मोसमा और मसूदा गांव के बगीचे से ठगी करते इन्हें पकड़ा गया है. गिरफ्तार बदमाशों के पास से 13 मोबाइल सेट, 45 कस्टमर डेटा सूची सहित एक बाइक जब्त की गई है. मंगलवार को स्थानीय थाने में प्रेस वार्ता की गई. गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है



### एक दर्जन से अधिक ठग मौके से फरार

वहीं मोसमा गांव के बधार में ठगों के ठिकाने पर भी छापेमारी की गई. यहां से मोसमा गांव के उपेंद्र पंडित के पुत्र महेश कुमार, रामाशीष पंडित के पुत्र संदीप कुमार और दशरथ पंडित के पुत्र संजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया. दोनों स्थान से गिरफ्तार साइबर ठगों के पास से 13 मोबाइल फोन, 45 कस्टमर डेटा की सूची सहित एक बाइक जब्त की गई है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दर्जन से अधिक ठग भागने में सफल रहे.

### राजनीति से संन्यास लेने का सही समय : संतोष

**पटना।** इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में भी नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर विचार नहीं किया गया. इसके बाद राजनीतिक सरगर्मी पैदा हो गयी है. विपक्ष के नेता जहां नीतीश कुमार पर तंज कस रहे हैं, वहीं सत्ता पक्ष उनके साथ खड़ी है. हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ संतोष सुमन ने बैठक और नीतीश को लेकर तंज कसा है. डॉ संतोष सुमन ने इस बार भी बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला. वहीं, संतोष सुमन ने नीतीश पर भी जमकर हमला बोला. कहा कि उनके राजनीति से संन्यास लेने का समय आ गया है. अगर सही समय पर संन्यास ले लेंगे तो थोड़ी इज्जत बची रहेगी.

## गुजरात से आये छात्रों के साथ संवाद

# बिहार विकास की ओर अग्रसर है : राज्यपाल

**विशेष संवाददाता। पटना**

बिहार अब बदल रहा है तथा विकास की ओर अग्रसर है. यहां की परिस्थितियां और माहौल बदल चुके हैं. यहां के युवाओं की सोच बदल रही है और वे विकास के लिए प्रयत्नशील हैं. बिहार की वास्तविक स्थिति और इसकी नई छवि के बारे में गुजरात के लोगों को बताएं. यह बातें, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में आईआईआईटी, सूरत, गुजरात के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद के दौरान कही. ये विद्यार्थी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अंतर्गत 'युवा संगम तृतीय चरण' कार्यक्रम के तहत बिहार की यात्रा पर हैं. राज्यपाल ने कहा कि बिहार के लोग प्रतिभाशाली और परिश्रमी हैं तथा वे कला, संस्कृति, शिक्षा, उद्यमिता आदि सभी क्षेत्रों में आगे हैं. प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी यहां के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सफल होते हैं. उन्होंने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत भारत के अन्य राज्यों की तुलना में काफी समृद्ध है. इस राज्य का संबंध भगवान बुद्ध, महावीर, चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे महापुरूषों से रहा है.

## कारोबार

### एम्बैसी रीट से बाहर निकली ब्लैकस्टोन

**नयी दिल्ली।** वैश्विक कोष ब्लैकस्टोन ने शेयर बाजारों में थोक सौदे में एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट में अपनी समूची 23.5 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,100 करोड़ रुपये में बेच दी है. सूत्रों ने बुधवार को जानकारी दी. कंपनी ने अपनी यूनिट करीब 316 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेची हैं. कुछ मौजूदा यूनिट धारकों ने इसमें भाग लिया है. उन्होंने बताया कि एसबीआई म्यूचुअल फंड एक नया निवेशक है. एम्बैसी ऑफिस पार्क रीट भारत का पहला रियल एस्टेट निवेश न्यास है जो वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन और बेंगलुरु स्थित रियल्टी फर्म एम्बैसी समूह द्वारा प्रायोजित है.

### पांच साल में सात अरब डॉलर का होगा निवेश

**नयी दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा उद्योग क्षमता विस्तार और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर अगले पांच साल में 6.5 से सात अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है. उद्योग निकाय एक्मा की प्रमुख श्रद्धा सूरी मारवाह ने यह जानकारी दी. भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) की अध्यक्ष ने यहां संवाददाताओं से कहा, उद्योग अधिक मूल्यवर्द्धन, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और घरेलू एवं विदेशी बाजारों में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए निवेश की प्रक्रिया जारी रखे हुए है.

### एयर इंडिया ने 12 करोड़ डॉलर का कर्ज लिया

**मुंबई।** जापानी ऋणदाता एसएमबीसी ने बुधवार को कहा कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरबस से चौड़े आकार का विमान खरीदने के लिए उससे 12 करोड़ डॉलर का कर्ज लिया है. एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस लेन-देन से एयर इंडिया द्वारा एयरबस से ए350-900 विमान की खरीद को आंशिक रूप से वित्तपोषित किया गया है. इस विमान की डिलिवरी अक्टूबर, 2023 में की गई थी. एसएमबीसी ने कहा कि यह कर्ज उसकी सिंगापुर शाखा के माध्यम से एक गारंटी वाली ऋण सुविधा है. एयर इंडिया की गिफ्ट सिटी-मुख्यालय वाली इकाई एआई फ्लीट सर्विसेज ने यह कर्ज लिया है.

## शेयर बाजार में हाहाकार, 930 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स

# निवेशकों को 10 लाख करोड़ का नुकसान

**संवददाता। मुंबई**



शेयर बाजार में लगातार जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों को बुधवार को कारोबारी सत्र में बड़ा झटका लगा है. सुबह शानदार ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला था. लेकिन दोपहर बाद देसी-विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते बाजार औंधे मुंह जा गिरा. सेंसेक्स में 1135 अंकों तो निफ्टी में 366 अंकों की गिरावट आ गई. वहीं सुबह के हाई तो देखें तो निफ्टी करीब 500 तो सेंसेक्स में 1600 अंकों की गिरावट देखने को मिली है. गिरावट की मार सबसे ज्यादा मिड कैप और स्मॉल स्टॉक्स पर पड़ी है. बुधवार का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 931 अंकों की गिरावट के साथ 70,506 तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 303 अंकों की गिरावट के साथ 21,150 अंकों पर क्लोज हुआ है.

बुधवार के कारोबार में मुनाफा वसूली के चलते सबसे बड़ी गिरावट मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में देखने को मिली है. निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स 1490 अंकों की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. वहीं दिन के हाई से इंडेक्स में 2000 अंकों की गिरावट आई है. स्मॉल कैप इंडेक्स भी 543 अंकों की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. जबकि दिन के हाई से ये इंडेक्स करीब 700 अंक नीचे गिरकर क्लोज हुआ है.

इसके अलावा एनर्जी मेटल्स, बैंकिंग, फार्माइंफ्रा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के स्टॉक्स भी गिरकर बंद हुए. निफ्टी का आईटी इंडेक्स सुबह जहां 600 अंकों के उछाल के साथ कारोबार कर रहा था इस इंडेक्स में दिन के हाई से 1300 अंकों की गिरावट आई है. आईटी इंडेक्स 604 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 7 शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि 23 गिरकर क्लोज हुए. निफ्टी के 50 शेयरों में 5 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 45 गिरकर बंद हुए.

**निवेशकों को भारी नुकसान :** शेयर बाजार में आई सुनामी के चलते लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाईजेशन में बड़ी सेंध लगी है. बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 350 लाख करोड़ रुपये पर आ गया जो पिछले सत्र में 359.13 लाख करोड़ रुपये रहा था.

### खास बातें

- दोपहर बाद निवेशकों की बिकवाली औंधे मुंह गिरी
- सेंसेक्स 1135 अंकों के साथ गिरावट देखी गयी
- इंडेक्स करीब 700 अंक नीचे गिरकर क्लोज हुआ

### कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के पार, पेट्रोल - डीजल की कीमत स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है. ब्रेंट क्रूड 79.18 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.44 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है. वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है. इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है.

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन कारोबार की शुरुआत ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.97 डॉलर यानी 1.34 फीसदी की उछाल के साथ 73.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है.

# सीपीएसई का पूंजीगत व्यय 3.79 लाख करोड़ रुपये

- पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 3.79 लाख करोड़ पर पहुंच गया

**संवददाता। नयी दिल्ली**



केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) का पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 3.79 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. यह बजट लक्ष्य का 52 प्रतिशत है. वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सीपीएसई का पूंजीगत व्यय बजट लक्ष्य का 43 प्रतिशत यानी 2.85 लाख करोड़ रुपये रहा था. वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, सितंबर, 2023 तक सीपीएसई का पूंजीगत व्यय बजट लक्ष्य का 51.71 प्रतिशत रहा है. पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीपीएसई का पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.33 लाख करोड़ रुपये है.

वित्त वर्ष 2022-23 में पूरे साल के लिए सीपीएसई का पूंजीगत व्यय अनुमानतः 6.62 लाख करोड़ रुपये रहा है. यह पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में सीपीएसई द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय से अधिक है. पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह आंकड़ा 2.85 लाख करोड़ रुपये या 2022-23 वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 43 प्रतिशत था. वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों सीपीएसई द्वारा पूंजीगत व्यय लक्ष्य सितंबर 2023 तक लक्ष्य का 51.71% हासिल कर लिया गया है. पूरे 2023-24 के लिए 7.33 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय के मुकाबले, 30 सितंबर, 2023 तक 3.79 लाख करोड़ रुपये (लगभग) हासिल किया गया, यानी लगभग 51.71 प्रतिशत. वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीपीएसई द्वारा पूरे वर्ष का पूंजीगत व्यय 6.62 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था.

## जापान अर्थव्यवस्था 'मनोरमा ईयरबुक-2024' में प्रकाशित एक साक्षात्कार में नितिन गडकरी बोले -

# 5 साल में भारत की सड़क अमेरिका के समान होगी : गडकरी

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**





सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले पांच साल में अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर करने का है. उन्होंने कहा कि एक व्यापक रणनीति के तहत सरकार महानगरों की भीड़ को कम करने, यात्रा के समय को घटाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए काम कर रही है. गडकरी ने बताया कि पिछले नौ साल में उनके मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं आवंटित की हैं और मौजूदा नीतियों को बेहतर कर अनुबंध मंजूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है. मंत्री ने कहा, किसी भी ठेकेदार को अनुबंध की मंजूरी के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है. हम पारदर्शी, समयबद्ध, परिणामोन्मुख और गुणवत्ता के प्रति जागरूक हैं और तेजी से निर्णय लेते हैं. हम मंत्रालय, ठेकेदारों और बैंकरों को एक परिवार मानते हैं. 'मनोरमा ईयरबुक-2024' में प्रकाशित एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, हम अच्छे काम को प्रोत्साहित करते हैं और यही कारण है कि हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं. यह मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा. उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे का भविष्योन्मुखी विकास देश की जरूरत है. भारत को घरेलू और विदेशी दोनों स्रोतों से पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे की जरूरत है. इससे गरीबी दूर होगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे. देश के वाहन क्षेत्र का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत का वाहन उद्योग हाल में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. हमारा उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपये का है और राज्यों और केंद्र सरकार को अधिकतम माल एवं सेवा कर (जीएसटी) इसी क्षेत्र से मिलता है. अबतक इस उद्योग ने 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं. मेरा सपना अगले पांच साल में देश के वाहन उद्योग के आकार को दोगुना कर 15 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने का है. मनोरमा की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में गडकरी के हवाले से कहा गया है, हम हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं.

# एयर इंडिया एक्स. की अयोध्या के लिए पहली उड़ान 30 को

**संवददाता। नयी दिल्ली**



एयर इंडिया एक्सप्रेस 30 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी से अयोध्या के लिए अपनी उद्घाटन उड़ान का परिचालन करेगी. एयरलाइन 16 जनवरी से इस मार्ग पर निर्धारित दैनिक सेवाएं शुरू करेगी. अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विस्तारित रनवे है जो ए-321/बी-737 प्रकार के विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार को बयान में कहा कि उद्घाटन उड़ान आईएक्स 2789 30 दिसंबर को दिल्ली से 11.00 बजे रवाना होगी और 12.20 बजे अयोध्या में उतरेगी. अयोध्या से, आईएक्स 1769 उड़ान दिल्ली के लिए 12.50 बजे रवाना करेगी और 2.10 बजे पहुंचेगी. एयरलाइन के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, एयर इंडिया एक्सप्रेस हवाई अड्डे के खुलने के तुरंत बाद अयोध्या से परिचालन शुरू करने को लेकर उत्साहित है. यह देशभर के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संपर्क बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है. एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी प्रतिदिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है. इसके पास 59 विमानों का बेड़ा है.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन में मोबाइल चुराने वाला गैंग सक्रिय

**जमशेदपुर ।** ट्रेनों में यात्रियों का मोबाइल व पर्स चुराने वाले गिरोह के सदस्य इन दिनों काफी सक्रिय है. ट्रेन पर चढ़ने के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर यह लोग यात्रियों की जेब से मोबाइल व पर्स चोरी कर रहे हैं. टाटानगर रेल थाना में मंगलवार को दो यात्रियों ने इससे संबंधित मामला दर्ज कराया है. बताया जाता है कि लखनऊ स्टेशन पर नीलांचल एक्सप्रेस पर चढ़ते समय बिरसानगर निवासी आयुष राज का मोबाइल बदमाशों ने चुरा लिया.

### बीसीसीएल कर्मी की ड्यूटी के दौरान मौत

**तेतुलामारी (धनबाद)।** बीसीसीएल एरिया पांच की तेतुलमारी कोलियरी के पीएसटी में कार्यरत नवरंग पासवान (50 वर्ष) की मंगलवार की रात्रि पाली में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई. कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई. नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर परिजन व यूनियन नेता बुधवार को शव के साथ तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय के सामने धरना पर बैठ गए. जानकारी के अनुसार, नवरंग पासवान रात्रि पाली में ड्यूटी पर था.

### प्रधान अध्यापक संग डीएसई ने की बैठक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहरागोड़ा प्लस टू उच्च विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संग बैठक की. जिसमें उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा 2024 में होने वाले मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारी स्तर के बारे में चर्चा हुई.वहीं बहरागोड़ा प्लस टू उच्च विद्यालय एन एच किनारे अवस्थित होने के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है .

### 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**बोकारो ।** सेंट जेवियर्स स्कूल में 2023-24 के निवर्तमान कक्षा 12 बैच के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य फादर अरुण मिंज ने प्रस्थान करने वाले बैच की शैक्षणिक उपलब्धियों और स्कूल समुदाय में योगदान को महत्वपूर्ण बताया. निवर्तमान कप्तान ईशान गुप्ता और उप-कप्तान अनुष्का कौर पोपली द्वारा प्रतीकात्मक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

### अयोध्या से आए अच्छत की हुई पूजा

**डुमरी ।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण के लिए अयोध्या से आए अच्छत की बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के बैनर तले बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना किया गया और श्रीराम के भक्तों ने कच्छत कलश को माथे पर लेकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया. गुमला से निमंत्रण अच्छत चावल लेकर डुमरी पहुंचे राम भक्तों का डुमरी में स्वागत भी किया.

### मोदी के नेतृत्व में हो रहा है विकास : गीतांजलि

**गुमला ।** भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक बुधवार को उत्कल प्वाइंट में हुई. झारखंड प्रवास में आयी महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री गीतांजलि सावे ने महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया.

## पेज 1 का शेष

### 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति दोबारा पास.....

भाजपा की नीति और नियत समझ से परे है. यह झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की वर्षों पुरानी मांग है. इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की संशोधन की जरूरत नहीं है. सोरेन ने कहा कि 1932 की खतियान आधारित स्थानीयता इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है और उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है. उनकी भावना और आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवंबर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी. यहां के स्थानीय लोगों का झारखंड की संपदा और नौकरियों पर हक रहे, इसी जन भावना से उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी थी. मगर दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी.

---

### ट्रेनों में पेंट्री कार के ठेकेदार नाश्ता-खाना का नहीं देते हैं बिल, कर रहे करोड़ों की टैक्स चोरी

# रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल मुख्यालय को दिया जांच का निर्देश

संवाददाता । धनबाद



धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में पेंट्री कार के ठेकेदार नाश्ता-खाना का यात्रियों को बिल नहीं देकर करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी कर रहे हैं. इसका खुलासा केंद्रीय विजिलेंस की जांच रिपोर्ट से हुआ है. रिपोर्ट सौंपने के बाद रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल मुख्यालय को जांच करने का निर्देश दिया है. बोर्ड के निर्देश के बाद रेलवे अधिकारियों से लेकर दर्जनों ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद-एलेप्पी एक्सप्रेस में रोजाना आरक्षित कोच में 1000 से अधिय यात्री सफर करते हैं, लेकिन विजिलेंस टीम ने जांच की तो पता चला कि 15 से 20 यात्री को ही बिल दिए गए हैं. जबकि धनबाद से अलापुज्जा का सफर तीन दिन तीन रात है. तीन दिन तीन रात में मात्र 20 यात्रियों ने ही पैंट्री कार का नाश्ता-खाना खाया है. ऐसा नहीं है, पैंट्री कार के ठेकेदार यात्रियों को नाश्ता-खाना के बाद बिल नहीं देते हैं. एसी कोच में सफर करने वाले कुछ यात्रियों को बिल देते हैं. एक ट्रेन के ठेकेदार एक माह में लाखों और साल में करोड़ों रुपये टैक्स चोरी कर रहे हैं. रेलवे के अधिकारी कभी भी ट्रेन में जाकर यह जांच नहीं करते हैं कि यात्रियों को नाश्ता-खाना के बदले बिल दिया जाता है या नहीं. जबकि रेलवे बोर्ड का आदेश है कि संबंधित विभाग के अधिकारी रोजाना ट्रेनों में पैंट्री से यात्रियों को दिए जानेवाले नाश्ता-खाना के बदले बिल देते हैं या नहीं, इसकी जांच करनी है. यात्रियों की माने तो ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से ही केंद्र को राजस्व का नुकसान हो रहा है.

#### यात्रियों से रेट चार्ट से अधिक लेते हैं पैसे

सूत्रों के अनुसार एलेप्पी हो या फिर पूर्वा, दुरंतो, जम्मूतवी, नेताजी, मुंबई मेल, गंगा-सतलज, जोधपुर, कोलकाता-मदार, मालदा-सूरत सहित दर्जनों ट्रेनों में पेंट्री कार है, लेकिन यात्रियों को पेंट्री कार के ठेकेदार मेन्यू तक नहीं देते हैं. ठेकेदार के कर्मी सिर्फ यात्रियों से नाश्ता-खाना का ऑर्डर लेते हैं और उसके बाद थाली में ले जाकर सौंप देते हैं. इसके अलावा बीच-बीच में विभिन्न कोच में जाकर ट्रे के माध्यम से समोसा-चॉप भी देते हैं. चाय, कॉफी, मिनरल वॉटर, बिरयानी भी बेचते हैं. वेज नाश्ता 40 रुपये के बदले 50 रुपए, नन वेज नाश्ता 50 रुपए के बदले 60 रुपए, वेज खाना 80 के बदले 100, ननवेज खाना (अंडा) 100 के बदले 130 और ननवेज खाना (चिकन) 110 के बदले 160 रुपये लेते हैं. वेज बिरयानी 70 के बदले 90 और ननवेज बिरयानी (अंडा) 80 के बदले 100 और ननवेज बिरयानी (चिकन) 100 के बदले 130 रुपये लेते हैं.

## आओ जानें

### पानी से जुड़े मजेदार तथ्य

- दुनिया का 1.7% पानी जम गया है और इसलिए यह इस्तेमाल के लिए बेकार है.
- संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिदिन लगभग 40,000 करोड़ गैलन पानी का उपयोग किया जाता है.
- अमेरिकियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले पानी का लगभग आधा हिस्सा बिजली उत्पादन के लिए उपयोग किया जाता है.
- पानी, एसिड से ज्यादा तत्वों को घोल सकता है. यह सल्फयूरिक एसिड से भी अधिक घुलनशील है.
- दुनिया में 78 करोड़ लोगों के पास अच्छे जल स्रोत की कमी है.
- दूषित पानी से हर घंटे 200 बच्चों की मृत्यु हो जाती है.
- एक जेलीफिश और एक खीरे में 95% पानी होता है.
- जल पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखता है.
- सभी नदियों की तुलना में वायुमंडल में अधिक ताजा पानी है.
- नासा ने चंद्रमा पर बर्फ के रूप में पानी की खोज कर ली है.

---

### गोमो स्टेशन पर न इलाज मिला, न एंबुलेंस, परिजन निजी गाड़ी से ले गए सीएचसी

# प्रसव पीड़ा से डेढ़ घंटे तड़पती रही महिला, नवजात की मौत

संवाददाता । गोमो

धनबाद मंडल के गोमो रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर बुधवार की सुबह प्रसव पीड़ा से परेशान महिला यात्री को इलाज की सुविधा नहीं मिली. अस्पताल जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं मिल पाई. महिला ने स्टेशन पर ही बच्चे को जन्म दिया. इलाज के अभाव में नवजात की मौत हो गई. परिजनों ने किसी तरह महिला की जान बचाई.

गोमो के खेराबेड़ा निवासी महिला मधु ठाकुर अपने पति अमर ठाकुर के साथ सूरत (गुजरात) से ट्रेन से लौट रही थी. दोनों मालदा एक्सप्रेस से चंद्रपुरा स्टेशन पर उतरे और वहां बरकाकाना पेसेंजर ट्रेन से गोमो पहुंचे. अपने गांव खेराबेड़ा जाने के लिए स्टेशन के रेलवे ओवरब्रिज की सीढ़ियां चढने के क्रम में महिला प्रसव पीड़ा से परेशान हो गई. फिर, प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर कुछ महिलाओं ने पर्दा कर महिला का प्रसव कराया. इस दौरान नवजात की मौत हो गई. यह महिला का प्रथम प्रसव था.

इस दौरान रेलवे स्वास्थ्य विभाग के कर्मी नदारद रहे. करीब एक घंटे बाद रेलवे के डॉक्टर असीम कुमार स्वास्थ्य कर्मी के साथ स्टेशन पहुंचे, तब तक नवजात की मौत हो चुकी थी. बाद में स्टेशन पर महिला का प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई. गांव से परिजन स्टेशन पहुंचे और निजी वाहन से महिला को तोपचांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है.



गोमो रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर प्रसव पीड़ा से बेचैन महिला यात्री.

#### शिशु का वजन कम था, इसलिए हुई मौत : डॉ. असीम

रेलवे के डॉक्टर असीम कुमार ने कहा कि नवजात का वजन काफी कम था, जिससे उसकी मौत हो गई. इधर, महिला यात्री के पति अमर ठाकुर ने बताया कि उसकी पत्नी करीब डेढ़ घंटे तक गोमो स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर प्रसव पीड़ा से तड़पती रही. यदि वहां उसे इलाज मिल गया होता, तो बच्चे की जान बच सकती थी.

#### खास बातें

- गोमो स्टेशन पर ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म
- सूरत से अपने पति के साथ ट्रेन से लौट रही थी महिला

---

# ठेकेदार के साथ लोगों की झड़प

संवाददात । धनबाद



नाली का पानी सड़क पर बहता दिखाते स्थानीय लोग.

नगर निगम द्वारा वार्ड नं 20 के राज कॉलोनी में 25 लाख की लागत से रोड और नाली का निर्माण कराया जा रहा है. बुधवार को दिन में निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों और निगम के ठेकेदार के बीच झड़प हो गई. स्थानीय मनीषा सिंह ने बताया कि उनके कॉलोनी के कई घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर ही बहता है.

नगर निगम द्वारा जो नाली बनाया जा रहा है वह कई घरों को छोड़ कर बनाया जा रहा है. यदि ठेकेदार नाली को थोड़ा पीछे से बनाते तो सभी की समस्या का समाधान हो जाता . अरविंद सिंह ने बताया कि जरा सी बारिश में पूरे कॉलोनी में पानी भर जाता है. लोगों का आवागमन दूभर हो जाता है. नाली निर्माण को लेकर निगम को आवेदन भी दिया गया है. उन्होंने कहा कि अब जबकि नाली निर्माण किया जा रहा है तो उन लोगों की उपेक्षा की जा रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण को लेकर नगर आयुक्त से मिलेंगे. बता दें कि राज कॉलोनी का नाम स्थानीय विधायक राज सिन्हा के नाम पर रखा गया है. इधर ठेकेदार ने बताया कि विरोध करने वालों का घर काफी नीचे हैं. इस नाली में उनके घर के पानी का निकास सम्भव नहीं है.

#### निवर्तमान पार्षद के खिलाफ भी फूटा गुस्सा

राज कॉलोनी के स्थानीय लोगों का निवर्तमान पार्षद अशोक पाल के खिलाफ भी काफी गुस्सा था. लोगों ने कहा कि अशोक पाल ने झूठ बोल कर उनसे अनापत्ति पत्र पर हस्ताक्षर करा लिया है. अब फोन करने पर कॉलोनी में नही आते हैं. लोगों ने कहा कि नाली निर्माण कराना पार्षद की नैतिक जिम्मेदारी है. जिससे वह भाग रहे हैं. लोगों ने आगामी चुनाव में उनके खिलाफ वोट करने की भी बात कही है.

## डीडीसी ने होमगार्ड दक्षता परीक्षा का किया निरीक्षण

- अलग -अलग ट्रेड के कुल 318 अभ्यर्थी परीक्षा में हुए शामिल

बोकारो । संवाददाता

गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस (जी.ई.एस.टी.सी) चास में होमगार्ड अभ्यर्थियों की तकनीकी व विभिन्न ट्रेड की दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया. जो कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. परीक्षा का निरीक्षण उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी. ने किया. दक्षता परीक्षा में अलग-अलग ट्रेडों से संबंधित कुल 318 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया. उप विकास आयुक्त ने संचालित परीक्षा का जायजा लेते हुए केंद्राधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिये.

उन्होंने केंद्राधीक्षक से परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की जानकारी ली. जिस पर केंद्राधीक्षक द्वारा बताया गया कि फीटर ट्रेड के 125 अभ्यर्थी, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के 133 अभ्यर्थी, इलेक्ट्रीकल ट्रेड के 11 अभ्यर्थी, मेकेनिकल ट्रेड के 33 अभ्यर्थी, वेल्डर ट्रेड के 14 अभ्यर्थी एवं अन्य ट्रेड के कुल 02 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं.

### सिटी एसपी ने लिया जेल परिसर का जायजा

**धनबाद ।** धनबाद जेल में बंद यूपी के शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. पुलिस अधिकारी सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. सिटी एसपी अजीत कुमार और डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने बुधवार को जेल गेट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. मंगलवार को भी सिटी एसपी जेल गए थे. ज्ञात हो कि अमन हत्याकांड के बाद कोर्ट की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. कोर्ट परिसर और जेल गेट की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग कर अंदर जाने वालों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जा रही है.

---

## यूनियन ने बीपीसीएल गेट जाम कर प्रबंधन को दी चेतावनी



संवाददात । बोकारो

बोकारो जिले के बालीडीह थानाक्षेत्र के राधागांव व चैनपुर के सीमा पर स्थित बीपीसीएल प्लांट में भारत पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन असंगठित क्षेत्र के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को प्लांट गेट को सांकेतिक रूप से जाम किया गया. आंदोलन कर रहे आंदोलनकारी इस दौरान पारंपरिक हथियार लिए प्लांट मैनेजमेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. यूनियन के महामंत्री दीप नारायण ठाकुर ने कहा कि जब प्लांट यहां लगी तो स्थानीय गांव के ग्रामीणों को लगा था कि अब हमें रोजी रोजगार के लिए पलायन की त्रासदी नहीं झेलना पड़ेगा और गांव में ही रोजगार मिलेगा. परंतु प्लांट निर्माण के साथ विधिवत चालू हो गई तो मैनेजमेंट स्थानीय बेरोजगारों को दरकिनार कर रही है. यही हाल रहा तो यूनियन अपने मांगों के समर्थन में आंदोलन बदस्तूर जारी रखेगी. यूनियन उपाध्यक्ष निवारण मरांडी ने कहा कि जिस लहलहाती खेत से उपजाऊ फसल के भरोसे परिवार का भरण-पोषण कर दिनचर्या हंसी-खुशी चलता था

## यूनियन के सदस्यों ने की हड़ताल

संवाददाता । धनबाद



रणधीर वर्मा चौक पर बिहार-झारखण्ड सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव यूनियन (बीएसएसआरयू) ने बुधवार को अपने अखिल भारतीय संगठन (एफएमआरएआई) के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल की. हड़ताल को सफल बनाने के लिये धनबाद इकाई के 600 से अधिक सेल्स प्रोमोशन इम्पलाई ने कामकाज ठप रखा. सेल्स प्रोमोशन इम्पलाइयों ने रणधीर वर्मा चौक पर एकत्रित होकर केंद्रीय सरकार तथा प्रबंधन मालिकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. रणघीर वर्मा चौक से एक जुलूस निकाला गया जो शहर की परिक्रमा कर पुनः रणघीर वर्मा चौक पर आकर एक सभा में तब्दील हो गया. बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव यूनियन के अध्यक्ष असीम हलधर ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार और प्रबंधन मालिक के गठजोड़ से एक सोची-समझी योजना के तहत मजदूरों का बेलगाम शोषण किया जा रहा है और गुलामी की ओर ढकेलने का प्रयास किया जा रहा है. अपने हक और अधिकार की रक्षा करने के लिये मजदूरों के लिये हड़ताल करना अनिवार्य हो गया है. धनबाद इकाई के अध्यक्ष संदीप आईच, उपाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, कार्यकारिणी सचिव अमित सिन्हा ने भी अपनी मांगों को रखा और केंद्रीय सरकार तथा विभिन्न प्रबंधन मालिकों द्वारा अपनाये गये मजदूर विरोधी नीतियों की आलोचना की.

**ये हैं मांगे :** स्वास्थ्य सेवा के कॉर्पोरेटीकरण के विपरीत बजटीय आवंटन बढ़ाना, सार्वजनिक क्षेत्र की दवा कंपनियां का पुनरुद्धार किया जाना, शून्य जीएसटी सहित अन्य प्रभावी उपायों के जरिए दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कीमतों में कमी सुनिश्चित करना, खतरनाक ऑनलाइन बिक्री पर रोक, वैधानिक कार्य नियम तैयार करना, कानूनी रूप से परिभाषित कार्यस्थलों में निर्बाध कार्य करने का अधिकार सुनिश्चित करना, अवैध इलेक्ट्रॉनिक निगरानी एवं नौकरी की सुरक्षा को बिक्री से जोड़ने पर रोक तथा मौजूदा श्रम कानूनों के उन प्रावधानों को बहाल रखना जिन्हें मजदूर विरोधी चार श्रम कोड के तहत निरस्त करना प्रस्तावित है.

## झारखंड में 4 गिरोहों के 7 अपराधियों पर इनाम घोषित

संवाददाता । रांची

नक्सली और उग्रवादियों की तरह झारखंड सरकार ने झारखंड में सक्रिय चार बड़े संगठित आपराधिक गिरोह के सात अपराधियों पर 2.45 लाख का इनाम तय किया है. हालांकि इससे पहले पुलिस मुख्यालय इन सभी अपराधियों के ऊपर 1.15 करोड़ का इनाम तय किया था. इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव तैयार कर सरकार के पास भेजा था. इन अपराधियों पर 30 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक का इनाम तय किया गया था. मगर सरकार ने इतनी बड़ी इनाम राशि घोषित करने की मंजूरी नहीं दी.

#### इन अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया

- प्रिंस खान पर 50 हजार का इनाम. इसके खिलाफ कुल 50 मामले दर्ज.
- अखिलेश सिंह गिरोह के हरीश कुमार सिंह पर 40 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ 12 मामले दर्ज.
- पांडेय गिरोह के बबलू ठाकुर उर्फ भरत नारायण पर 125 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ कुल दस मामले दर्ज.
- पांडेय गिरोह के गोविंद राय पर 25 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ कुल सात मामले दर्ज.
- पांडेय गिरोह के विकास साव पर 25 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ कुल दस मामले दर्ज.
- डब्लू सिंह पर 40 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ कुल 40 मामले दर्ज.
- प्रिंस खान गिरोह के गोपी खान पर 40 हजार रुपये का इनाम. इसके खिलाफ कुल 23 मामले दर्ज.

---

**विवाद गहराया** इमारत-ए-शरिया को झारखंड से अलग करने का मुद्दा गरमाया

# शिब्बली का एलान, झारखंड से अलग नहीं है इमारत-ए-शरिया

ज्ञानवर्द्धन मिश्र । पटना



देश के मुस्लिम समाज के लिये समय-समय पर महत्वपूर्ण फरमान जारी करने वाले इमारत ए शरिया का विवाद गहरा गया है. मुद्दा है इमारत ए शरिया को झारखंड से अलग करने का. इमारत ए सरिया का बिहार, बंगाल, झारखंड और उड़ीसा का हेड क्वॉटर पटना का फुलवारीशरीफ ही है. पिछले कुछ दिनों से इमारत शरिया एदारा का झारखंड में अलग इमारत शरिया होने की खबर से बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के अलावा देश-विदेश में रहने वाले मुसलमानों में काफी विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो गई. इस संबंध में इमारत ए शरिया बिहार, झारखंड, उड़ीसा व बंगाल के नायब अमिर ए शरियत मौलाना शमशाद रहमानी ने बताया कि कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए ऐसा एलान कर दिया था. जब उनका एलान जारी हुआ तब देश और दुनिया में उनकी काफी बदनामी हुई और झारखंड में भी इस बात का विरोध होने लगा. लोगों ने इमारत ए शरिया को झारखंड से अलग करने पर अपना कड़ा विरोध जताया. इस कारण विरोधियों को कुछ हासिल ना हो सका.

**सेवानिवृत के बाद बढ़ी गुटबाजी :** इमारत ए शरिया में पिछले अमीर ए शरीयत स्वर्गीय मौलाना वली रहमानी जो सख्त कानून के पालक माने जाते थे . वह जब अमिर ए शरियत बने तब उन्होंने वर्षों से कायम प्रथा जन्मजात पद को समाप्त करते हुए सेवानिवृति की आयु 60 वर्ष तक कर दी . इस कारण कई ऐसे लोग जो उम्र पार करने के बाद भी छोटे-बड़े पद पर तैनात थे, उन्हें सेवानिवृत कर दिया गया. उनके इस कार्य की सराहना भी की गई मगर इसके बाद संस्थान में ही गुट बाजी भी शुरू हो गई. अमिर ए शरियत मौलाना वली रहमानी के इंतकाल के बाद नये अमिर ए शरियत बनने की राह में गुट बाजी सामने आई. नतीजा हुआ.कि अमिर ए शरियत का चुनाव कराना पड़ा. चुनाव में वली रहमानी के बेटे मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी नए अमिर ए शरियत बने. मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी उच्च शिक्षा प्राप्त और अमेरीका में अच्छे ओहदे पर तैनात थे.नए अमिर के बाद भी अंदरखाने गुट बाजी जारी रही.

> इमारत ए शरिया के नाजिम हजरत मौलाना शिब्बली कासमी के मुताबिक इमारत ए शरिया बिहार, झारखंड, उड़ीसा, व बंगाल एक था एक है और एक रहेगा. विरोधियों को समाज ने खारिज कर दिया है. ऐसे विरोधियों के लिए इमारत ए शरिया में कोई स्थान नहीं है. इमारत ए शरिया हर धर्म मजहब जात के लिए कार्य करता रहा है और करता रहेगा.

## योजना का लाभ लेकर महिलाएं बदल सकती हैं जीवन : बीडीओ

संवाददात । बेंगाबाद (गिरिडीह)

फूलो झानो योजना का लाभ लेकर महिलाएं अपना जीवन स्तर सुधार सकती हैं. इस योजना से जुड़ कर हड़िया दारू बेचने वाली महिलाएं अपना तकदीर बदल सकती हैं. यह बातें बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी ने कहा.

बुधवार को प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य पंचायत ताराजोरी में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि फूलो झानो योजना का लाभ लेकर महिलाएं लघु उद्योग शुरू कर सकती हैं और समाज के मुख्य धारा से जुड़ सकती हैं.

इस योजना के तहत जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को 50 हजार तक का रकम व्यवसाय शुरू करने के लिए दिया जा रहा है. जिससे कि महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं.

उन्होंने बताया कि इसके पूर्व इस योजना के तहत 25 हजार का रकम उपलब्ध कराया जाता था जिसे मुख्यमंत्री द्वारा बढ़ा कर 50 हजार कर दिया गया है. बता दें कि शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किया. शिविर में पंचायत की मुखिया बहामुनी मरांडी, मुखिया पति रमेश सोरेन, बीपीओ सतीश कुमार, रोजगार सेवक नवीन कुमार, हलीम अंसारी, मो सलीम समेत अन्य पदाधिकारी ग्रामीणों के सहयोग में लगे हुए थे.




**पुरस्कार : मोहम्मद शमी और शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को मिलेगा अर्जुन अवार्ड**

# बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक-चिराग को मिलेगा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

भाषा । नयी दिल्ली

भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को वर्ष 2023 के लिये मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जायेगा जबकि वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा एशियाई खेलों की चैम्पियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा. ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में नौ जनवरी को आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी. उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली समिति ने जिन नामों की अनुशंसा की थी उसके आधार पर भारत की नंबर एक बैडमिंटन पुरूष युगल टीम चिराग और सात्विक को सर्वोच्च खेल सम्मान खेलरत्न देने का फैसला किया गया. इसके अलावा 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जायेगा, जिसमें वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तैंतीस वर्षीय तेज गेंदबाज शमी शामिल हैं.

## विभिन्न पुरस्कारों के लिए चुने गए खिलाड़ियों की सूची

### अर्जुन पुरस्कार

- **मोहम्मद शमी** (क्रिकेट)
- **अजय रेड्डी** (दृष्टिबाधित क्रिकेट)
- **ओजस प्रवीण देवताले** (तीरंदाजी)
- **अदिति गोपीचंद स्वामी** (तीरंदाजी)
- **शीतल देवी** (पैरा तीरंदाजी)
- **पारुल चौधरी** (एथलेटिक्स)
- **मुरली श्रीशंकर** (एथलेटिक्स)
- **मोहम्मद हुसामुद्दीन** (मुक्केबाजी)
- **आर वैशाली** (शतरंज)
- **दिव्यकृति सिंह** (घुड़सवारी)
- **अनूष अग्रवाल** (घुड़सवारी)
- **दीक्षा डागर** (गोल्फ)
- **कृष्ण बहादुर पाठक** (हॉकी)
- **सुशीला चानू** (हॉकी)
- **पिंकी** (लॉन बॉल)
- **ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर** (निशानेबाजी)
- **ईशा सिंह** (निशानेबाजी)
- **अंतिम पंघाल** (कुश्ती)
- **सुनील कुमार** (कुश्ती),
- **अयहिका मुखर्जी** (टेबल टेनिस)
- **नाओरेम रोशिबिना देवी** (वुशू)
- **पवन कुमार और रितु नेगी** (कबड्डी)
- **नसरीन** (खोखो)
- **हरिंदर पाल सिंह संधू** (स्क्वाश)
- **प्राची यादव** (पैरा केनोइंग)

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

- **गणेश प्रभाकरन** (मल्लखंब)
- **महावीर सैनी** (पैरा एथलेटिक्स)
- **ललित कुमार** (कुश्ती)
- **आरबी रमेश** (शतरंज)
- **शिवेंद्र सिंह** (हॉकी)

### द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन वर्ग)

- **जसकीरज सिंह ग्रेवाल** (गोल्फ)
- **भास्करन ई** (कबड्डी)
- **जयंत कुमार पुशीलाल** (टेबल टेनिस)

### ध्यानचंद जीवन पर्यंत पुरस्कार

- कविता सेल्वराज (कबड्डी)
- मंजूषा कंवर (बैडमिंटन)
- विनीत कुमार शर्मा (हॉकी)



**मो. शमी के लिए बीसीसीआई ने किया था विशेष आग्रह**

खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया था. इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था. शमी ने वनडे विश्व कप में केवल सात मैच में सर्वाधिक 24 विकेट हासिल किए थे. पहले चार मैच में बाहर रहने के बाद शमी को जब मौका मिला तो उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाया.

## ब्रीफ खबरें

### गोल्फ : संयुक्त 11वें स्थान पर प्रणवी

**मराकेश (मोरक्को)** । प्रणवी उर्स सहित चार भारतीय महिला गोल्फर बुधवार को यहां क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट के पांच दिवसीय अंतिम चरण के चौथे दौर के बाद 2024 के लिए लेडीज यूरोपीय टूर पर पूर्ण कार्ड हासिल करने की दौड़ में बनी हुई हैं. प्रणवी 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर चल रही हैं. उनके अलावा कट हासिल करने वाली नेहा त्रिपाठी संयुक्त 36वें, वाणी कपूर संयुक्त 46वें स्थान पर चल रही हैं. प्रणवी ने अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी जिससे आठ भारतीय कट हासिल करने से चूक गयीं.

### वीटा बनी आईटीटीएफ संचालन समिति की सदस्य

**नयी दिल्ली** । खेल परोपकार से जुड़ी उद्यमी वीटा दानी अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) में संचालन समिति की सदस्य के रूप में शामिल होने वाली पहली भारतीय बनीं. अल्टीमेट टेबल टेनिस की अध्यक्ष के तौर पर वीटा इस खेल को बढ़ावा दे रही हैं. इस टूर्नामेंट का आयोजन देश के के 25 राज्यों में हो रहा है. वीटा ने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए आईटीटीएफ संस्थान को शुक्रिया करना चाहूंगी. यह टेबल टेनिस को बढ़ावा देने की मेरी दृष्टिकोण के मुताबिक है.

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 75 रनों से हराया

**सेन फर्नांडो (त्रिनिदाद)** । विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने चौथे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 75 रन से हराकर श्रृंखला में बराबरी की. सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के लगातार दूसरे शतक के दम पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 267 रन बनाये. बटलर 29 गेंद में 55 रन बनाकर आउट हुए. साल्ट ने 119 रन बनाये जो टी-20 क्रिकेट में इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है. इसमें 10 छक्के और सात चौके शामिल थे. जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 16वें ओवर में 192 रन पर आउट हो गई.

**महिला क्रिकेट : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच**

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली टेस्ट जीत पर भारत की नजर

भाषा । मुंबई

इंग्लैंड को हराने के बाद भारतीय महिला टीम गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम पर जीत दर्ज करके अपनी उपलब्धियों में इजाफा करना चाहेगी. भारत ने 46 साल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले दस टेस्ट में से एक भी नहीं जीता है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पता है कि स्पिनरों की मददगार पिच पर उसके पास इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता. भारतीय गेंदबाजों खासकर आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पिछले सप्ताह डी वाई पाटिल स्टेडियम पर इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई. महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से यह सबसे बड़ी जीत थी. अब दीप्ति ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी. तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने भी नयी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है. तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीन विकेट लिये. बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर (49 और नाबाद 44), जेमिमा रौड्रिग्ज (68) और यास्तिका भाटिया (66) ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावित किया. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना से भारत को बड़ी पारी की उम्मीद होगी.

बायें हाथ की बल्लेबाज शुभा सतीश इस मैच में शायद नहीं खेल सकेंगी जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान हेयरलाइन फ्रेक्चर हो गया था. पूजा पूनिया कवर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़ी है लेकिन हरलीन देयोल को मौका मिल सकता है जिन्होंने नेट पर काफी देर अभ्यास किया. करीब 40 साल बाद भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास एलिसा हीली के रूप में नयी कप्तान हैं. मेग लानिंग की जगह कप्तान बनी हीली के लिये भारत में टेस्ट जीतना बड़ी चुनौती होगी .भारत और आस्ट्रेलिया की महिला टीमों ने फरवरी 1984 में इसी मैदान पर भारत में आखिरी बार टेस्ट खेला था.



- मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 में शुरु होगा

**40** साल बाद भारत में टेस्ट मैच खेलेगी ऑस्ट्रेलिया की टीम

**46** साल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीता

**टीमें**

- **भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष, स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधू, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड, पूजा वस्त्राकर.
- **ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसा पेरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम.

## निर्णायक मैच में भारत को अपने शीर्षक्रम से उम्मीद

**पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)** । पहले दोनों मैचों में शुरूआती जोड़ी की नाकामी के बाद भारतीय टीम गुरुवार को तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज करने के लिये अच्छी शुरूआत की कोशिश में होगी. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में सिर्फ एक बार ही हराया है. उसे दोहराने के लिये भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत होगी. साइ सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में 55 और 62 रन बनाये. वहीं गायकवाड़ ने पांच और चार रन ही बनाये. पहले मैच में भारतीय सलामी जोड़ी 23 और दूसरे में चार रन की साझेदारी ही कर सकी. दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज टोनी डि जोर्जी ने पहला शतक बनाया और रीजा हेंड्रिक्स ने 130 रन की पारी खेली.

**टीमें** मैच भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे शुरू होगा

- **भारत :** लोकेश राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, रिंकू सिंह, आकाश दीप, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर.
- **दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), नांद्रे बरगर, टोनी डि जोर्जी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाद विलियम्स और ब्यूरान हेंड्रिक्स.

### संजय सिंह को अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने का भरोसा

**नयी दिल्ली** । निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह ने बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफ) के बहुप्रतीक्षित चुनावों में जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि कुश्ती जगत को पता है कि कौन खेल के लिए फायदेमंद होगा और कौन इसे नुकसान पहुंचाएगा. उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह का अध्यक्ष पद के लिए सामना राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण से होगा. अनिता को देश के शीर्ष पहलवानों का समर्थन हासिल है जिन्होंने बृजभूषण पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाया था.

**आओ जानें**

### आईपीएल 2024 के सबसे महंगे खिलाड़ी

1. मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा
2. पैट कर्मिस को 20.50 करोड़ रुपये में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा
3. डेरिल मिचेल को 14 करोड़ रुपये में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा.
4. हर्षल पटेल को 11.75 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने खरीदा
5. अल्जारी जोसेफ को 11.50 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने खरीदा
6. स्पेन्सर जॉनसन को 10 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटन्स ने खरीदा
7. समीर रिजवी को 8.40 करोड़ रुपये में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा
8. राइली रोसो को 8 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने खरीदा
9. शाहरुख खान को 7.40 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटन्स ने खरीदा
10. रोवमेन पॉवेल को 7.40 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा

**हॉकी : पांच देशों की टूर्नामेंट में भारत ने दर्ज की सांत्वना जीत**

# भारत ने फ्रांस को 5-4 से हराया

भाषा । वेलेंसिया (स्पेन)

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह के दो-दो गोल से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच देशों की टूर्नामेंट के अपने चौथे और आखिरी मैच में बुधवार को यहां फ्रांस को 5-4 से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की. मुकाबले में विवेक सागर प्रसाद (16वां मिनट) ने भारत के लिए पहला गोल किया. जुगराज ने 20वें और 60वें मिनट जबकि हरमनप्रीत ने 25वें और 56वें मिनट में टीम के लिए गोल दागे. विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी खराब रहा. टीम को शुरुआती तीनों मैच में स्पेन (0-1), बेल्जियम (2-7) और जर्मनी (2-3) से हार का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम को टूर्नामेंट की कम रैंकिंग की टीम फ्रांस (विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज) ने भी कड़ी टक्कर दी. लुकास मोंटेकोट ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच के 11वें मिनट में फ्रांस को बढ़त दिला दी. भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही विवेक के मैदानी गोल से बराबरी कर ली. इसके बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी जबकि हरमनप्रीत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर के जरिए इस बढ़त को दोगुनी कर दी. फ्रांस को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और एटिने टाइनेवेज (28वें) ने बिना कोई गलती किए इसे गोल में बदल दिया. मध्यांतर के समय भारतीय टीम 3-2 से आगे थी.

फ्रांस ने तीसरे क्वार्टर के आखिर में गैसपार्ड बॉमगार्टन (43वें मिनट) के मैदानी गोल से 3-3 की बराबरी हासिल कर ली. मैच के आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने बढ़त लेने के लिए एक-दूसरे की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाने की कोशिश की. टाइनेवेज ने मैच के 53वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर अपने दूसरे के साथ फ्रांस को 4-3 से आगे कर दिया. कप्तान हरमनप्रीत ने हालांकि तीन मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर टीम पर दबाव हावी नहीं होने दिया. मैच के आखिरी मिनट में जुगराज ने एक और पेनल्टी को गोल में बदल कर भारतीय को 5-4 से आगे कर दिया



**खास बातें**

- मैच के आखिरी मिनट में जुगराज ने दागा गोल
- इस टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा

**आईपीएल** कोलकाता के मेंटोर गंभीर ने स्टार्क पर रिकॉर्ड बोली लगाने के फैसले को सही बताते हुए कहा-

# केकेआर गेंदबाजी आक्रमण के 'एक्स फैक्टर' होंगे मिचेल स्टार्क

भाषा । नयी दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर गौतम गंभीर ने मिचेल स्टार्क



के लिए अपनी फ्रेंचाइजी द्वारा रिकॉर्ड बोली लगाने के फैसले को सही बताते हुए कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज 'एक्स फैक्टर' और गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ होगा. केकेआर ने दुबई में मंगलवार को हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड राशि में खरीदा. फ्रेंचाइजी के मेंटोर (मार्गदर्शक) गंभीर भी नीलामी में मौजूद थे.

### पंड्या की जगह लेना कठिन लेकिन गिल सही : नेहरा

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने स्वीकार किया कि हार्दिक पंड्या जैसे



बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है लेकिन शुभमन गिल अगले आईपीएल में इस जिम्मेदारी को संभालने में सक्षम है. पंड्या ने मुंबई इंडियंस टीम में वापसी की है और उन्हें कप्तान बनाया गया है. नेहरा ने कहा कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है. हमने देखा है कि पिछले तीन चार साल में गिल ने कितनी प्रगति की है. वह 24-25 साल का है लेकिन इस जिम्मेदारी को उठाने में सक्षम है.

### मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा रहेंगे रोहित : जयवर्धने

मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की



जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था. उन्होंने कहा कि रोहित का अगली पीढी को मार्गदर्शन देने के लिये टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है. मैनें उसके साथ करीब से काम किया है .वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है. जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे.

### आईपीएल से विश्व कप की तैयारी करना चाहते हैं कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस अगले साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज की



संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले खुद को इस प्रारूप में ढालने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र का इस्तेमाल करना चाहते हैं. कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के कारण 2023 के आईपीएल में भाग नहीं लेने का फैसला किया था. उन्हें मंगलवार को दुबई में हुई आईपीएल नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया.

### घरेलू मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर थी नजर : डुप्लेसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि इंडियन



प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में फ्रेंचाइजी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने की थी जो आगामी सत्र में घरेलू मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करने में टीम की मदद कर सके. डुप्लेसी का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने दुबई में मंगलवार को जिन छह खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई उससे टीम का संतुलन बेहतर होगा. डुप्लेसी ने कहा कि पिछले सत्र के बाद हमें लगा कि टीम को घरेलू मैदान पर सुधार करना होगा.

# एफआईएच पुरस्कार कड़ी मेहनत का नतीजा : हार्दिक

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने बुधवार को कहा कि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और दृढता का नतीजा है जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये इतने साल से उन्होंने दिखाई है. मनप्रीत सिंह (2019) और हरमनप्रीत सिंह (2020 .21 और 2021 .22) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले हार्दिक भारत के तीसरे पुरूष खिलाड़ी बन गए. वहीं महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया ने लगातार तीसरी बार एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता. हार्दिक ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाना सम्मान की बात है. मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और समर्थकों का शुक्रगुजार हूं जो मेरी



सफलता के स्तंभ रहे. इससे लगातार अच्छे प्रदर्शन की मेरी ललक और बढी है. उन्होंने कहा कि इस सफर में कई चुनौतियां और सबक मिले. इससे यह विश्वास भी पक्का हो गया कि कड़ी मेहनत, दृढता और सहयोगी टीम के साथ होने से बड़ी उपलब्धियां अर्जित की जा सकती है. हार्दिक ने 2022 में हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता था.

▼ ब्रीफ खबरें

## आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने बुधवार को संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र स्वीकार करना शुरू कर दिया. इसके साथ ही आठ फरवरी के आम चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है. संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने कहा कि वे सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं और 22 दिसंबर तक अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं.

## केंद्रीय निधि को लेकर मोदी से मिलीं ममता

**नयी दिल्ली ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की लंबित केंद्रीय निधि पर चर्चा करने के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और बकाया राशि जारी करने की मांग की. मुख्यमंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि राज्य और केंद्र के अधिकारी एक साथ बैठकर मुद्दों को सुलझा सकते हैं. बनर्जी ने पार्टी के नौ सांसदों के साथ संसद परिसर में प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद कहा कि केंद्र की 155 टीम पहले ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुकी हैं.

## उम्मीद थी किसी मस्जिद का मसला नहीं उठेगा : अरशद

**नयी दिल्ली ।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बुधवार को कहा कि ज्ञानवापी के मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ओर से खारिज करने को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी. मौलाना मदनी ने कहा कि पूजास्थल कानून बनने के बाद हमें उम्मीद थी कि अब किसी और मस्जिद का मसला नहीं उठेगा.

## अमेरिका के मंदिरों में होंगे विशेष कार्यक्रम

**वाशिंगटन ।** अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में उत्तरी अमेरिका के मंदिरों में सप्ताह भर विशेष समारोह आयोजित करने की तैयारी चल रही है. इन मंदिरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी. 'हिंदू मंदिर एम्पावरमेंट काउंसिल' की तेजल शाह ने को बताया कि यह हमारा सौभाग्य है तथा हमारे लिए आशीर्वाद है कि हम इस जश्न का हिस्सा बनने जा रहे हैं.

## अरुणाचल प्रदेश के शहर में निषेधाज्ञा लागू

**ईटानगर ।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिला मुख्यालय पासीघाट में बुधवार को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई. जिले के दो महाविद्यालयों के खिलाफ एक संगठन के अनिश्चितकालीन लॉकडाउन के आह्वान के बाद यह कदम उठाया गया. कॉलेज परिसरों में कानून-व्यवस्था की समस्या और अशांति की आशंका के मद्देनजर जिलाधिकारी ताई तग्गू ने बुधवार को आदेश जारी किया.

## सीवर में मौत के मामले में मुआवजा राशि बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का पालन करते हुए सीवर सफाई के मामलों में मौत पर मुआवजा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. शीर्ष अदालत ने इससे पहले अक्टूबर में कहा था कि सरकारी अधिकारियों को सीवर की सफाई के दौरान जान गंवाने वालों के परिवार को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा.



तेलंगाना के यदाद्री भुवनागिरी जिले के पोचमपल्ली गांव के इकत हथकरघा बुनकरों के साथ बातचीत के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु.

## छह गश्ती पोतों की खरीद का किया सौदा

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए अगली पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोतों की खरीद के वास्ते 'मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड' के साथ बुधवार को 1,614 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस खरीद का उद्देश्य तटरक्षक बल की समुद्री सुरक्षा क्षमता को बढ़ाना है. मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तट रक्षक के लिए अगली पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोतों की खरीद के वास्ते 20 दिसंबर को मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. इसने कहा कि यह करार खरीद श्रेणी के तहत कुल 1614.89 करोड़ रुपये में किया गया तथा खरीदे जा रहे छह पोतों में से चार मौजूदा पुराने अपतटीय गश्ती पोतों की जगह लेंगे.

आओ जानें

### सर्वाधिक सक्रिय एयरलाइंस (दैनिक उड़ानें)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अमेरिकन एयरलाइन : | 5,483 |
| 2. | डेल्टा एयर लाइन्स : | 4,629 |
| 3. | यूनाइटेड एयरलाइंस : | 4,213 |
| 4. | साउथवेस्ट एयरलाइंस : | 4,080 |
| 5. | रयानएयर : | 3,098 |
| 6. | चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस : | 2,144 |
| 7. | चाइना साउदर्न एयरलाइंस : | 2,052 |
| 8. | इंडिगो : | 1,853 |
| 9. | टर्किश एयरलाइंस : | 1,819 |
| 10. | बीजिंग एयरलाइंस : | 1,586 |



### सत्ता पक्ष ने उपराष्ट्रपति के सम्मान में खड़े होकर प्रश्नकाल में शामिल हुए

# विपक्ष की नारेबाजी और वॉक आउट



### पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण प्रश्नकाल की कार्यवाही के दौरान अपने स्थान पर खड़े रहे

सदन के नेता पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई वरिष्ठ सदस्य भी प्रश्नकाल की कार्यवाही के दौरान अपने-अपने स्थान पर खड़े रहे. हालांकि कुछ देर बाद सभापति धनखड़ के आग्रह को स्वीकार करते हुए सभी सदस्य अपने-अपने स्थान पर बैठ गये और फिर कार्यवाही में हिस्सा लिया. दोपहर 12 बजे कार्यवाही आरंभ होते ही धनखड़ ने प्रश्नकाल शुरु कराया. इसी दौरान, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कुछ सांसदों की ओर से धनखड़ को निशाना बनाते हुए अशोभनीय आचरण किये जाने की घटना का उल्लेख किया गया और उसे संवैधानिक पद का अपमान करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की. उन्होंने कहा कि किसी वर्ग और समाज को ऐसे कलंकित करना बिल्कुल ठीक नहीं है.

एजेंसी। नयी दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान और संसद परिसर में कुछ सांसदों द्वारा अशोभनीय आचरण करते हुए उनका मजाक उड़ाये जाने की घटना पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने बुधवार को राज्यसभा में खड़े होकर प्रश्नकाल की कार्यवाही में हिस्सा लिया. इस दौरान, भाजपा के सहयोगी दलों के सदस्यों के अलावा बीजू जनता दल, तेलुगू देशम पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस सहित कुछ मनोनीत सदस्यों ने भी खड़े होकर सदन की कार्यवाही में भाग लिया.

**उपराष्ट्रपति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान :** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि उपराष्ट्रपति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान. संविधान का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान. जोशी ने कहा कि कल जिस तरीके से उपराष्ट्रपति और संविधान को अपमानित किया गया उसके विरोध में और संवैधानिक पद के सम्मान में सत्ता पक्ष के सदस्य खड़े होकर प्रश्नकाल में हिस्सा लेंगे. उन्होंने कहा कि उनके विरोध में और आपके सम्मान में संविधान के सम्मान में आपकी अनुमति से खड़े होकर पूरा एक घंटा खड़े होकर हम इस प्रश्नकाल में हिस्सा लेंगे. इसके बाद भाजपा सदस्य भुवनेश्वर कलिता ने शिक्षा मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न किया जिसका जवाब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया. इस दौरान विपक्ष के सदस्य अपने स्थान पर खड़े होकर संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे जबकि सत्ता पक्ष के सदस्य मंत्री के जवाब के दौरान खड़े होकर ही मेज थपथपा रहे थे.

### दलित होने की वजह से मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाता, क्या मैं यह कहूं ? : खड़गे

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए. उन्होंने साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है. सभापति का काम दूसरे सदस्यों को संरक्षण देना है लेकिन वह खुद इस तरह का बयान दे रहे हैं. मुझे अक्सर राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है. क्या मुझे यह कहना चाहिए कि मैं दलित हूं इसलिए उन्हें जाति के नाम पर बोल कर लोगों को नहीं भड़काना चाहिए. कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह देश के लिए बहुत दुखद दिन है जब संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी जातियों के बारे में बात करते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार यह मुद्दा उठाकर संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है. उन्होंने पूछा कि क्या अब हर किसी को अपनी जाति बताने वाला ठप्पा लगा कर घूमना चाहिए ? खड़गे ने सवाल किया कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सदनों में कुछ भी नहीं कहा लेकिन संसद के बाहर उन्होंने अपनी बात रखी तो क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को माफी नहीं मांगनी चाहिए.

### कल्याण बनर्जी ने दी सफाई

**नयी दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान करने के मामले में सियासी तापमान चरम पर है. राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा निराशा जताये जाने और पीएम मोदी द्वारा धनखड़ को फोन किये जाने की खबर सुर्खियों में है. मामला बढ़ते देख टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री किये जाने पर सफाई दी है. कल्याण मुखर्जी ने कहा कि मेरे मन में उपराष्ट्रपति के लिए काफी सम्मान है. मिमिक्री करना तो एक कला है. कहा कि पीएम ने भी मिमिक्री की थी. मेरा इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था. हालांकि माफी मांगने क सवाल पर कल्याण मुखर्जी ने कहा, इसमें माफी मांगने वाली बात कहां से आ गयी. टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, इस मामले में टीएमसी संसदीय दल अपनी बात रखेगा. जान लें कि मंगलवार को संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ का मजाक उड़ाते हुए मिमिक्री की थी. इस क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बनाते रहे. इधर खबर आयी है कि कल्याण बनर्जी के खिलाफ एक वकील ने दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

### विपक्षी सदस्यों ने 20 वर्ष तक पीएम मोदी को अपमानित किया

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 20 वर्षों के अपने संसदीय सफर में वह पहली बार देख रहे हैं कि विपक्षी सदस्य इस स्तर तक आ गये हैं जिसकी कोई सीमा नहीं है. जोशी ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने 20 वर्ष तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपमानित किया क्योंकि वह गरीब परिवार से आते हैं और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक का अपमान किया जबकि वह एक महिला हैं और जनजातीय समूह से ताल्लुक रखती हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप जो किसान पुत्र हैं पहली बार एक जाट समाज का किसान पुत्र उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचा है उपराष्ट्रपति पद को संवैधानिक पद को भी वे अपमानित कर रहे हैं.

## कांग्रेस भारी चुनौतियों का सामना कर रही है : सोनिया

एजेंसी । नयी दिल्ली



कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा कि इस सरकार(मोदी) ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है. वह लोकसभा-राज्यसभा को 141 सांसदों के निलंबन को लेकर बोल रही थीं. इस क्रम में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी की हार को लेकर भी हताशा व्यक्त की. कहा कि चुनाव परिणाम पार्टी के लिए बेहद निराशाजनक रहे है.

बैठक संसद के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में की गयी. सोनिया गांधी ने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस भारी चुनौतियों का सामना कर रही हैं लेकिन हमें विश्वास है कि हमारा धैर्य, हमें सफलता दिलायेगा. हमारी विचारधारा और मूल्य हमारे मार्गदर्शक हैं. सोनिया ने कहा कि कुछ माह में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं. पार्टी के और विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य के तौर पर हमें कठिन परिश्रम करना है. इस क्रम में विविधता को भारत की ताकत करार देते हुए कहा कि भाजपा ने एकता की इस भावना को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया है, कहा कि आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, आर्थिक विकास पर प्रधानमंत्री के दावों और जमीनी हकीकत में काफी अंतर है. हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी निराशा को सकारात्मक दिशा में ले जाना होगा.

## डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के कोलोराडो राज्य के उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि 2021 में अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) पर हुए हमले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका भी और इस कारण वह अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सकते. न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी कहा कि राज्य की रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति प्राइमरी चुनाव से ट्रंप का नाम हटाया जाए.

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (77) को अयोग्य ठहराए जाने वाला यह फैसला संविधान के 14वें संशोधन से जुड़ा है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी संविधान को समर्थन देने, उसका पालन करने तथा उसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शपथ लेने वाले अधिकारी यदि विद्रोह में शामिल होते हैं तो उन पर भविष्य में कार्यालय में शामिल होने पर रोक रहेगी. ट्रंप अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से नामांकन प्रक्रिया में सबसे आगे हैं. ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने कोलोराडो के उच्चतम न्यायालय के त्रुटिपूर्ण फैसले को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का संकल्प जताया है.

### पांच जनवरी को प्राइमरी चुनाव में उम्मीवारों के नामों की होगी पुष्टि

कोलोराडो के उच्चतम न्यायालय ने एक जिला अदालत के न्यायाधीश के फैसले को बरकरार रखा कि ट्रंप ने छह जनवरी 2021 को संसद भवन में विद्रोह को हवा दी थी लेकिन उस निष्कर्ष को पलट दिया जिसमें कहा गया था कि कि रोक राष्ट्रपति चुनाव पर लागू नहीं होती. राज्य की अदालत ने अपने फैसले के अमल पर चार जनवरी तक रोक लगाई है इसके एक दिन बाद अर्थात पांच जनवरी को कोलोराडो के प्राइमरी चुनाव में उम्मीवारों के नामों की पुष्टि होनी है. सात सदस्यीय कोलोराडो उच्चतम न्यायालय का यह फैसला राज्य के बाहर लागू नहीं होता. ट्रंप ने छह जनवरी को संसद परिसर पर हुए हमले में कुछ भी गलत करने से इनकार किया है.

## इजराइल के हवाई हमले से राफा में 41 लोगों की मौत

एजेंसी। रफाह

इजराइल की सेना ने गाजा पट्टी के उत्तर में दो अस्पतालों पर छापा मारा और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया. इजराइल के रक्षा मंत्री ने मंगलवार को कहा था कि सेना हमास के चरमपंथियों के पूर्ण सफाये के लिए लगातार काम कर रही है.

इजराइल ने मंगलवार को दक्षिणी गाजा के शहरों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 45 फलस्तीनियों की मौत हो गई. बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद इजराइल ने अमेरिका के समर्थन के साथ हमले और तेज कर दिए. इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने चेतावनी दी कि गाजा के दक्षिण में अभियान महीनों तक जारी रहेगा.

दक्षिणी शहर रफाह के एक अस्पताल में महमूद जोराब नाम के एक शख्स ने अपने दो बच्चों को नम आंखों से अंतिम विदाई दी, जो उनके घर पर तड़के हुए हमले में मारे गए थे. हमले में जोराब, उनकी पत्नी और मां घायल हो गए. रक्षा मंत्री गैलेंट ने कहा कि इजराइली सेना क्षेत्र से चरमपंथियों के पूरी तरह से सफाये के लिए उत्तरी गाजा में सुरंगों में प्रवेश कर रही है.

## चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या 131 हुई

**बीजिंग ।** उत्तर-पश्चिमी चीन के पहाड़ी क्षेत्र में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 131 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि भूकंप के कारण कई घर मलबे में तब्दील हो गए तथा लोगों को कड़ाके की ठंड के बीच घरों से बाहर रहना पड़ा. उन्होंने बताया कि यह पिछले नौ वर्ष में चीन में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था. अधिकारियों और चीनी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार आधी रात से ठीक पहले यहां 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 700 से अधिक लोग घायल हो गए. उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण गांसू और किंघई प्रांतों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं.

## गुलामी की मानसिकता को मिटाया : शाह

- सरकार राजद्रोह को देशद्रोह में बदलने जा रही है : गृह मंत्री

एजेंसी। नयी दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि तीन आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयक गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं. शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार रूपी तीन सिद्धांत के आधार पर ये प्रस्तावित कानून लाए गए हैं.

उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि 'अगर मन इटली का है तो ये कानून कभी समझ नहीं आएगा, लेकिन अगर मन यहां का है तो समझ आ जाएगा. गृह मंत्री का कहना था कि आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है जो भारत की जनता का हित करने वाले हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने गुलामी की मानसिकता को मिटाने की दिशा में काम किया है. प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि औवनिवेशिक कानून से मुक्ति मिलनी चाहिए और इसी के तहत गृह मंत्रालय ने कानूनों को बदलने के बारे में काम करना आरंभ किया. शाह ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से सरकार ने तीनों आपराधिक कानूनों को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराया है.

## तेलंगाना का कुल कर्ज 6.71 लाख करोड़ रुपये

**हैदराबाद ।** तेलंगाना पर चालू वित्त वर्ष (2023-24) के अंत तक 6,71,757 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज होगा. प्रदेश सरकार ने बुधवार को बताया कि इसमें निगमों या संस्थानों का बिना गारंटी वाला कर्ज भी शामिल है. वित्त वर्ष 2013-14 में राज्य पर कुल 72,658 करोड़ रुपये का कर्ज था. सरकार द्वारा विधानसभा में तेलंगाना की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र पेश किया गया. बुधवार को पेश सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, बजट के अंतर्गत और बजट से हटकर उधार ली गई धनराशि का ऋण चुकाने का बोझ बहुत बढ़ गया है. इसमें सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियों का 34 प्रतिशत खर्च हो रहा है.

**कोरोना** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों की तैयारियों का जायजा लिया, सतर्कता बरतने की अपील

# सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं : मांडविया

एजेंसी । नयी दिल्ली

देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों की तैयारियों का जायजा लिया, साथ ही कोरोना वायरस के नए सामने आ रहे स्वरूप को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की. मांडविया ने राज्यों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है.

साथ ही उन्होंने राज्यों से कोविड-19 के नए मामलों, लक्षणों और उनकी गंभीरता पर निगाह रखने का अनुरोध किया ताकि उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की योजना बनाई जा सके. स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र की ओर से राज्यों को हर प्रकार का सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया और नए हालात से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहने की जरूरत है.



### खास बातें

- कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है : स्वास्थ्य मंत्री
- नए मामलों, लक्षणों व गंभीरता पर निगाह रखने का अनुरोध

### डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस के 'जेएन.1' स्वरूप को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' करार दिया

**जेनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस के 'जेएन.1' स्वरूप के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' करार दिया है. डब्यूएचओ ने साथ ही कहा कि इससे वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरा नहीं है. विश्व स्वास्थ्य निकाय ने मंगलवार को कहा कि 2020 के अंत में वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करने वाले स्वरूपों के सामने आने से बाद से डब्ल्यूएचओ ने हल्के स्वरूप को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' तथा गंभीर स्वरूप को 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' के रूप में वर्गीकृत करना शुरू किया है.

### केरल में कोविड-19 के 292 नए मामले, 3 की मौत

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 292 नए मामले सामने आये तथा तीन लोगों की जान चली गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, बुधवार को सुबह आठ बजे तक देश भर में कोविड-19 के कुल 341 मामले सामने आए, जिसमें से 292 मामले केरल से हैं. मंत्रालय के मुताबिक, राज्य में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,041 हो गई है.

### विशेषज्ञों ने लोगों से एहतियात बरतने का आह्वान किया

**सिंगापुर ।** पिछले कुछ सप्ताह में सिंगापुर में कोविड-19 के संक्रमण के मामलों में कमी आई है, लेकिन विशेषज्ञों ने लोगों से सतर्क रहने तथा एहतियात के तौर पर भीड-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने का आग्रह किया है. सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) के मुताबिक पिछले सप्ताह यहां 32,035 मामले दर्ज किए गए. इससे पिछले सप्ताह यह आंकड़ा 56,043 था.

## जल्द शुरू होगा 'चिल्लई कलां' पड़ेगी हाड़ कंपाने वाली ठंड

एजेंसी । श्रीनगर

कश्मीर में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और घाटी में 40 दिनों की भीषण सर्दी का दौर शुरू होने वाला है, जिसे चिल्लई कलां कहते हैं. जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में मंगलवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. पिछली रात यह तापमान शून्य से नीचे 3.7 डिग्री था. अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस नीचे तथा बारामुला जिले के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया.

### 'कांगड़ी' का इस्तेमाल कर रहे लोग

कश्मीर के कई इलाकों में बिजली की समस्या होने की वजह से लोगों को 'कांगड़ी' का इस्तेमाल करते देखा गया. ठंड के दिनों में जम्मू और कश्मीर के लोग ख़ुद को कांगड़ी से गर्म रखते हैं. कांगडी लकड़ी की टोकरी के अंदर रखा एक मिट्टी का बर्तन होता है, जिसमें चारकोल जलाया जाता है. कड़कड़ाती ठंड में यह एक पोर्टेबल और मूवेबल हीटर की तरह होता है, जिसे ठंड से बचने के लिए कश्मीरी ऊनी कपड़ों के अंदर रखते हैं. ख़ुद को गर्म रखने का कश्मीरियों का यह एक पुराना तरीका है.

# डीएसपीएमयू में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल स्पंदन का शुभारंभ

संवाददाता। रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में यूथ फेस्टिवल 2023 स्पंदन का शुभारंभ हुआ. यह फेस्टिवल तीन दिनों यानी 22 दिसंबर तक चलेगी. तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल में कई इवेंट्स और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा. उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डीएसपीएमयू में कई सालों से यूथ फेस्टिवल मनाया जा रहा है. पहले इसको यूथ डे के रूप में मनाया जाता था. लेकिन अब इसका नाम बदलकर यूथ फेस्टिवल कर दिया गया है.



### इंद्रधनुष रखा गया है कार्यक्रम का नाम

मारवाड़ी कॉलेज में यूथ फेस्टिवल 2023 इंद्रधनुष की शुरुआत बुधवार को हुई. फेस्टिवल 22 दिसंबर तक चलेगा. इसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग इवेंट रखा गया है. बुधवार को सभी इवेंट में कॉलेज के छात्र-छात्राएं हिस्सा लिया. पहले दिन के इवेंट में स्कीट, माइम, मेंहदी प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल है. कॉलेज स्तर पर क्वालीफाई किए छात्र विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

### इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों की छुपी प्रतिभा बाहर आती है

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में यूथ फेस्टिवल का आयोजन होने से छात्र के अंदर की प्रतिभा बाहर आती है. इसके जरिये हम बच्चों की प्रतिभा को तराशते हैं और उनको नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व बनाकर भेजते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा में और निखार आता है. यूथ फेस्टिवल का आयोजन करने करने से शिक्षक और बच्चों में मूल्य परक रिश्ता भी बनता है. आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसमें इनकी भी भागीदारी होगी.

### विद्यार्थियों का स्किल डेवलप होता है अंदर की झिझक भी दूर होती है

रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को परखकर उसे आगे के लिए तैयार करना है. बहुत सारे युवाओं में कई प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं, जो यूथ फेस्टिवल के जरिये बाहर आती है. डीएसडब्ल्यू एमएस अब्बास ने कहा कि हम लोग हर साल यूथ फेस्टिवल का आयोजन करते हैं. यह अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है. इसमें विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए एक राह दिखती है और उनका स्किल डेवलप होता है. इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर जो झिझक है, वह दूर होती है.

## आओ जानें

### 21 दिसंबर का इतिहास

- 1784- जॉन जे अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने. 1898- रसायन शास्त्री पियरे और मेरी क्यूरी ने रेडियम की खोज की.
- 1921- अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने धरना प्रदर्शन और काम रोकने को असंवैधानिक घोषित किया.
- 1923- ब्रिटेन के संरक्षित राज्य के दर्जे से मुक्त होकर नेपाल पूर्ण स्वतंत्र देश बना.
- 1931- अर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड न्यूयॉर्क वर्ल्ड अखबार में प्रकाशित हुआ.
- 1937- रंगीन चित्रों और आवाज वाली पहली कार्टून फिल्म- डिजनीस स्नो व्हाईट- का प्रदर्शन किया गया.
- 1952- सैफुद्दीन किचलू तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने.

# हिंदी में संजीव व अंग्रेजी में नीलम को मिलेगा पुरस्कार

भाषा। नयी दिल्ली

साहित्य अकादमी ने हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू समेत 24 भारतीय भाषाओं की उत्कृष्ट रचनाओं के लेखकों को बुधवार को प्रतिष्ठित वार्षिक 'साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023' से सम्मानित करने की घोषणा की. उपन्यास श्रेणी में हिंदी के लिए संजीव, अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर और उर्दू के लिए सादिक नवाब सहर को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव ने यहां बताया कि अकादमी ने नौ कविता-संग्रह, छह उपन्यास, पांच कहानी संग्रह, तीन निबंध तथा एक आलोचना की पुस्तक को पुरस्कार के लिए चुना है.

हिंदी के लिए संजीव को उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो', अंग्रेजी के लिए गौर को उनके उपन्यास 'रेक्युम इन रागा जानकी' के लिए, पंजाबी में स्वर्णजीत सवी को उनके कविता संग्रह 'मन दी चिप' के लिए और उर्दू में सहर को उनके उपन्यास 'राजदेव की अमराई' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. राव ने बताया कि कविता संग्रह के लिए विजय वर्मा (डोगरी), विनोद जोशी (गुजराती), मंशूर बनिहाली (कश्मीरी), सोरोख्खैबम गंभिनी (मणिपुरी), आशुतोष परिडा (ओड़िया), गजेसिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), अरुण रंजन मिश्र (संस्कृत) और विनोद आसुदानी (सिंधी) को पुरस्कृत किया जाएगा. सचिव ने बताया कि उपन्यास के लिए स्वपनमय चक्रवर्ती (बांग्ला), कृष्णात खोत (मराठी) और राजशेखरन (तमिल) को प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा जाएगा. उनके मुताबिक, कहानी-संग्रह के लिए प्रणवज्योति डेका (असमिया), नंदेश्वर दैमारि (बोडो), प्रकाश एस पर्येंकार (कोंकणी), टी.पतंजलि शास्त्री (तेलुगु) और तारासीन बासकी (तुरिया चंद बासकी) (संताली) को सम्मानित किया जाएगा. राव ने बताया कि निबंध के लिए लक्ष्मीशा तोल्पडि (कन्नड़), बासुकीनाथ झा (मैथिली) और युद्धवीर राणा (नेपाली) तथा आलोचना के लिए ईवी रामकृष्णन (मलयालम) को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.



साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023

### खास बातें

- 24 भाषाओं के लेखकों को किया जाएगा सम्मानित
- 12 मार्च को किया जाएगा सम्मान समारोह का आयोजन

## 138 वर्ष की हो चली कांग्रेस का 90 के दशक गिरता रहा ग्राफ

# बिहार में कांग्रेस का चुनावी शंखनाद 28 दिसंबर को

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

बूढ़ी हो चली कांग्रेस 28 दिसंबर को बिहार में 'मिशन 2024' का शंखनाद करेगी. उस दिन कांग्रेस पार्टी की स्थापना के 138 वर्ष पूरे हो रहे हैं. इस अवसर को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नागपुर में 'हम तैयार हैं' के 'युद्धघोष' के साथ महारैली का आयोजन गया गया है. नागपुर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय है भी है. इस बाबत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने पूरी ताकत लगा दी है.

पार्टी के सभी मोर्चा, विभागों व प्रकोष्ठों को पत्र लिख कर निदेश दिया गया है. कांग्रेस की विचारधारा से आमजनों को अवगत कराने की भी तैयारी है. इधर विक्षुब्ध कांग्रेसियों का कहना है कि प्रदेश कमेटी का अभी तक गठन ही नहीं हुआ है. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मदन मोहन झा भी कमेटी नहीं बना पाये थे. आर्थिक हालत खराब है सो अलग. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कार्यरत कर्मियों को वेतन के भी लाले पड़े हैं. दरअसल राज्य में अग्निपथ पर चल रही कांग्रेस के लिए मिशन 2024 किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं. लालू प्रसाद के साथ दोस्ती व राजद के साथ चुनावी गठबंधन के कारण सन 90 से लगातार अपना जनाधार खोती कांग्रेस अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है. अंदरूनी विवाद संगठन को दीमक की तरह चाट रहा है सो अलग. कांग्रेस के 'हाथ' की बिहार में इतनी शक्ति नहीं की वह अपने बूते कोई करामात दिखा सके. एक समय था जब अगड़ी जातियां कांग्रेस की वोट बैंक हुआ करती थीं. मुस्लिम और दलित वर्ग के वोटों पर भी कांग्रेस की अच्छी पकड़ थी. वहीं, रामलखन सिंह यादव, रामजयपाल सिंह यादव, बुद्धदेव सिंह और प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद और डॉ. रामराज सिंह जैसे कद्दावर नेता भी थे, जिनकी पिछड़े वर्ग के वोटरों पर अच्छी पकड़ थी. लेकिन, स्थितियां बदली गयीं और वर्तमान में कांग्रेस का बेस वोट पूरी तरह खिसक चुका है. हालात यह है कि कांग्रेस को अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिए दूसरे दलों से गठबंधन कर उस पर निर्भर रहना राजनीतिक आवश्यकता सी बन गयी है.

28 दलों के आईएनडीआईए के गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक में जिस तरीके से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और सीएम नीतीश कुमार को तवज्जो नहीं दिया गया, इससे ये लोग खासे नाराज बताये जाते हैं. बावजूद इसके 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से महागठबंधन में नौ सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने के दावे ठोके जा रहे हैं. 2019 लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने महागठबंधन की ओर से अपने नौ उम्मीदवार खड़े किये थे, जिसमें सिर्फ एक सीट किशनगंज में कांग्रेस उम्मीदवार मो. जावेद को जीत मिली थी. हालांकि पिछले प्रदर्शन को देखते हुए इसकी संभावना कम दिखती है कि महागठबंधन में कांग्रेस को नौ सीटें मिलेंगी.

जानकारों का कहना है कि यह सब राजद सुप्रीमो लालू प्रासाद ही तय करेंगे. उनका पलड़ा इतना भारी है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनसे राय परामर्श के बिना कोई बड़ा फैसला करने से हिचकते हैं. रही बात कांग्रेस की तो उनके ही सद्प्रयासों से अंततः चार-पांच सीटों पर सहमति बन सकती है. इधर पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रंजीता रंजन और अखिलेश कुमार सिंह को चुनाव मैदान में उतारे जाने की पूरी संभावना है. फिलहाल दोनों राज्यसभा के सदस्य हैं. कांग्रेस की राह में सबसे बड़ी मुश्किल पार्टी के अंदर की गुटबाजी है. जिला स्तर पर तो गुटबाजी है ही, प्रदेश स्तर पर भी पार्टी दो गुटों में बंटी है, एक गुट अखिलेश कुमार सिंह का है, वहीं दूसरा गुट अजीत शर्मा का है. कांग्रेस के 19 विधायक भी इन दो गुटों में बंटे हैं. हालांकि राहुल गांधी को ही अपना नेता मानते हैं. यह जानते हुए कि राहुल गांधी या सोनिया जी का रिमोट लालू प्रसाद के पास है. सन 90 से जबसे कांग्रेस ने लालू प्रसाद का दामन थामा है, ग्राफ गिरता ही गया है. अब तमाशा 'मिशन 2024' देखने लायक होगा.



### मिशन 2024

- 'हम तैयार हैं' के युद्धघोष के साथ नागपुर में होगी महारैली
- पूरी ताकत से तैयारी में जुटे हैं कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अखिलेश

# जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह 30 जनवरी को

### स्मृति सम्मान 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

संवाददाता। रांची

हिंदी साहित्य , क्षेत्रीय भाषा एवं कला संस्कृति के विकास के क्षेत्र में अग्रणी संस्था जयशंकर प्रसाद विचार मंच के तत्वावधान में आगामी 30 जनवरी को जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह अष्टम का आयोजन टेलीफोन भवन बीएसएनएल, शहीद चौक रांची में होगा. इस अवसर पर विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन के कार्यक्रम होंगे जिसमें साहित्यकार, विद्वान एवं प्रसिद्ध कलाकार भाग लेंगे. समारोह का विशेष आकर्षण जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान 2024 होगा. इस राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित सम्मान के तहत हिंदी साहित्य,क्षेत्रीय भाषा एवं कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित किया जाएगा. जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान 2024 के लिए सभी श्रेणियों में प्रविष्टियां आमंत्रित हैं. प्रविष्टि मंच के ईमेल jaishankarprasadvicharmanch69<bha>@</bha>gmail.com या संस्था के निबंधित कार्यालय सावित्री कुंज, मेहरा, नया टोली, मेहरा स्कूल रोड, रांची 835217 के पते पर भेजी जा सकती है. प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 10 जनवरी है. प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसकी घोषणा 20 जनवरी को की जाएगी.

# गणित ओलंपियाड में जेवीएम श्यामली के स्थित बने स्टेट टॉपर

संवाददाता। रांची

जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्र स्थित प्रज्ञ ने क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड में चौथा स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है. प्रज्ञ क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड में स्टेट टॉपर बने हैं. इस उपलब्धि के बाद उसका चयन राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के लिए किया गया है प्रज्ञ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना बेहद जरूरी है. इसके लिए हमें अपने लक्ष्य के प्रति जुनूनी बनकर आगे बढ़ना चाहिए. विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना ने स्थित प्रज्ञ को बधाई देते हुए आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं. कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन का एक मूलभूत हिस्सा है, जो गिनती से लेकर मापने तक जटिल गणनाओं तक निहित है.



## कॅरियर-काउंसिलिंग

# डेटा एनालिसिस खोलता है युवाओं के लिए कॅरियर का दरवाजा

रजनीश प्रसाद। एजुकेशन रिपोर्टर

आज का आधुनीक युग पूरी तरह से इंटरनेट पर निर्भर है. वर्तमान समय में अधिक्तर काम नेट या ऑनलाइन माध्यम से ही होता है, जो डेटा पर आधारित होता है. इसलिए डेटा एनालिसिस के क्षेत्र में स्कोप भी काफी बढ़ रहा है. डेटा एनालिसिस में कई चरण शामिल होते हैं जैसे डेटा सेट स्थापित करना, प्रोसेसिंग के लिए डेटा तैयार करना, मॉडलों को लागू करना, प्रमुख निष्कर्षों की पहचान करना और रिपोर्ट बनाना आदि.




### डेटा एनालिसिस क्यों

- इसमें एक नजर में ट्रेंड्स और रिलेशनशिप को सहज बनाने के लिए डेटा को देखने के विभिन्न तरीकों को भी शामिल किया जा सकता है.
- डेटा एनालिसिस से प्रेडिक्टिव एनालिसिस भी करने को मिलता है.
- इससे हम आने वाले ट्रेंड का भी अनुमान लगा सकते हैं.
- डेटा एनालिसिस का उपयोग अनेक में क्षेत्र में डेटा के मूल्यांकन के लिए किया जाता हैं, जैसे मेडिकल क्षेत्र, शेयर मार्केट, उद्योग क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, सामाजिक सुधार क्षेत्र, किसी योजना को लागू करने व उसके क्रियान्वयन के लिए, बिजनेस शुरू करने और बिजनेस बढ़ाने के लिए इत्यादि.

### प्रकार

- डिस्क्रिप्टिव एनालिसिस
- डायग्नोस्टिक एनालिटिक्स
- प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स
- प्रेस्क्रिप्टिव एनालिसिस

### डेटा एनालिसिस प्रोसेस

- डेटा की आवश्यकता
- डेटा को एकत्रित करना
- डेटा का स्पष्टीकरण
- डेटा एनालिसिस करना
- कम्युनिकेशन



### भारतीय यूनिवर्सिटीज

- गोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट
- एमएटीएस यूनिवर्सिटी, रायपुर
- डीआईटी यूनिवर्सिटी, देहरादून
- यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल, मुंबई
- विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी
- आईआईटी धनबाद
- आईआईएम शिलांग
- आईआईएम काशीपुर
- आईआईएम अमृतसर

### लाभ और चुनौतियां

- डेटा एनालिसिस किसी संगठन या कंपनी के लिए बेहतर निर्णय लेने, बेस्ट कस्टमर सर्विस देने, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया हैं.
- डेटा एनालिसिस से बिजनेस के लिए सही जानकारी प्राप्त कर सकते है.
- डेटा एनालिसिस करके किसी ऑर्गेनाइजेशन या कंपनी के लिए अधिक प्रॉफिट बना सकते है.
- इससे आप अधिक प्रभावी मार्केटिंग कैंपेन बना सकते है.
- एनालिसिस से आप ग्राहकों की जरूरत को समझ सकते है और ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस या प्रोडक्ट दे सकते है.
- डेटा एनिलिसिस के कारण हमें ग्राहक इंटरैक्शन सुनने, व्यवहार और रिलेवेंट जानकारी सीखने, लक्ष्यों को हासिल करने, अधिक प्रभावी एक्सनेबल इनसाइट्स बनाने और बिजनेस उतार-चढ़ाव को सिखने की क्षमता मिलती है.
- डेटा एनालिसिस के बाद बेहतर एक्शन प्लान बना सकते है.

### आवेदन प्रक्रिया

- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुनें हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### कॅरियर स्कोप

- प्रोजेक्ट मैनेजर
- लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट
- बिजनेस एनालिस्ट
- स्ट्रेटजी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया डेटा एनालिस्ट
- क्रेडिट एनालिस्ट
- प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स एक्सपर्ट
- स्टैटिसटिकल एनालिसिस
- प्रोग्रामर
- सिक्योरिटी एनालिस्ट
- डेटाबेस एनालिस्ट
- एबी टेस्टिंग एनालिस्ट
- एक्सेल एनालिस्ट

### टॉप रिक्रूटर

- एक्सेंचर
- टेबलेउ
- ओरेक्ले
- आईबीएम
- देल्ही टेक्नोलोजिज
- एमेपिकन एक्प्रेस
- फिलिफकार्ड
- टीसीएस
- गूगल
- मोर्निंग स्टा



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में शिवा साई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा, रांची- 83522 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)